जबलपुर
शुक्रवार, 31 जनवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -2
■ वर्ष : 19, अंक : 268
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 11

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**सवा लाख किए जाएंगे दीप-दान**

## ओंकारेश्वर में धूमधाम से मनाया जाएगा मां नर्मदा का जन्मोत्सव, तैयारियां पूर्ण



**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में जय मां नर्मदा युवा संगठन और ओंकारेश्वर मंदिर संस्थान द्वारा सप्त दिवसीय नर्मदा जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पंहुचकर मां नर्मदा का पूजन कर मैया को चुनरी अर्पित करेंगे।

**चाकघाट में जाम में फंसे यात्रियों की मुश्किल में कटी रात, खाना और पानी खत्म**

# आधी रात के बाद मप्र और यूपी बॉर्डर से जाम हटा, रास्ता खुला

**हरिभूमि आंखों-देखी**



**करीब 40 हजार वाहन फंसे हुए थे**

**राशन साथ लेकर चल रहे लोगों ने सड़क पर ही बनाया श्रद्धालुओं के लिए खाना**

**जिला प्रशासन ने जाम में फंसे लोगों को 10 रुपए के पैकेट की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई**

मनोज रजक ⏭सतना/रीवा

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ में श्रद्धालुओं की जान जाने के बाद मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बॉर्डर रीवा के चाकघाट में जाम में फंसे लोगों की रात मुश्किल में कटी। लोग खाना और पानी के लिए तरस गए। हालांकि, प्रशासन की मशक्कत के बाद आधी रात को किसी तरह जाम हटा और यातायात बहाल हो सका।



### तड़के पूरी तरह खुली सड़क

*गुरुवार सुबह होते-होते यातायात पूरी तरह बहाल हो गया है लेकिन उत्तर प्रदेश के घूरपुर और उसके आसपास के गांव और कस्बों में जाम लगने की खबर मिल रही है। मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात यहां पर हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे जिसमें अधिकांश श्रद्धालु दक्षिण भारत के थे। इनके अलावा मध्य प्रदेश के भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पर जाम में फंसे रहे।*

**सीएम डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के दिए निर्देश**

## मप्र के तीनों मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रु. की सहायता

> जापान से उप मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से फोन पर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान से प्रयागराज की घटना के संदर्भ में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा रीवा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर जानकारी प्राप्त की।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### पीसीसी चीफ पटवारी की कार को ट्रक ने मारी टक्कर



**भोपाल।** भोपाल-इंदौर हाइवे पर मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को बाल-बाल बच गए। उनकी कार को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा फंदा टोल टैक्स के पास सुबह करीब 10:45 बजे के आसपास हुआ। हादसे में उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था।

### अवैध शराब पर भड़के मंत्री राकेश सिंह



**जबलपुर।** प्रतिबंधित क्षेत्रों में भी शराब बिक्री के मामले में पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने एसपी को खरी खोटी सुना दी। नर्मदा जयंती की तैयारियों को लेकर चल रही बैठक में शिकायत आई। इस पर मंत्री ने कहा कि पुलिस सब जानती है...एसपी साहब! अब आप ही तय कर लीजिए कि अवैध शराब रहेगी या आपके अधिकारी।

### जवान ने पत्नी को गोली मारी, फिर खुद को उड़ाया



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया की कैपिटल कॉलोनी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सीआरपीएफ जवान ने पत्नी को गोली मारने के बाद खुद को गोली मार ली। पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद उसने डायल 100 और सीआरपीएफ कंट्रोल रूम में कॉल करके गोली मारने की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने से दोनों की मौत हो चुकी थी।

**सीएम डॉ. यादव की पैनासोनिक एनर्जी कंपनी के साथ जापान के ओसाका में हुई बैठक**

# ऊर्जा भंडारण और सस्टेनेबल बैटरी निर्माण विस्तार जापान के सहयोग से

**सीएम की जापान यात्रा**

**डॉ. यादव ने प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। इससे प्रदेश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृद्धि हो सकेगी।**



**मप्र में निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा कर दिए प्रस्ताव**

**इलेक्ट्रिक वाहनों और हाई परफॉर्मेंस बैटरी निर्माण में निवेश पर चर्चा**




**औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव सहायता देने प्रतिबद्ध: डॉ. यादव**

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पैनासोनिक एनर्जी को ऊर्जा भंडारण और सस्टेनेबल बैटरी निर्माण के लिए पीथमपुर में अपनी इकाई का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया, जिसे जापान की इस कंपनी ने स्वीकार कर लिया। डॉ. यादव ने प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। इससे प्रदेश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृद्धि हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपनी जापान यात्रा के तीसरे दिन पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पैनासोनिक के अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और सहयोग की संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई।

### मप्र के संदर्भ में मील का पत्थर साबित होगी यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश लाने और विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए जापान की यात्रा पर आया हूं। मुझे संतोष है कि जापान का रुझान अन्य देशों के साथ भारत की ओर भी बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान, आर्थिक रूप से समृद्ध देश है, जो उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग अनुशासित जीवन जीते हैं, जिससे अनेक संभावनाएं जन्म लेती हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जापान की यह यात्रा भारत, विशेष रूप से मध्यप्रदेश के संदर्भ में मील का पत्थर साबित होगी।

## पैनासोनिक ने कहा-प्रदेश सरकार का करेंगे पूरा सहयोग

डॉ. यादव ने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में नई यूनिट्स स्थापित करने पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति और पैनासोनिक एनर्जी के लिए विशेष वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इससे पैनासोनिक को मप्र में और अधिक निवेश करने के अवसर मिल सकते हैं। कंपनी के अधिकारियों ने अपनी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पैनासोनिक ने मप्र में ऊर्जा भंडारण और बैटरी निर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अपनी रुचि दर्शाते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सरकार का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

### कोबे के इंडिया क्लब में उद्योगपतियों से की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान यात्रा के तीसरे दिन कोबे शहर के इंडिया क्लब में उद्योगपतियों से मिलकर मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। मध्यप्रदेश में हो रही क्षेत्रीय कॉन्क्लेव की सफलता के बाद ग्लोबल, इन्वेस्टर्स समिट ने दुनिया के शीर्ष निवेशकों को मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित किया है।

**राज्य सरकार ने मान्यता नियम बनाए जटिल**

## प्रदेशभर में एमपी बोर्ड से संबंधित 30 हजार स्कूल रहे 'बंद'

> मान्यता नियमों के विरोध में आए निजी स्कूल, कुछ में लंच के बाद हुई छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल




मान्यता के नियम में रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त सहित अन्य नियमों के विरोध में एमपी बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों ने गुरुवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में एक दिवसीय बंद का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेशभर के करीब 30 हजार स्कूल प्रभावित हुए। हालांकि, इनमें कुछ स्कूलों ने लंच के बाद छुट्टी घोषित कर बंद का समर्थन किया।

### निजी स्कूलों की यह है मांग

*मप्र प्राइवेट स्कूल संचालक मंच के कोषाध्यक्ष मोनू तोमर ने 'हरिभूमि' को बताया कि मान्यता नियमों को लेकर यह शांति प्रदर्शन निजी स्कूलों द्वारा किया गया है। तोमर ने कहा कि मान्यता के नियम में रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त, एफडी एवं प्रतिवर्ष चार हजार के हिसाब से 12 हजार रुपए मान्यता शुल्क का विरोध निजी स्कूल कर रहे हैं।*

**सुप्रीम कोर्ट ने एडहॉक पर रखने को दी मंजूरी**

## रिटायरमेंट के बाद भी अब जज सुना सकेंगे 'फैसला'

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



■ सुप्रीम कोर्ट ने 20% रिक्त पदों की शर्त को हटाया

देशभर के हाई कोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। जिसके मद्देनजर अब सभी हाई कोर्ट को यह अधिकार मिल गया है कि वे सेवानिवृत्त जजों को एडहॉक (अस्थायी) जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कर सकते हैं। इससे पहले, अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि सिर्फ उन्हीं हाई कोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की जा सकती है जहां रिक्तियों की संख्या 20% से कम हो। लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस शर्त को हटाते हुए, उस आदेश के प्रभाव को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।

**रतलाम में शिवलिंग पर पैर रखकर रील बनाई**

## कुख्यात बदमाश पर लोगों का फूट पड़ा गुस्सा... हुई धुनाई, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭रतलाम



■ आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई केस

जिले में एक कुख्यात बदमाश ने शिवलिंग पर पैर रखकर रील बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने स्टेशन रोड थाने में इसकी शिकायत की। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने साइबर टीम की मदद से वीडियो की जांच की और आरोपी को बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया है। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के रहने वाले इमरान उर्फ सुक्खा पुत्र रियासत अली ने के रूप में पहचान की गई।

**अमेरिका और चीन के दबदबे को चुनौती देगा भारत**

## 10 महीने में लॉन्च होगा स्वदेशी एआई का मॉडल

> केंद्र ने एआई कंप्यूटिंग ईकोसिस्टम के लिए 10 हजार करोड़ रु. जारी किए

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



भारत जल्द ही अपना एआई मॉडल लॉन्च करेगा। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया कि अगले दस महीने में स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च हो जाएगा। इसके लिए 10 कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। भारत का एआई मॉडल अमेरिका और चीन के एआई मॉडल को चुनौती देगा। उन्होंने बताया कि अभी सरकारी कम्प्यूटिंग फैसेलिटी में 18693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) उपलब्ध हैं। यह एआई मॉडल चैटजीपीटी, जेमिनी और डीपसीक जैसे पॉपुलर एआई मॉडल को चुनौती देगा।

**पन्ना में जेके सीमेंट प्लांट में हादसा**

## निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने से 4 मजदूरों की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭पन्ना

*मृतकों के परिजनों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख और घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे*



**घटना के समय 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे**

जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

**सिवनी नगर पालिका सीएमओ के घर ईओडब्ल्यू का छापा**

**आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर कार्रवाई**

## पूछताछ के लिए महिला अधिकारी डेहरिया को छिंदवाड़ा ले गई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिवनी



■ पहले भी विवादों में रही हैं सीएमओ दिशा डेहरिया

सिवनी नगर पालिका परिषद की प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दिशा डेहरिया के शासकीय आवास पर गुरुवार सुबह आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने छापेमारी की। सुबह करीब 9:30 बजे पहुंची टीम पहले उन्हें नगर पालिका कार्यालय ले गई और बाद में छिंदवाड़ा के लिए रवाना हो गई। ईओडब्ल्यू के डीएसपी एबी सिंह ने बताया कि दिशा डेहरिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है, जिसके चलते यह छापेमारी की गई। वर्तमान में डेहरिया वारासिवनी नगर परिषद में कार्यरत हैं और साथ ही सिवनी नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रही हैं। जांच में सामने आया कि इससे पहले वह छिंदवाड़ा जिले की चांद नगर परिषद और हर्रई नगर परिषद में भी सीएमओ के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। बालाघाट की वारासिवनी नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ दिशा डेहरिया ने 7 जनवरी को सिवनी नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार संभाला था।

**सौरभ की लोकायुक्त रिमांड खत्म होने के इंतजार में ईडी और आयकर**

> डीआरआई की जांच में खुलासा हुआ है कि इनोवा से बरामद गोल्ड की मैन्युफैक्चरिंग स्विट्जरलैंड, दुबई और आस्ट्रेलिया की

## जांच का नया मोर्चा...गोल्ड तस्करी और मनी लांड्रिंग के मामले में 'अलग' से होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

आरटीओ का पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसका सहयोगी चेतन गौर और पार्टनर शरद जायसवाल इन दिनों लोकायुक्त की कस्टडी में 4 फरवरी तक की रिमांड पर है। लोकायुक्त उनसे छापे में बरामद प्रॉपर्टी के दस्तावेज, कैश और गोल्ड के बारे में पूछताछ कर रही है इधर, ईडी और आयकर सौरभ की रिमांड पर खत्म होने के इंतजार में बैठी हैं। 4 फरवरी को रिमांड खत्म होते ही कोर्ट के माध्यम से सौरभ की रिमांड मांगेगी। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि जांच एजेंसियां आपस में संपर्क में हैं क्योंकि मामला कहीं न कहीं एक दूसरे से जुड़ रहा है।

### पत्नी दिव्या से आयकर और ईडी पूछताछ कर चुकी



इसी मामले में सौरभ की पत्नी दिव्या से आयकर और ईडी पूछताछ कर चुकी है। वहीं, इनोवा में मिले कैश की जांच आयकर और 50 किलो गोल्ड के मामले की जांच डीआरआई यानि डायरेक्टेट और रेवेन्यू इंटेलीजेंस कर रही है। सौरभ के लोकायुक्त कस्टडी में आने के बाद आयकर विभाग ने इस संबंध में डीआरआई को पत्र लिखा है। यह मामला गोल्ड तस्करी से भी जुडा है। डीआरआई की जांच में खुलासा हुआ है कि इनोवा से बरामद गोल्ड की मैन्युफैक्चरिंग स्विटजरलेंड, दुबई और आस्ट्रेलिया की है। इसलिए, सवाल उठ रहा है कि आखिर यह गोल्ड किस तरीके से भारत में लाया गया। यह गोल्ड तस्करी कब से की जा रही थी और इसमें कोई संगठित गिरोह तो नहीं काम कर रहा था?




# रोहिणी में गरजे गृहमंत्री शाह, केजरीवाल पर किया बड़ा हमला

# आप का मतलब झूठ, फरेब और धोखा, दिल्लीवासी कमल का बटन ऐसे दबाएं जिससे शीशमहल के सारे शीशे एक झटके में ही टूट जाएं

गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं। केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा-अरविंद केजरीवाल ने यमुना की सफाई के लिए कुछ नहीं किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक रैलियों और जनसभाओं का आयोजन जारी है। इस कड़ी में केंद्र गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल ने यमुना की सफाई के लिए कुछ नहीं किया। केजरीवाल बताए यमुना में कौन सा जहर है। सवालों से बचने के लिए अब बहाने बना रहे हैं। दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।

**आप के संयोजक बहाने बनाने में नंबर वन**

*दिल्ली में आप ने हजारों करोड़ रुपए का घोटाला किया*



### केजरीवाल के भ्रष्टाचार में गया सफाई का पैसा

शाह ने गरोहिणी विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने जनता से भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। यमुना के पानी में जहर मिलाने वाले केजरीवाल के आरोप को लेकर उन्होंने पूर्व सीएम की जमकर खिंचाई की। साथ ही यमुना में डुबकी लगाने को लेकर किए अपने वादे से मुकरने को लेकर भी सवाल पूछा कि सफाई का पैसा कहां गया?

**जोर से कमल का बटन दबाएं और भाजपा को जिताएं**

शाह ने कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के 'शीश महल' के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे।

### नड्डा का आप पर वार

## केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के तोड़ दिए सारे रिकॉर्ड



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव प्रचार के सिलसिले में उत्तम नगर और शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं का मुद्दा उठाया। नड्डा ने कहा कि आप-दा सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सीसीटीवी, मोहल्ला क्लीनिक और अन्य क्षेत्रों में बड़े घोटाले किए। उन्होंने दावा किया कि शराब घोटाले से लेकर वक्फ बोर्ड और राशन वितरण तक भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ दिए गए।

### आयोग ने केजरीवाल से पूछे 5 सवाल

## जगह बताएं कहां यमुना में जहर?

चुनाव आयोग ने केजरीवाल के आरोपों पर कहा है कि वे जगह बताएं कि किस जगह पर यमुना में जहर मिला है? वे यमुना में अमोनिया की मात्रा



बढ़ने के मुद्दे को यमुना को जहरीला बनाने के उनके गंभीर आरोपों को एक साथ न मिलाए। आयोग ने कहा कि यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने के मुद्दे को नदी को जहरीला बनाने के उनके आरोप से न जोड़ें। आयोग ने केजरीवाल को हरियाणा सरकार के खिलाफ अपने आरोपों को स्पष्ट करने का एक और मौका दिया है। चुनाव आयोग ने 31 जनवरी 11 बजे तक केजरीवाल से जवाब देनो को कहा है।

### ईसी पर भड़के केजरीवाल

## राजीव कुमार को यमुना का 3 बोतल पानी भेजूंगा, पीकर बताएं

गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने कहा कि इतिहास कभी उनको माफ नहीं करेगा। केजरीवाल



ने कहा कि अगर दम है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीनों चुनाव आयुक्त यमुना का पानी पीकर दिखा दें, वे उनको बोतलें भेज देंगे। उनके पास 20 बोतलें हैं, जो उन्होंने रात को लैब में बनवाई हैं। 3 बोतलें वो राजीव कपूर के घर भी भिजवा देंगे, अगर वे पानी पीकर दिखा देंगे तो वे अपनी गलती मान जाएंगे।

**उन्हें राजनीति करनी है तो चुनाव लड़ लें**

केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें।

## राहुल ने केजरीवाल को दिया चैलेंजः केजरीवाल यहीं का पानी पीकर दिखाएं



दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बादली में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आप और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि कुछ साल पहले अरविंद केजरीवाल आए थे। मुझे याद है वह बिजली के खंबे पर चढ़ गए थे। छोटी सी गाड़ी में घूमते थे। आज वही केजरीवाल ऑटोमेटिक गाड़ी में चलते हैं। शीशमहल में रहते हैं। राहुल ने कहा कि पांच साल पहले उन्होंने कहा था कि यमुना में जाकर नहाउंगा। यमुना का पानी पियूंगा। मैं चैलेंज देता हूं आपको केजरीवाल जी आप दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पिलाते हो, यमुना का पानी छोड़ो यहां जो पानी मिल रहा है उसे पीकर दिखा दो।

**मैं भाजपा से नहीं डरता**

राहुल ने कहा कि जैसे पीएम मोदी झूठ बोलते हैं वैसे केजरीवाल भी झूठ बोलते हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। शायद केजरीवाल मोदी से भी ज्यादा चालाक हैं। मैं भाजपा से नहीं डरता। मेरा घर छीन लिया। सरकारी घर जो था वह छीन लिया। मैंने उनको चाबी दे दी और मैंने कहा मुझे तुम्हारा घर नहीं चाहिए। हम लोग मर जाएंगे लेकिन उनके साथ समझौता नहीं कर सकते। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात लोग नहीं सुनना चाहते। उन्होंने कहा कि एक विचारधारा जनता को बांटने का काम करती है।

## मालीवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर फेंका कूड़ा

दिल्ली चुनाव के बीच अब कचरे को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले



लिया है। मालीवाल पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान कूड़ा फेंकने पहुंचीं। मालीवाल ने कहा कि आज पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है। मैं यहां केजरीवाल से बात करने आई हूं। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि 'सुधर जाओ वरना जनता सुधार देगी'। मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से डरती हूं।

### खबर संक्षेप

## सैनी सरकार के खिलाफ करूंगा बड़ा अनशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज अपनी ही सरकार से खफा हो गए हैं। यहां तक कि उन्होंने किसान नेता जगजीत सिंह



डल्लेवाल की तरह अनशन करने का भी ऐलान कर दिया है। बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने हाल ही में अंबाला कैंट सदर थाने के एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। उन्होंने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को भी फोन कर कहा था कि मुझे सस्पेंशन ऑर्डर चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

## नारी तू नारायणी थीम पर स्थापना दिवस आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग अपना 33वां स्थापना दिवस कल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मनाने जा रहा है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे साथ ही आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। इस साल का विषय "नारी तू नारायणी" रखा गया है जो अहिल्यादेवी होल्कर की वीरता और नेतृत्व से प्रेरित है। यह महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने का संदेश देता है।

## मशहूर डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता तपन का निधन

**कोलकाता।** मशहूर डॉक्यूमेंट्री और एक्टिविस्ट तपन के बोस का गुरुवार को उनके घर पर निधन हो गया। 78 वर्ष की आयु में उन्होंने



अंतिम सांस ली। बोस के निधन से उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तपन के बोस ने अपने करियर में एक डॉक्यूमेंट्री निर्देशक के रूप में कई फिल्मों का निर्देशन किया है। उन्होंने 1970 के दशक के अंत में इमरजेंसी के दौरान सक्रिय हुए। वे पंजाब और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ खड़े होने वाले एक निडर वकील थे।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा सार्वजनिक सुरक्षा और लोक व्यवस्था सर्वोपरि

# आतंकवाद, मकोका आरोपी को जेल में फोन की सुविधा देने से मना करना मनमानी नहीं

दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में कहा कि आतंकवाद, मकोका और जघन्य अपराध के आरोपों का सामना कर रहे कैदियों को टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन की सुविधाओं के उपयोग की अनुमति नहीं देना मनमाना नहीं है। अदालत ने इसके लिए दिल्ली कारागार नियमों, 2018 का हवाला दिया।

### न्यायाधीश विभु बाखरु और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में कहा कि आतंकवाद, मकोका और जघन्य अपराध के आरोपों का सामना कर रहे कैदियों को टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन की सुविधाओं के उपयोग की अनुमति नहीं देना मनमाना नहीं है। अदालत ने इसके लिए दिल्ली कारागार नियमों, 2018 का हवाला दिया। पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरु और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि दिल्ली कारागार नियमों, 2018 के नियम 631 में साफ तौर पर संकेत दिया गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा और लोक व्यवस्था के हित में कैदियों को इस तरह की सुविधाओं से इनकार किया जा सकता है।

अदालत ने 16 जनवरी को पारित आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया, आतंकवादी गतिविधियों और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) एवं जन सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले अपराधों में संलिप्त किसी कैदी को टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन से नियमित बातचीत करने देने से मना करने को मनमाना या अनुचित नहीं माना जा सकता।

*अदालत ने इसके लिए दिल्ली कारागार नियमों, का हवाला दिया*

*नियमित बातचीत करने की सुविधा कभी नहीं दी गई*



### जेल में कैदियों को दी गई थी कॉल की सुविधा

मकोका के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद कैदी सैयद अहमद शकील की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में, नियम 631 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि प्राधिकारों ने कैदियों को फोन कॉल की सुविधा को रेगुलेट करने के लिए 2022 में एक परिपत्र जारी किया था। हालांकि, 2024 के परिपत्र के जरियए यह सुविधा पूर्व में अनुमति दी गई हफ्ते में पांच कॉल के बजाय हफ्ते में केवल एक कॉल तक सीमित कर दी गई।

### वकील की दलील- हफ्ते में दी केवल एक कॉल की अनुमति

वकील ने कहा कि अन्य कैदियों या विचाराधीन कैदियों को दिन में केवल एक कॉल करने की सुविधा प्रदान की गई। वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता को भी हफ्ते में पांच कॉल की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन नियम के मुताबिक इसे हफ्ते में केवल एक कॉल तक सीमित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2024 के बाद याचिकाकर्ता परिवार से संपर्क नहीं कर सका है और दलील दी कि यह भेदभाव मनमाना और अनुचित है। अदालत ने जेल अधिकारियों को नोटिस जारी किया और सुनवाई एक अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

### अपराधी सुविधाओं के हकदार नहीं

दिल्ली कारागार नियमों के नियम 631 के दायरे में सरकार के खिलाफ अपराध, आतंकवादी गतिविधियां, मकोका, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका), जन सुरक्षा अधिनियम और अन्य जघन्य अपराधों में कथित रूप से शामिल लोग आते हैं। इस नियम के अनुसार इस तरह के अपराधों में कथित तौर पर संलिप्त लोग टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन की सुविधाएं पाने के हकदार नहीं होंगे।

### जेल विभाग के पास फैसले लेने का अधिकार

अदालत ने कहा कि यह नियम जेल अधीक्षक को उपमहानिरीक्षक (रेंज) की पूर्व अनुमति के आधार पर मामलों में उपयुक्त फैसले लेने के लिए सशक्त करता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह, ये सुविधाएं उस स्थिति में दी जा सकती हैं जब जन हित और लोक सुरक्षा खतरे में नहीं हो। अदालत ने कहा कि ऐसे मामले, जहां संचार सुविधाएं प्रदान करना सार्वजनिक सुरक्षा और लोक व्यवस्था के हित में हानिकारक नहीं माना जाता, नियम में उल्लिखित अपराधों में संलिप्त कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

### दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

## 8 लाख और शराब के साथ 'पंजाब सरकार' की कार जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 'पंजाब सरकार' लेबल वाली एक गाड़ी को नकदी, शराब और आप के पर्चे के साथ पकड़े जाने के बाद मामला दर्ज किया है।पंजाब सरकार ने इस मामले को लेकर कहा कि कार पर फर्जी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगी थी और वह पंजीकृत मॉडल से अलग थी। पुलिस ने यह भी बताया कि बुधवार को कार बरामद की गई जिसमें से बड़ी मात्रा में नकदी और शराब थी। अधिकारी ने बताया कि कार पर 'पंजाब सरकार' का स्टिकर लगा था और कार में आप के पर्चे भी मिले। गाड़ी दिल्ली में कोपरनिकस मार्ग पर पंजाब भवन के बाहर खड़ी



मिली। तलाशी लेने पर कार के अंदर 8 लाख रुपये की नकदी, पंजाब की मुहर लगी शराब की बोतलें और आप के पर्चे मिले। इस समय लोगों को 50,000 से अधिक नकद लेकर चलने पर रोक है। तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। कार मेजर अनुभव शिवपुरी के नाम पर पंजीकृत है।

### आप ने किया बड़ा दावा

## सीएम मान के कपूरथला आवास पर चुनाव आयोग ने मारा छापा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। राजनीतिक दलों के नेता अपने एजेंडे को वोटर्स तक पहुंचाने में जुटे हैं। नेताओं के बीच जुबानी जंग भी चरम पर है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इस बीच, सत्तारूढ़ आप के दावे ने सनसनी फैला दी है।



आप ने दावा किया है कि चुनाव आयोग की टीम ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर छापा मारा है। सीएम मान इन दिनों पार्टी प्रत्याशियों के लिए दिल्ली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आप की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लेकर बड़ा दावा किया है। दावे के अनुसार मान के दिल्ली स्थित सरकारी निवास पर ईसी की टीम ने रेड मारी है।आप ने दावा किया कि चुनाव आयोग की टीम सीएम मान के कपूरथला हाउस की तलाशी लेने पहुंची। मान पार्टी के एजेंडे को जनता तक पहुंचाने का भी प्रयास कर रहे हैं। मान दिल्ली में कपूरथला हाउस में ही रुकते हैं।

### शाह की अध्यक्षता में समिति का फैसला

## राज्यों में आपदा शमन के लिए 3027.86 करोड़ की दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राज्यों में आपदा शमन के लिए 3027.86 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। सबसे अधिक सूखा प्रभावित 12 राज्यों को 2022.16 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजना को भी मंजूरी दी। आपदाओं के दौरान जानमाल और जैव विविधता को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए राज्यों को 24,981 करोड़ की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। शाह ने 19 राज्यों के उच्च प्राथमिकता वाले 144 जिलों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं कम करने के उद्देश्य से व्यय 818.92 करोड़ की लागत के वन अग्नि प्रबंधन के लिए शमन परियोजना को भी मंजूरी दी है। इसके साथ हीं बिजली गिरने और सूखा प्रभावित 49 जिलों को उत्प्रेरक सहायता प्रदान करने पर विचार किया।

### पीएम मोदी का स्पेशल वीडियो अक्षय कुमार ने किया शेयर

# प्रधानमंत्री ने रोजाना एक्सरसाइज के कई फायदे बताए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी का एक खास वीडियो अपने सोशल मीडिया पर गुरुवार को शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर तेज से वायरल हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने रोज एक्सरसाइज करने के अनगिनत फायदों के बारे में बताया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मोटापे से लड़ने के लिए सबसे बड़े हथियार कौन से हैं। बॉलावुड के खिलाड़ी कुमार ने इस वीडियो को शेयर करते हुए हर बार की तरह एक बार फिर से सभी को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने को कहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वजह से लोगों में हार्ट और डायबिटीज की समस्या भी बढ़ रही है। स्वस्थ रहने के लिए प्रधानमंत्री ने लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की बात भी की है।

### अच्छा लगा प्रधानमंत्री ने दी ये सलाह लाइफस्टाइल में बदलाव करना जरूरी

**हेल्दी फूड खाने के लाभ भी गिनाए**



पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं देशवासियों से कहूंगा कि वे दो चीजों पर जरूर ध्यान दें। ये दो चीजें, एक्सरसाइज और डाइट से जुड़ी हैं। हर दिन, एक्सरसाइज जरूर करिए। दूसरा ये कि अच्छी डाइट पर फोकस कीजिए। अपने खाने में अनहेल्दी फैट, तेल को थोड़ा कम करें। इसे आप हेल्दी रहेंगे।' साथ ही ये वीडियो शेयर करते हुए अक्षय ने मोदी की तारीफ भी की। वहीं बात करें अक्षय कुमार की तो वह हमेशा ही लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए ऐसी टिप्स देते रहते हैं।

### पीएम मोदी ने बताए मोटापे से लड़ने के तरीके

अक्षय ने लिखा, 'कितना सच है!! मैं यह सालों से कह रहा हूं... मुझे अच्छा लगा कि प्रधानमंत्री ने खुद इसे इतने सटीक ढंग से बताया है। स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। मोटापे से लड़ने के लिए सबसे बड़े हथियार'

*1. पर्याप्त नींद*
*2. ताजी हवा और सूरज की रोशनी*
*3. प्रोसेस्ड फूड नहीं, कम तेल। खाने में देसी घी को शामिल करें और सबसे महत्वपूर्ण बात... चलें, चलें, चलें। कुछ भी टाइप का वर्कआउट करो पर करो तो सही।*

# न्यायिक जांच आयोग ने शुरू किया अपना काम, मुख्य सचिव और डीजीपी पहुंचे

» महाकुंभ भगदड़ मामला

» यूपी सरकार का फैसला, मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित वीवीआईपी पास भी किए रद्द

» संगम नोज पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग करेगा

» भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दल तैनात

एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर (प्रयागराज)/ लखनऊ

प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार की भोर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत की घटना की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग ने गुरुवार को अपना काम शुरू कर दिया। आयोग के तीनों सदस्य लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया, क्योंकि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है।

हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फिर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि वह जल्द ही प्रयागराज का दौरा करेंगे। वहीं, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार प्रयागराज पहुंच चुके हैं। बता दें, सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी.के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी।

महाकुंभ 2025

### मेला क्षेत्र में लगी आग कोई जनहानि नहीं

प्रयागराज महाकुंभ मेला में भगदड़ के एक दिन बाद गुरुवार को आग लग गई। मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में कई पंडाल जल गए। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। जहां आग लगी है, वहां पब्लिक नहीं थी, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई है। सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे।



> महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ की जांच के लिए गठित आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया कि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फिर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। वह जल्द ही प्रयागराज का दौरा करेंगे



लाखों की तादात में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को डुबकी लगाई



**4 फरवरी तक चार पहिया वाहनों का प्रवेश बंद**

महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के बाद राज्य सरकार ने पांच मुख्य बदलाव किए हैं, जिन्हें प्रशासन ने लागू कर दिया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों को सख्त वर्जित कर दिया गया है और पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन में तब्दील कर दिया गया है। मेला क्षेत्र में वीवीआईपी पास को रद्द कर दिया गया है। किसी भी स्पेशल पास वाहनों को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की गई है।

### अर्धकुंभ का संचालन करने वाले अधिकारी पहुंचे प्रयागराज

*मेला क्षेत्र में भीड़ को अच्छे से मैनेज करने के लिए आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने का निर्देश दिया गया है। दोनों नौकरशाहों ने विजय किरण के साथ 2019 अर्धकुंभ के सफल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस आयोजन के दौरान भानु गोस्वामी ने जिला मजिस्ट्रेट और कुंभ मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जबकि आशीष गोयल प्रयागराज के आयुक्त थे, जो प्रबंधन की देखरेख करते थे। इसके अतिरिक्त, बड़े पैमाने पर आयोजनों को संभालने में पिछले अनुभव वाले पांच विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों को महाकुंभ संचालन में सहायता के लिए नियुक्त किया गया है।*

### कोर्ट में याचिका दायर



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर कर महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देशों और नियमों के कार्यान्वयन की मांग की गई है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और अनुच्छेद 21 के तहत समानता व जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की गई है।

### संसद में उठाएंगे मामला



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस धार्मिक आयोजन के ''सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े वीआईपी लोगों की सभा बनने'' के मुद्दे को उठाएगी। महाकुंभ में भगदड़ को लेकर संसद में चर्चा की विपक्ष की मांग पर केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मुद्दों पर निर्णय कार्य मंत्रणा समिति करेगी।

### अतिरिक्त ट्रेनें चलाईं



**गोरखपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ अब ट्रेनों में बढ़ गई है। इसे देखते हुए प्रयागराज-रामबाग और झूसी स्टेशनों से एनईआर में 30 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। इसमें गोरखपुर आने वाली 19 ट्रेनें शामिल हैं। छपरा, भटनी और देवरिया सदर के लिए भी कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। महाकुंभ में भगदड़ की घटना के बाद रेलवे में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। कुंभ स्पेशल के गुजरने वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त फोर्स लगा दी गई है।

---

## खबर संक्षेप

### धार्मिक ग्रंथ जलाने वाले मोमिका की हत्या



**स्टॉकहोम।** स्वीडन में धार्मिक ग्रंथ जलाने वाले सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सलवान इस्लाम धर्म के आलोचक थे। 38 वर्षीय मोमिका को बुधवार रात स्टॉकहोम के पास सॉडेटेलिए इलाके में गोली मारी गई थी। साल 2023 में ईद के मौके पर धार्मिक ग्रंथ को जलाया था।

### स्थाई तौर पर स्वरा का एक्स अकांउट बंद



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट के स्थाई बंद होने पर अपना रोष प्रगट किया। ये पोस्ट मिनटों में वायरल हो गया। स्वरा ने इंस्टाग्राम पर एक इमेज शेयर की। जिस पर लिखा है कि ट्विटर ने मेरा अकाउंट पर्मानेंटली बंद कर दिया है।

### हमास ने 8 बंधक और इजराइल ने 110 छोड़े



**नई दिल्ली।** गाजा में युद्ध विराम लागू होने के बाद गुरुवार को हमास ने 8 बंधकों को छोड़ा जिनमें 3 इजराइली और 5 थाई शामिल हैं। इजराइल ने इसके बदले 110 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया इनमें 30 ऐसे हैं, जो इजराइल के खिलाफ खतरनाक हमलों का दोषी पाए जाने के बाद उम्र कैद की सजा काट रहे थे।

---

## अमेरिका में भीषण हादसा, सैन्य हेलीकॉप्टर से टकराया विमान

# सभी 67 लोगों के मारे जाने की आशंका, अब तक 30 शव किए बरामद, राष्ट्रपति ट्रंप ने उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी एयरलाइंस अमेरिकी ईगल्स का एक विमान बुधवार की रात करीब नौ बजे वॉशिंगटन डीसी में पोटोमैक नदी के ऊपर एक सैन्य हेलिकॉप्टर से हवा में टकरा गया। हादसे के वक्त विमान में 64 लोग सवार थे। हादसे का वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि विमान और हेलीकॉप्टर की हवा में सीधे टक्कर हुई और तेज धमाके के साथ दोनों नदी में गिर गए। अभी तक 30 शव नदी से बरामद हो चुके हैं। एयरलाइंस का विमान कंसास से वॉशिंगटन आ रहा था। जब विमान लैंड करने वाला था, उसी दौरान विमान अमेरिकी सेना के ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया।

सेना का हेलीकॉप्टर उस वक्त परीक्षण उड़ान पर था और उसमें तीन सैनिक सवार थे। विमानन कंपनी 'अमेरिकन एयरलाइंस' के मुताबिक, विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। हादसे के बाद से वॉशिंगटन डीसी के रोनाल्ड रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर सभी उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। फिलहाल नदी में हादसे में हताहत हुए लोगों की तलाश की जा रही है। अभी तक एक भी जीवित व्यक्ति नहीं मिला है और हादसे की भयावहता को देखते हुए इसकी उम्मीद कम ही है।

1 विमान में 60 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सवार थे

2 सैन्य हेलिकॉप्टर में सवार 3 जवान की मौत की पुष्टि हुई

अमेरिकी एयरलाइंस अमेरिकी ईगल्स का विमान कंसास से वॉशिंगटन आ रहा था। जब विमान लैंड करने वाला था, उसी दौरान विमान अमेरिकी सेना के ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। सेना का हेलीकॉप्टर उस वक्त परीक्षण उड़ान पर था और उसमें तीन सैनिक सवार थे। विमानन कंपनी के मुताबिक, विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे।

### बचाव नौकाएं नदी में उतरीं

एक अधिकारी ने बताया कि यात्री विमान से टकराए सैन्य हेलिकॉप्टर ने प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी। इसमें तीन जवान सवार थे, जिनके मरने की पुष्टि हो चुकी है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हेलिकॉप्टर जीवित लोगों की तलाश एवं बचाव के लिए घटनास्थल के हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहे हैं। हवाई अड्डे के ठीक उत्तर में जॉर्ज वॉशिंगटन पार्कवे के पास स्थित एक स्थान से बचाव नौकाओं को पोटोमैक नदी में उतारा गया है।



### पीएटी25 क्या आपके पास सीआरजे दिख रहा

अमेरिकी गृह मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए तटरक्षक बल सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार रात लगभग नौ बजे हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। दुर्घटना के समय हवाई यातायात नियंत्रण टावर से प्राप्त ऑडियो में एक नियंत्रक को यात्री विमान के संदर्भ में हेलीकॉप्टर के पायलट से पूछते हुए सुना गया कि पीएटी25 क्या आपके पास सीआरजे दिख रहा है।

### दोनों विमान नदी में गिरे

वाशिंगटन डीसी मेयर म्यूरियल बोसर ने कहा कि दोनों विमान नदी में गिर गए हैं। हमारा ध्यान लोगों को बचाने पर है। हमारे सभी कर्मचारी इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम केवल यह पुष्टि कर सकते हैं कि प्रत्येक विमान में कितने लोग सवार थे। अमेरिकन एयरलाइंस के विमान में 64 लोग और सैन्य हेलीकॉप्टर में 3 लोग। चीफ डीसी फायर और ईएमएस चीफ जॉन डोनेली ने कहा कि चुनौतियां बहुत ज्यादा हैं। हम जिस पानी में काम कर रहे हैं, वह लगभग 80 फीट गहरा है।

### हेलिकॉप्टर ने रास्ता क्यों नहीं बदला?



*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हादसे पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'विमान अपने तय रूट पर था और एयरपोर्ट जा रहा था। हेलिकॉप्टर भी सीधे विमान की तरफ उड़ान भर रहा था। मौसम भी साफ था और विमान की लाइटें भी जल रहीं थी फिर हेलिकॉप्टर ने अपना रास्ता क्यों नहीं बदला और ऊपर या नीचे क्यों नहीं हुआ? कंट्रोल टावर ने भी हेलिकॉप्टर को क्यों विमान के बारे में जानकारी नहीं दी। ये खराब स्थिति है और ऐसा लगता है कि इस हादसे को रोका जा सकता था। ये ठीक नहीं हुआ।*

---

## विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर बोले

# भारत और यूएस के बीच मजबूत संबंध, ट्रंप एक अमेरिकी राष्ट्रवादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शिरकत की। अब उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। जहां दोनों नेताओं की मुलाकात होगी। इस बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर खुलकर बात की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में एक संवाद सत्र के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप को 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' बताया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध हैं। उन्होंने वैश्विक कूटनीति की बदलती प्रकृति और भारत के दृष्टिकोण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैंने हाल ही में उनके शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। हमें अच्छा व्यवहार मिला। मेरा मानना है कि वह एक अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं।

**ट्रंप की नीतियों से वैश्विक मामलों में अहम बदलाव आ सकता**

### वैश्विक नीतियों में आएगा बदलाव

जयशंकर ने यह माना कि ट्रंप की नीतियों की वजह से वैश्विक मामलों में अहम बदलाव आ सकता है। मगर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित पर आधारित रहेगी। उन्होंने कहा कि हां, ट्रंप बहुत सी चीजों को बदलेंगे, हो सकता है कि कुछ चीजें सिलेबस से बाहर हों। हमें देश हित में विदेश नीतियों को सिलेबस से बाहर भी चलाना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर हम अलग हो सकते हैं, मगर कई क्षेत्र ऐसे होंगे, जहां चीजें हमारे दायरे में होंगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंधों पर जोर दिया।

### » दुनियाभर में बढ़ा भारत का प्रभाव

डॉ. जयशंकर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव पहले से काफी बढ़ा है। दुनियाभर में देश के बारे में लोगों की धारणाओं में भी बदलाव आ रहा है। अब तो गैर-भारतीय भी खुद को भारतीय कहते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें विमान में कहीं सीट मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नौकरशाह बनूंगा। राजनीति में मेरा प्रवेश संयोग से हुआ। दूसरे शब्दों में इसे भाग्य कहें या मोदी कहें। उन्होंने अपने राजनीति में आने का श्रेय पीएम मोदी को दिया।

---

## हिंदू जनजागृति समिति ने की मुंबई सहायक पुलिस आयुक्त को शिकायत

# हिंदुओं को परेशान करनेवाली तीस्ता और सीजेपी संस्था पर करें कानूनी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई



हिंदू संगठनों, नेताओं और हिंदू जनजागृति समिति के विरुद्ध झूठी शिकायतें दर्ज कर पुलिस तंत्र के दुरुपयोग करनेवाली तीस्ता सीतलवाड़ और उनकी संस्था 'सिटिज़न्स फॉर जस्टिस एंड पीस' (सीजेपी) के विरोध में कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग हिंदू जनजागृति समिति ने की है। इस संबंध में मुंबई के सहायक पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी को शिकायत सौंपी गई। इस दौरान समिति के मुंबई जिला समन्वयक बलवंत पाठक ने कहा कि सीजेपी संस्था द्वारा हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों और नेताओं के विरोधमें झूठी शिकायतों की एक श्रृंखला खड़ी कर समाज में वैमनस्यता फैलाई जा रही है।

### पहले भी लगे हैं गंभीर आरोप

समिति ने बताया कि तीस्ता सीतलवाड़ पर पहले से ही गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें अदालत में झूठे सबूत प्रस्तुत करना, गवाहों को गलत गवाही देने के लिए उकसाना, आर्थिक अनियमितताएं और विदेशी फंडिंग में उनकी संस्था की हिस्सेदारी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि हिंदू संगठनों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी शामिल है। हिन्दू जनजागृति समिति की गतिविधियों के कारण कभी भी कानून और व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शिकायत की प्रति महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री, गृह सचिव और माहिम पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को भी भेजी गई है।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर लगाई फटकार



न्यायाधिकरण के फैसले को केंद्र ने दी चुनौती

# कहा- भारी जुर्माना लगाएंगे, रिटायर्ड जवानों को कोर्ट में क्यों घसीटा जा रहा?

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नीति बनाने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेवानिवृत्त सैनिक की विकलांगता पेंशन के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ऐसी ओछी याचिकाएं दाखिल करके सशस्त्र बलों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता। पीठ ने केंद्र से पूछा कि क्या आप नीति बनाने को तैयार हैं।

### हमें लगा, अपील निरर्थक नहीं

अगर नीति बनाने को तैयार नहीं हैं तो हमें जब भी लगेगा कि अपील निरर्थक है तो हम भारी जुर्माना लगाना शुरू करेंगे। गुरुवार को केंद्र सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस याचिका में केंद्र ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एक सेवानिवृत्त रेडियो फिटर को विकलांगता पेंशन प्रदान की है।

### केंद्र को विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए

*न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से विकलांगता पेंशन से राहत पाने वाले सशस्त्र बलों के हर सदस्य को शीर्ष अदालत में घसीटने की जरूरत नहीं है। केंद्र को अपील दायर करने में विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। पीठ ने कहा कि याचिका में कुछ व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए। एक सैन्यकर्मी 15- 20 साल तक काम करता है। मान लीजिए कि वह कुछ विकलांगता से ग्रस्त है और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश में विकलांगता पेंशन के भुगतान का निर्देश दिया जाता है। तो इन लोगों को सुप्रीम कोर्ट में क्यों घसीटा जाना चाहिए?*

### यहां आने से पहले जांच पड़ताल करें

पीठ ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को एक नीति बनाना चाहिए। इतना ही नहीं सशस्त्र बलों के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट में घसीटने का निर्णय लेने से पहले कुछ जांच पड़ताल भी की जानी चाहिए।



# रॉटरडैम में दिखाई जाएगी 'बैड गर्ल'

**मुंबई।** अनुराग कश्यप की फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर बीते दिनों रिलीज हुआ और रिलीज के साथ ही इस पर विवाद शुरू हो गया। फिल्म निर्माता निर्माता मोहन जी ने अनुराग कश्यप पर ब्राह्मणों को 'बदनाम' करने जैसा आरोप लगाया है। अनुराग कश्यप के बचाव में अभिनेत्री शांति प्रिया आई हैं। मगर, दर्शकों का एक वर्ग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा है। हालांकि, अभी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। बता दें कि यह फिल्म 54वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल रॉटरडैम में दिखाई जाने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन वर्षा भरत ने किया है। यह फिल्म फेस्टिवल के टाइगर कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने जा रही है।



लाइफ Style

# रश्मिका

## सलमान के साथ फिर बनेगी जोड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ 'छावा' में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। एआर मुरुगादॉस निर्देशित 'सिकंदर' के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि 'सिकंदर' के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और 'पुष्पा 2: द रूल' में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ 'टाइगर 3' में देखा गया था। इसके बाद अब वह 'सिकंदर में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी। रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म 'छावा' रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखें

**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन मैडोना ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि यह नई सरकार धीरे-धीरे उन स्वतंत्रताओं को खत्म कर रही है जिनके लिए हम वर्षों से संघर्ष कर रहे थे। पॉप आइकन मैडोना ने ट्रांसजेंडर लोगों से सुरक्षा हटाने और विविधता, समानता और समावेश के प्रयासों को समाप्त करने के फैसले के लिए नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। मैडोना ने नागरिकों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की है।



# एवेंजर्स एंडगेम ने दुनियाभर में कमाए थे 18970 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की कुछ ही फिल्में होती हैं, जो दर्शकों के दिलों जगह बना पाती हैं। वहीं बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात की जाए तो 100 या 200 करोड़ का आंकड़ा भारत में पार हो पाता है। लेकिन साल 2019 में आई फिल्म एवेंजर्स एंडगेम ने ना सिर्फ भारत में 350 करोड़ का आंकड़ा पार किया। जबकि कलेक्शन के मामले में 2023 में आई जेलर, लियो और 2014 में आई आमिर खान की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर पीके को भी पीछे छोड़ दिया। इतना ही नहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म ने 18970 करोड़ रुपए की कमाई दुनियाभर में हासिल की। वहीं, फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर भी काफी पसंद किया जाता है। यह 2018 में आई एवेंजर्स इनफिनिटी वॉर का सीक्वल है और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 22वीं फिल्म है।



# पैपराजी से परेशान दिखीं सारा अली

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान हाल ही में मुंबई की सड़कों पर नजर आईं। इस दौरान वह कैमरे से बचती नजर आईं, जब पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा तो उन्होंने झट से मना कर दिया। सारा के इस बर्ताव पर अब नेटिजेंस उन्हें करीना कपूर के साथ कम्पेयर कर रहे हैं। सारा अली खान अक्सर पैपराजी के सामने खुशी से पोज देती नजर आई हैं, लेकिन ना जाने अब ऐसा क्या हो गया है कि वह पैपराजी को अवॉइड करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर आए इस वीडियो में सारा पैपराजी द्वारा उनका पीछा किए जाने पर काफी अनकंफर्टेबल दिखीं। कैमरे के सामने हमेशा मुस्कुराती नजर आने वाली अभिनेत्री सारा को जिम सेशन के बाद शहर में देखा गया। इस दौरान जब पैपराजी ने उन्हें तस्वीर के घेरा तो वह परेशान दिखीं।



# 'स्पिरिट' की शूटिंग मई में होगी शुरू...

**मुंबई।** प्रभास की आगामी फिल्म स्पिरिट की शूटिंग को लेकर जानकारी सामने आ रही है। फिल्म की शूटिंग मई में शुरू होगी। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। प्री-प्रोडक्शन का काम पूरे जोरों पर है। स्पिरिट प्रभास की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। संदीप ने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और अपने विजन की तैयारी कर रहे हैं। संदीप रेड्डी वंगा की यह फिल्म पुलिस थ्रिलर शैली पर आधारित होगी। एक्शन से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। स्पिरिट की शूटिंग 2025 में शुरू हो जाएगी और 2026 में फिल्म रिलीज हो जाएगी। कबीर सिंह और एनिमल के बाद यह फिल्म संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार के बीच तीसरी सहयोग फिल्म है। निर्देशक ने एक साल में फिल्म की शूटिंग करने की योजना बनाई है।

टीवी मसाला



# समय रैना ने बिग बी से मांगा 'प्रॉपर्टी में हिस्सा'

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे नामी क्विज शो में से एक है। शो में कई लोग आए जो अपने ज्ञान से झटके में लखपति और करोड़पति बने और अपने सपनों को पूरा किया। शो में कई बार सेलिब्रिटी गेस्ट भी आते हैं। इस बार शो में यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना, तन्मय भट्ट और भुवन बाम 'कौन बनेगा करोड़पति' में नजर आने वाले हैं। शो में वो अमिताभ बच्चन संग मस्ती करते दिखेंगे। इस बीच शो का प्रोमो जारी किया गया। प्रोमो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. ।अब कॉमेडियन आएं और मजाक-मस्ती न हो ऐसा कैसे हो सकता है। शो में समय रैना, तन्मय भट्ट, भुवन बाम और काम्या जानी मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। शो का प्रोमो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें कॉमेडियन समय रैना अपने मजाकिया अंदाज में अमिताभ बच्चन संग मस्ती करते दिखे। बता दें कि समय रैना सोशल मीडिया का जाना माना नाम हैं। उनकी 'हाजिर जवाबी' से तो हर कोई वाकिफ है। शो में समय रैना अमिताभ से उनका फेमस डायलॉग रिश्ते में तो हम तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है शहंशाह बोलने के लिए कहते हैं। अमिताभ ये बोलते भी हैं तो इस पर समय का हाजिर जवाब सभी को हैरान कर गया और अमिताभ बच्चन खुद को हंसने से नहीं रोक पाए। समय कहते हैं, 'आपने बेटा बना ही दिया है तो प्रॉपर्टी में थोड़ा हिस्सा भी दे दीजिए।'

## 'अनुपमा' और 'उड़ने की आशा' के बीच कड़ी टक्कर ...

**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में इस बार कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। इस बार रुपाली गांगुली का शो अनुपमा नंबर 1 पर आ गया है। अनुपमा टीवी का पॉपुलर शो है। हालांकि, पिछले कुछ समय से शो पीछे चल रहा था। पिछले चार हफ्ते से उड़ने की आशा नंबर वन शो था. पर अब अनुपमा नंबर वन गया है और उड़ने की आशा नंबर 2 पर आ गया है। लेकिन दोनों की टीआरपी में .1 का ही फर्क है। बहुत ज्यादा डिफरेंस नहीं है। अनुपमा को इंटरेस्टिंग बनाने के लिए मेकर्स ने नई कास्ट इंट्रोड्यूस की थी। शो की टीआरपी को इसका थोड़ा सा फायदा दिखता नजर आया है। तीसरे नंबर पर गुम हैं किसी के प्यार में आ गया है। इस शो में अब जल्द ही तीसरी जेनरेशन की कहानी नजर आने वाली है।



# वो कौन था जिसकी वजह से मीना कुमारी और मधुबाला बन गई थीं कट्टर दुश्मन?

**नई दिल्ली।** मधुबाला और मीना कुमारी दोनों ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की महान अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। भले ही अब वे दोनों इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन अपने पीछे छोड़ गई हैं कई कालजई फिल्में। अपने शानदार अभिनय प्रतिभा के कारण वे दोनों हिंदी सिनेमा के इतिहास में अमर हो गईं और सदियों तक याद की जाती रहेंगी। मधुबाला और मीना कुमारी अपनी अद्भुत सुंदरता के लिए जानी जाती थीं। लेकिन, कम ही लोगों को पता होगा कि करोड़ों दिलों की मल्लिका इन दोनों अभिनेत्रियों के बीच कुछ समानताए भी थीं। दोनों अपने समय की सुपरस्टार थीं, लेकिन दोनों की पर्सनल लाइफ बेहद दुखद थी। कहा जाता है कि दोनों के बीच में एक सख्श ऐसा था, जिनसे दोनों ही मोहब्बत कर बैठीं और वहीं दोनों के बीच दुश्मनी की वजह बना। बता दें कि 1949 के आसपास मधुबाला और मीना कुमारी के पति कमाल अमरोही के साथ अफेयर की अफवाहें थीं। इस बात को जानने के बावजूद कि कमाल अमरोही पहले ही मीना कुमारी से शादी कर चुके हैं। मधुबाला उनसे शादी करना चाहती थीं। मधुबाला चाहती थीं कि कमाल अपनी पत्नी को तलाक दे दें और उनसे शादी कर लें। रिपोर्ट्स की मानें तो जब मीना को इसके बारे में पता चला, तो उन्होंने मधुबाला को पीटना चाहा था।

***कांटों के बिस्तर से कम नहीं थी जिंदगी :*** 'ट्रेजेडी क्वीन' के नाम से मशहूर मीना कुमारी की असल जिंदगी कांटों के बिस्तर से कम नहीं थी। गरीबी के कारण उनके जन्म के ठीक बाद उनके पिता ने उन्हें एक अनाथालय के दरवाजे पर छोड़



दिया था।. बाद में रोती हुई मीना को वह वापस ले गए। बड़ी होने के बाद पिता से बगावत करके फिल्म निर्माता कमाल अमरोही के साथ मीना कुमारी ने शादी की। कमाल पहले से 3 शादियां कर चुके थे। कमाल से रिश्ता उनके लिए किसी दर्दनाक जेल से कम नहीं था। जहां उन्हें न केवल बेवफाई, बल्कि घरेलू हिंसा का भी सामना करना पड़ा था। वह शराब पीने लगीं और बीमार रहने लगीं। जब वह अस्पताल में थीं तो कमाल उन्हें छोड़ कर भाग गए थे। उनके पास अस्पताल का बिल देने के लिए भी पैसे नहीं थे। कम उम्र में ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

***दिलीप कुमार से करती थीं बेइंतहा मोहब्बत :*** वहीं, मधुबाला की कहानी भी कुछ मीना कुमारी जैसी ही थी। मधुबाला के कुल आठ भाई बहन थे। घर का खर्च चलाने के लिए वह कम उम्र में ही काम करने लगीं। उन्हें दिल की बीमारी थी। इसके बावजूद वह लगातार काम करती रहीं। वह दिलीप कुमार से बेइंतहा मोहब्बत करती थीं। लेकिन, उनकी शादी नहीं हो पाई। बाद में उन्होंने किशोर कुमार से शादी की, लेकिन बीमारी में किशोर कुमार ने उन्हें तन्हा छोड़ दिया। कम उम्र में ही मधुबाला ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।

# सड़क पर आदिमानव बनकर भटक रहा ये सुपरस्टार....



**मुंबई।** वायरल वीडियो में एक आदमी आदिमानव जैसे कपड़े पहने, लंबे बाल, लंबी दाढ़ी के साथ मुंबई की सड़कों पर इधर-उधर भटकता नजर आ रहा है। इसकी हालत ऐसी है कि वो कौन है ये पहचानना भी मुश्किल लग रहा है। ये आदमी बग्गी खींचता भी दिख रहा है और लोग इसे कोई आम इंसान समझकर इग्नोर करके जाते नजर आ रहे हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि आदिमानव के भेष में सड़कों पर घूम रहा ये शख्स कोई और नहीं, बल्कि आमिर खान हैं। इस बात का खुलासा तब हुआ जब आमिर खान का इस लुक के लिए तैयार होते हुए वीडियो और फोटोज सामने आईं। आमिर खान तस्वीरों में हेयर विग और दाढ़ी लगाते दिखाई दिए। वहीं, आमिर के वायरल वीडियो पर फैंस भी रिएक्ट कर रहे हैं। आमिर खान के बेटे जुनैद खान बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने के लिए तैयार है। जुनैद की फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके साथ खुशी कपूर भी दिखाई देंगी।

## अमिताभ ने अपने बेटे और बहू के साथ इस गाने में लगाए थे जबरदस्त ठुमके

# 20 सालों से सुन रहे 'कजरारे-कजरारे', अधिकतर लोग नहीं जानते इसका अर्थ

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान के अजीम गीतकार गुलजार साहब के इस गीत को शंकर एहसान लॉय की तिकड़ी ने संगीत से सजाया था। इस गीत में गुलजार ने ऐसे-ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया है, जो सुनने में तो खूब मीठे लगते हैं, लेकिन उनका मतलब बहुत कम लोगों को ही पता होगा।

*गुलजार हिंदी सिनेमा का वो नाम है, जिसको शायद ही कोई नहीं जानता होगा। गुलजार यानी गीतों को 'गुलजार' करने वाला वो शख्स, जिनके गीत लोगों के लिए दवा और दुआ दोनों का ही काम करते हैं। माशूक की खूबसूरती का बखान हो, टूटे दिल की आवाज हो या कुछ पाने का जुनून और खोने का गम हो, सभी रंगों के गीत और शेर गुलजार साहब ने लिखे और इंडस्ट्री को हमेशा के लिए महका दिया। गुलजार ने 'मुसाफिर हूं यारों, 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत है,' 'मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने', 'तेरे बिना जिंदगी से कोई', 'आने वाला पल', 'तुझसे नाराज नहीं जिंदगी', 'मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है' से लेकर 'कजरारे-कजरारे, तेरे काले-काले नैना' जैसे कई गानें लिखे हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय के साथ इस गाने में जबरदस्त ठुमके लगाए थे। ये वो गाना है, जिसको 20 सालों से लोग सुन रहे हैं।*

### यह है गाने के बोल

*ऐसी नजर से देखा उस जालिम ने चौक पर*
*हमने कलेजा रख दिया चाकू की नौक पर*
*बवाल हो गया, रायता फैल गया'*

इन लाइनों के साथ गुलजार साहब बताना चाहते हैं कि चौक पर नैन ऐसे लड़े कि पहली ही नजर में ही लड़की अपना दिल हाल बैठी। बात ऐसी फैली कि सभी जगह हल्ला हो गया।

*'सुरमें से लिखे तेरे वादे, आंखों की जबानी आते हैं*
*मेरे रूमालों पे लब तेरे, बांध के निशानी जाते हैं'*

यह लाइन सुनने में जितनी खूबसूरत हैं। उतनी ही खूबसूरत इसका मतलब है। दरअसल, शायरी में अक्सर दिल को आंखों के साथ कनेक्ट किया जाता है। कहते हैं अगर हमारे लब झूठ बोलें तो भी आंखें सच्चाई बयां कर देती हैं। सुरमें से लिखे तेरे वादे, आंखों की जबानी आते हैं यानी तेरे दिल में क्या है वो तेरी आंखे बयां कर रही हैं। 'मेरे रूमालों पे लब तेरे, बांध के निशानी जाते हैं' यानी मेरा रूमाल जो तेरे पास से मेरे पास तक पहुंचा उस पर तेरे लबों के निशान और तेरे इत्र की खुशबू ने सब बयां कर दिया कि तू भी मेरे को वैसे ही चाहती है, जैसे मैं तुझे।

*'आजा टूटे ना टूटे ना अंगड़ाई*
*हो मेरी अंगड़ाई ना टूटे तू आजा'*

इस लाइन के जरिए गुलजार साहब ने प्यार में पागल उस लड़की की कहानी को बयां किया जो, प्यार में पागल हो चुकी हैं। अंगड़ाई को गुलजार साहब ने बतौर मेटाफर इस्तेमाल किया। यानी मैं तुम्हारे प्यार का हसीन ख्वाब देख रही हूं। ऐसा ना हो कि नींद खुल जाए और यह सपना अधूरा ही रह जाए।



*'तुझसे मिलना पुरानी दिल्ली में...*
*छोड़ आए निशानी दिल्ली में*

*बल्ली मारां से दरीबे तलक,*
*तेरी मेरी कहानी दिल्ली में'*

यहां गुलजार साहब ने दिल्ली की गलियों का जिक्र किया है। पुरानी दिल्ली अपने खाने के स्वाद के साथ प्रेम कहानियों के लिए फेमस है। बल्ली मारां से दरीबे तलक, दिल्ली 6की वो गलियां हैं, जहां के लिए कहा जाता है कि जहां से खबरें सबसे तेज फैलती हैं। इसलिए उन्होंने पूरी दिल्ली में मशहूर होने के लिए बल्ली मारां से दरीबे तलक का इस्तेमाल किया है।

### यह है गुलजार का कनेक्शन

गुलजार का बचपन बल्ली मारां की गलियों में भी बीता है। गुलजार दिल्ली 6 की इन पुरानी गलियों में रहे हैं। वहां उनकी यादें बसी हैं। जब गायक ने गुनगुनाया, 'तुझसे मिलना पुरानी दिल्ली में, छोड़ आए निशानी दिल्ली में, बल्लीबरन से दरीबे तलक, तेरी मेरी कहानी दिल्ली में। गाने में जिस खूबसूरती से दिल्ली के ताने-बाने को जोड़ा गया वो सुनने में काफी अजीब लगता है। बल्ली मारां से शुरू होकर अक्सर कहानियां दरीब तलक पहुंचा करती थीं। गुलजार ने भी अपने इस गाने में बल्ली मारां से दरीबे तक की गलियों का जिक्र कर साबित कर दिया कि वहां की कहानियां मशहूर हुआ करती थीं। बल्ली मारां से शुरू होकर छाटी बारादरी, चूड़ी वालान, बड़ी बारादरी और किनारी बाजार तक की रौनक चांदनी चौंक की खूबसूरती को दस गुना बढ़ा देती हैं।

**नर्मदा बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका पर जवाब न देने का प्रकरण**

# हाई कोर्ट ने सरकार पर लगाया 30 हजार रुपये का जुर्माना

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने कई अवसर देने के बावजूद जवाब पेश न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ राज्य शासन पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। मामला नर्मदा बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका से संबंधित है। कोर्ट ने 15 हजार रुपये नर्मदा बचाओ आंदोलन व 15 हजार रुपये हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति के कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं। जनहित याचिका पर अंतिम सुनवाई 17 फरवरी को नियत की गई है। नर्मदा बचाओ आंदोलन के वरिष्ठ कार्यकर्ता आलोक अग्रवाल ने अवगत कराया कि नए भू-अर्जन कानून, 2013 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के मुआवजे में एक गुणांक जो कि एक से दो के बीच होगा से गुणा किया जाएगा। शहरी क्षेत्र से जितनी दूरी अधिक होगी उतना ही यह गुणांक बढ़ जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों की कीमतें कम होने के कारण यह प्रविधान रखा गया है। परन्तु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इसका उल्लंघन करते हुए सभी



ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह गुणांक एक निर्धारित कर दिया है, जिससे ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित होने पर बहुत कम मुआवजा मिलता है। राज्य सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध नर्मदा बचाओ आन्दोलन द्वारा एक जनहित याचिका लगाकर मांग की गई है। जिसमें सरकार के इस गैर कानूनी निर्णय को रद्द करते हुए मुआवजे में उचित गुणांक से गुणा करने का आदेश दिए जाने पर बल दिया गया है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि अनेक राज्यों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तराखंड आदि ने यह गुणांक दो निर्धारित किया है जिस कारण इन राज्यों में ग्रामीणों को दुगना मुआवजा मिल रहा है।

### सरकार मुआवजे से बचने नहीं दे रही जवाब

नर्मदा आंदोलन की ओर से अधिवक्ता श्रेयस पंडित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कई बार अवसर दिए जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा जानबूझ कर जवाब नहीं प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि उन्हें ग्रामीणों को कम मुआवजा देना पड़। इस प्रकार गरीब ग्रामीणों आदिवासियों का बहुत नुकसान हो रहा है। यदि सरकार जवाब नहीं दे रही है तो राज्य में सम्पूर्ण भू-अर्जन पर रोक लगा दी जाए। इस पर सरकार की ओर से एक और अंतिम अवसर मांगने पर हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि सरकार का जवाब तभी स्वीकार होगा जब वह जनहित याचिकाकर्ता नर्मदा बचाओ आन्दोलन को 15 हजार रूपये और हाई कोर्ट विधि सेवा समिति को 15 हजार रूपये दो सप्ताह में भुगतान करे। इस भुगतान की रसीद प्राप्त होने पर ही सरकार का जवाब स्वीकार किया जाएगा।

## .हाई कोर्ट ने रादुविवि उप कुल सचिव दीपेश मिश्रा के स्थानांतरण पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने कहा कि प्रथमदृष्ट्या ऐसा प्रतीत हो रहा है कि याचिकाकर्ता को येन-केन-प्रकारेण जबलपुर से बाहर करने की मनमानी की जा रही है। लिहाजा, अंतरिम राहत बतौर ट्रांसफर पर रोक लगाई जाती है। साथ ही निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता को जबलपुर में ही पदस्थ रहने दिया जाए। साथ ही राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग व कुल सचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया जाता है। याचिकाकर्ता रादुवि के उप कुल सचिव दीपेश मिश्रा की ओर से अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पिछले दिनों याचिकाकर्ता को एक आदेश के जरिए जबलपुर से महू स्थानांतरित कर दिया गया था। किंतु वहां उप कुल सचिव का पद ही नहीं था। लिहाजा, संशोधित आदेश जारी कर प्रभारी कुल सचिव की हैसियत से भेजे जाने की व्यवस्था दे दी गई। यही नहीं याचिकाकर्ता को मनमाने तरीके से निलंबित तक कर दिया गया था। इस तमाम कवायद से साफ है कि याचिकाकर्ता को दुर्भावनावश परेशान किया जा रहा है। हाई कोर्ट तर्क से सहमत होकर अंतरिम राहत प्रदान कर दी।

# डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा

**नर्मदा जयंती पर्व को लेकर डीजे, साउंड एवं टेंट संचालकों की बैठक**

**जबलपुर।** पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, और अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में नर्मदा जयंती के अवसर पर डीजे, साउंड एवं टेंट संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डी.जे. साउंड सिस्टम पर कड़े निर्देश दिए गए। सभी संचालकों को सूचित किया गया कि डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। साउंड सिस्टम की अनुमति प्राप्त करने के बाद, केवल अनुमति में निर्धारित शर्तों के अनुसार ही उनका उपयोग किया जाएगा। किसी भी झांकी, स्वागत मंच, जुलूस आदि में 2 से अधिक साउंड बॉक्स का उपयोग नहीं होगा। साथ ही, स्पीकर का आकार 12 इंच से अधिक नहीं होगा और उनका वॉल्यूम भी नियंत्रित रखा जाएगा, ताकि ध्वनि प्रदूषण का कोई उल्लंघन न हो।आधिकारिक निर्देशों के अनुसार, जुलूस या चुनरी यात्रा के दौरान वाहनों में केवल 2 साउंड बॉक्स का ही उपयोग किया जाएगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही, आयोजकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने सामान और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध वस्तु को अनावश्यक रूप से न छुएं।टेंट संचालकों को भी यह निर्देश दिए गए कि वे टेंट इस प्रकार लगाएं कि वह किसी भी प्रकार के आवागमन में रुकावट न डालें।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि इन निर्देशों का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## कुंभ, प्रयागराज में द्वारका मठ शंकराचार्य ने किया स्नान

**जबलपुर।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर कुंभ महापर्व प्रयागराज त्रिवेणी संगम में तीनों पीठों के पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने मां गंगा की पूजा, अर्चना कर स्नान किया और समस्त देशवासियों के लिए मंगलमय कामना की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज सेन दी।

# डीआरडीए के विरूद्ध 7वें वेतनमान की अधिक भुगतान की राशि की वसूली की कार्यवाही पर किया जवाब तलब

**जबलपुर।**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायधीश डी डी बंसल की एकल पीठ ने जिला पंचायत ( डी आर डी ए ) प्रशासन , शहडोल में चपरासी के पद पर पदस्थ कर्मचारी के विरुद्ध सातवें वेतन मान के लाभ 1.1.2016 से गलत मानते हुए पात्रता 01.04.2018 से मानते हुए आधिक्य भुगतान हेतु वसूली आदेश व अधिक राशि की वसूली याचिकाकर्ता के वेतन से किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका में म. प्र. शासन के पंचायत विभाग व जिला पंचायत शहडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जबाव तलब किया है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने याचिका प्रस्तुत करते हुए तथ्य प्रस्तुत किये कि



याचिकाकर्ता डी आर डी ए का कर्मचारी है जो जिला पंचायत शहडोल के डी आर डी ए कोष्ठ में पदस्थ है। राज्य शासन ने अपने कर्मचारियों को सातवें वेतन मान का लाभ का लाभ वर्ष 2016 से देने का निर्णय दिया और इसी आदेश के तारतम्य में विधिवत याचिकाकर्ता को भी सातवें वेतनमान का लाभ वर्ष 2016 से दिया गया. किन्तु अचानक 8 वर्षों बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी शहडोल ने मनमाना आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को उक्त लाभ की पात्रता वर्ष 2018 से मानते हुए वसूली का आदेश जारी कर दिया जबकि डी आर डी ए के कर्मचारियों को उनकी सेवा शर्तों के अनुसार राज्य शासन के कर्मचारी की भांति सभी सेवा लाभ पाने का हक़ है। इस सम्बन्ध में म. प्र. शासन ने समय समय पर अनेक आदेश भी जारी किये हुए हैं. इसके अलावा उक्त वसूली कार्यवाही सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के विरुद्ध है जिसमें यह कहा गया है कि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से वसूली नहीं की जा सकती तथा जहाँ कथित आधिक्य राशि वसूली आदेश जारी होने के पांच वर्ष पूर्व से किया गया है और वसूली आदेश कठोर व मनमाना है . याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी , आनंद शुक्ला , आशीष कुमार तिवारी , विनीत टेहेनगुरिया पैरवी कर रहे हैं.

# शहर का कचरा प्रबंधन होगा बेहतर : निगमायुक्त

**सिटीज 2.0 की तैयारियों की समीक्षा**

**जबलपुर।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फ्रंच डेवल्पमेंट एजेंसी, यूरोपियन एवं भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के साथ मिलकर सिटीज 2.0 प्रतियोगिता के अंतर्गत जबलपुर शहर का चयन हुआ था। इसके आगे की तैयारी के लिए निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा लगातार मंथन किया जा रहा है, जिसके तहत स्वच्छता एवं स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सिटीज 2.0 की तैयारियों एवं क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सिटीज 2.0 के क्रियान्वयन से शहर का कचरा प्रबंधन एक ओर बेहतर होगा वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक, ई-कचरा, और ऑर्गेनिक वेस्ट के लिए अलग-अलग पुर्नचक्रण सुविधाएँ विकसित होंगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के बाद जैविक कचरे से वायो सी.एन.जी. गैस एवं खाद भी तैयार होगी जिससे भविष्य में सी.एन.जी. वाहनों को ग्रीन ईंधन प्राप्त होगा। इससे शहर का प्रदूषण को भी कम करने में काफी मदद् मिलेगी।




# जूडोः महर्षि को मिली स्वर्णिम सफलता

**जबलपुर।**

महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य राजेश नौरला ने बताया कि जिला जूडो संघ व खेल एवम् युवा कल्याण विभाग एवं क्रीड़ा भारती जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में श्री त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलौनीगंज जबलपुर में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में महर्षि विद्या मंदिर, नर्मदा रोड जबलपुर के जूडो खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, चार रजत व सात कांस्य पदक प्राप्त कर शाला को गौरवंतित किया है। श्री नौरला ने आगे बताया कि ये सभी खिलाड़ी शाला की जूडो कोच आकांक्षा पांडे के नेतृत्व में प्रशिक्षक प्राप्त कर रहे है।संपन्न हुई स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी इस प्रकार है, स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ीः- तनु सिंह, कमर तबरेज, जसराज सिंह, रजत पदक प्राप्त खिलाड़ीः- कार्तिक सोनकर, पूर्वी पटेल, मृगेन्द्र सिंह, प्रियांश केशरवान तथा कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ीः तान्या पटेल, मयंक विच्छले, वर्तिका खत्री, अतुल पांडेय, कृष्णा पिल्ले, श्रेयांश पटेल, प्रोयांशी चक्रवर्ती आदि विजेता है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जबलपुर जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता, सचिव आबिद खान, श्रीमती सपना नेहरा, अकिमचंद घोष व मोहित सिंह राजपूत आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक फरवरी को शिरडी रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की विशेष ट्रेन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जबलपुर से वरिष्ठ नागरिकों को शिरडी यात्रा पर ले जाने वाली विशेष ट्रेन शनिवार 1 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्य रेल्वे स्टेशन जबलपुर आएगी तथा 15 मिनट बाद सुबह 11.15 बजे प्रस्थान करेगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा के अनुसार शिरडी की तीर्थ यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठ नागरिक अपना टिकट उसी कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे जिस कार्यालय में आवेदन जमा किया था। वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा के दौरान अपना मूल आधार कार्ड अपने पास रखना होगा। चयनित वरिष्ठ नागरिक अन्य जानकारी के लिए अनुरक्षक यात्रा प्रभारी राजस्व निरीक्षक उमाशंकर सोनी से मोबाईल नंबर 9329318655 से संपर्क कर सकते हैं।




# उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहित करने वाला हो बजट

## बजट 2025 से अपेक्षाएंः जबलपुर चेम्बर

**जबलपुर। जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में आगामी बजट (1 फरवरी 2025) पर विभिन्न संघटनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले बजट पर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त की। भारत की वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण लगातार आठवी बार बजट पेश करने की तैयारी कर रही है।**

वहीं आम आदमी बढ़ती महगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। राष्ट्रीय साख्यिकी कार्यालय का अनुमान है 2024-2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहेगा। महामारी के दौरान आई गिरावट के बाद से सबसे कम ग्रोथ रेट है भारत का विकास चक्र अवरूद्ध हो गया है।जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे का कहना है कि मध्यमवर्ग को ध्यान रख कर बजट पेश करना चाहिए। आम आदमी के लिये सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो आयकर में 10 लाख रुपये तक की छूट दे कर राहत दे। व्यापारी और उद्योग जगत बजट में जीएसटी में कमी कर उद्योग को मजबूती देने वाले प्रावधानों की मांग की है। छोटे उद्योगों के लिये (पीएलआई) स्कीम शुरु करें ताकि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिले। "मेक इन इंडिया" तभी सफल होगा जब सरकार इनके लिये विशेष योजनाएं लाए। घरेलु मैन्युफैक्चरिंग की मदद के लिये कस्टम डयूटी में फेरबदल, "प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव" के माध्यम से छोटे उद्योग को जोडे। यह बजट उद्योग-व्यापार और भारत की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने वाला होना चाहिए।कर विशेषज्ञ अनिल अग्रवाल ने कहा कि छोटे उद्योग और व्यापार भारत में पूरी तरह से बंद होने कि कगार में है वित्तमंत्री को चाहिए कि छोटे उद्योगों को सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा मिल सके इसका प्रावधान होना चाहिए एवं टैक्सों में राहत दे कर इन्हें बचाने का प्रयास करें। आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण क्षेत्र में कार्य होना चाहिए और व्यापारियों पर अनुपालन का बोझ कम होना चाहिए।चेम्बर उपाध्यक्ष नरिन्दर सिंह पांधे ने पर्यटन पे बात करते हुए कहा कि जबलपुर एवं महाकौशल को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर देखना चाहते है। महाकौशल एवं जबलपुर में पर्यटन की अपार संभावनाए हैं उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि आज सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है सरकार को भेडाघाट, धुआंधार, खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व, कान्हा नेशनल पार्क, बाधवगढ़ पैच बरगी डेम, अमरकंटक इस पूरे सर्कल को टूरिस्ट हब बनाना चाहिए ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। और आगे उन्होंने कहा कि डीजल पेट्रोल को जीएसटी के अंतर्गत लाने का वादा पूरा करना चाहिए। साथ ही साथ टोल टेक्स एवं स्क्रैप नीति में भी परिवर्तन करना चाहिए। चेम्बर द्वारा आयोजित इस पत्रकार वार्ता में चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे, राधेश्याम अग्रवाल, दीपक जैन, नरिन्दर सिंह पांधे, अनिल अग्रवाल (सीए), जितेन्द्र पचौरी राकेश श्रीवास्तव, प्रेम परसवानी, दीपक सेठी, श्रेय अग्रवाल, प्रीति चौधरी, शशिकांत पांडेय, उमेश गावकर आदि उपस्थित थे।



## विशाल शतचण्डी महायज्ञ 3 फरवरी से

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी माँ आदि शक्ति दरबार, बावली महाराजपुर द्वारा माँ चन्द्रमोलेश्वरी के 13वें स्थापना दिवस पर विशाल शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 03 फरवरी से 13 फरवरी तक मंदिर प्रांगण में किया गया है। प्रथम दिवस 03 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी जहां पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। 04 फरवरी को देव आह्वान, पीठ पूजन, 07 फरवरी को अरणी मंथन, हवन प्रारंभ, 11 फरवरी को छप्पन भोग एवं पूर्ण आहुति होगी, 13 फरवरी को कन्या भोजन एवं भंडारे के साथ शतचंडी महायज्ञ का समापन होगा। मंदिर समिति से समस्त श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## आवागमन को रोकने यात्री बसों का संचालन नये बस स्टैंड से करने की जरूरत

# समस्याः शहर में यातायात व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने नगर पालिका गंभीर नहीं

**सिहोरा।** नगर में यातायात का दबाव दिनों दिन बढ़ रहा है। मुख्यतः पुराने बस स्टैंड से पोस्ट आफिस चौराहों तक वाहनों का आवागमन बेतरतीब से हो रहा है। चारों तरफ से अतिक्रमण से घिरे पुराने बस स्टैंड में वाहन चालकों की मनमानी के कारण बीच सड़क पर बस रोककर यात्री को बैठाने एंव उतारने के साथ साथ यातायात व्यवस्था के नासुर बन चुके तिपहियो की आपाधापी से दिन में अनेकों बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। गौरतलब है कि तहसील मुख्यालय नगर पालिका जनपद थाना पोस्ट आफिस सहित अन्य सरकारी कार्यालयों के कारण पोस्ट आफिस चौराहे से थाने के गेट तक सैकड़ों दो व चार पहिया वाहन के अलावा अनेक यात्री बसों का दिन भर जमघट लगा रहता है पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर वाहनों नी की आवाजाही ज्यादा होती है एंव वाहनों का भारी दबाव बना रहता है। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है।

**वर्षों पुर्व बना नया स्टेंड पड़ा वीरान**

पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के खड़े होने की स्थान पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण के चलते बसों का मुख्य मार्ग में ठहराव होने के कारण नित रोज होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने वर्षों पहले प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर नये स्टेंड का निर्माण कराया था पुराने बस स्टैंड में केवल यात्रियों की सुविधाओं के लिए ड्रॉप एंड गो की व्यवस्था रखी गई थी। लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी के चलते बस स्टैंड का स्थानांतरण तो नहीं हो सकाऔर आज भी सैकड़ों बसों का संचालन बेरोकटोक पुराने बस स्टैंड से हो रहा है पुराने बस स्टैंड से जबलपुर कटनी मार्ग की बसों के अलावा मझगवां,पान उमरियापान,बहोरीबंद,मझौली, बचैया,लमकना मार्ग की अनेक यात्री बस संचालित हो रही है जबकि पुराने बस स्टैंड में एक बह खडे करने की भी जगह नहीं है।हालत यह है कि रोजाना दिनभर में हर 10 मिनट में यहां वाहनों की लंबी कतारे लग जाती ला हैं। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है।



**मनमर्जी कर रहे चालक,जिम्मेदार भी कतार में**

बस स्टाप में चहुं ओर अतिक्रमण के चलते वाहन चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं हैं हद तो तब हो जाती है है थाने के गेट एंव तहसील मुख्यालय के गेट के सामने यात्री वाहन खड़े हो जाते हैं और व्यवस्था को अमली जामा पहनाने वाले तहसील का मुखिया कहलाने वाले एंव सिहोरा थाने का वाहन भी कतार में खड़ा नजर आता है। प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है फिर भी बस स्टैंड को व्यवस्थित न करना चर्चा का विषय बन गया है।

**यातायात अमले की कमी एंव अतिक्रमण के चलते अराजक हुआ बस स्टैंड**

पुलिस के पास यातायात अमला ने होने के कारण यहां सुबह से शाम तक पुलिस जवानों की तैनाती भी नहीं रह पाती है थाने में भी पर्याप्त बल न होने के कारण वाहन चालक मनमर्जी से बाज नहीं आ रहे हैं जिसे जहां जगह मिली वाहन लेकर घुस जाता है। ऐसे में दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है। पोस्ट आफिस चौराहा एवं थाने के गेट पर हालात इतने बद्तर है की पैदल चलने तक की जगह नहीं रहती शाम को चाय पान मंगोड़े फल वालों की गुमटी के सामने दो पहिया वाहनो की अवैध पार्किंग के कारण आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है।नई बस स्टैंड से राष्ट्रीय राजमार्ग की कनेक्टिविटी होने के साथ-साथ मझौली बचैया लमकाना मझगवां मार्ग की सीधी कनेक्टिविटी होने के कारण यात्री बसों का संचालन नये बस स्टैंड से किया जा सकता है जिससे पुराने बस स्टैंड में बड़े यात्री वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों का दबाव काम हो जाएगा लेकिन इसके लिए व्यवस्थित कार्य योजना के साथ-साथ दृढ़ इच्छा शक्ति की भी आवश्यकता होगी।

## माँ बगलामुखी का 25वां पाटोत्सव आज

**जबलपुर।** सभी भक्तों को सूचित किया जाता है कि माघ शुक्ल द्वितीया दिनांक 31 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित अनन्त श्रीविभूषित पूज्यपाद् ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज श्री द्वारा स्थापित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी जी का भव्य-दिव्य पाटोत्सव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज के परम सानिध्य में मनाया जा रहा है। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान कराने वाली देवी हैं भगवती बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करती हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करती हैं। भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता का भव्य-दिव्य पाटोत्सव कार्यक्रम में प्रातःकाल मंगल आरती के बाद सर्वप्रथम माँ भगवती का श्रृंगार, पूजन एवं कमल के पुष्पों से भगवती का सहस्त्रार्चन किया जाएगा। तत्पश्चात मध्यान्ह 12:00 बजे भगवती की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके उपरान्त माँ पीतांबरा का महाप्रसाद (भण्डारा) वितरित किया जाएगा। रात्रि में माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से लड्डुओं एवं द्राक्षा से सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन एवं पंच-महाआरती रात्रि 8:00 बजे की जाएगी। सभी भक्त उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें। अपने इस बहुमूल्य मानव जीवन को कृतार्थ करें। समस्त भक्तों से उपस्थित की अपील की है। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज थाना, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, श्रीराम मंदिर, सिविक सेंटर होते हुए पुनः श्री बगलामुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न होगी।



# अभा परिसंघ नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का नववर्ष कैलेंडर विमोचित

**जबलपुर।** जबलपुर परिसंघ नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जबलपुर के कैलेंडर का विमोचन नगर के महापौर जगत बहादुरसिंह अन्नु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज और परिसंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया के द्वारा 27 जनवरी 2025 को नगर निगम प्रांगण में किया गया। दलित ओबीसी मायनारटी एवं आदिवासी संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ के नगरीय प्रकोष्ठ का नगर निगम अध्यक्ष के कक्ष में कैलेण्डर का विमोचन नगर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज एवं परिसंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कर्मचारियों की समस्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि नगर निगम हमेशा अनुसूचित जाति जनजातियों की समस्याओं के निपटारे में त्वरित कदम उठाता है और हर प्रकार की संभव सहायता करने का उन्होंने आश्वासन दिया। विमोचन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जय केवट, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र लखेरा, श्रीमती ममता मलिक, किशोरी लाल बढ़ेल, राजकुमार बरसे, सेखलाल आरमो, आर.के.पासी, आदि बड़ी संख्या में समाज संगठनों के पदाधिकारी विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित हुए।





## प्रदेश के समस्त प्राइवेट विद्यालय मान्यता नियमों के विरोध में रहे बंद

**जबलपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 1 से 8वीं तक की मान्यता हेतु लागू की गई नई नीतियों के विरोध में प्रदेश भर के सभी निजी विद्यालयों ने 30 जनवरी 2025 को एक दिवसीय बंद का आयोजन किया। यह निर्णय विभिन्न निजी विद्यालय संगठनों के संयुक्त आह्वान पर लिया गया था। इस बंद के माध्यम से निजी विद्यालयों ने शासन की नीतियों के प्रति अपनी असहमति व्यक्त की और छोटे विद्यालयों के अस्तित्व की रक्षा के लिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। जबलपुर में मां सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जबलपुर के तत्वावधान में करीब 750 स्कूल बंद रहे। यह बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और इसका मुख्य उद्देश्य शासन को यह संदेश देना था कि नई नीतियां छोटे विद्यालयों के लिए अव्यावहारिक हैं और शिक्षा क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी। जबलपुर जिले के समस्त निजी विद्यालयों ने भी इस बंद में भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों से समर्थन की अपील की कि यह बंद आपके बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

# संस्कारधानी में पंचकल्याण महोत्सव 2 फरवरी से

### संस्कारों का महत्व बताने मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन की सभा 1 फरवरी को

**जबलपुर।**

सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा संस्कारधानी जबलपुर में आगामी 2 से 7 फरवरी तक श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए राइट टाऊन गोल बाजार में भव्य एवं मनोहारी कुंडलपुर नगरी बनाई जा रही है जिसमें जबलपुर सहित पूरे प्रदेश ही नहीं देश एवं विदेश से भी जैन बंधुओं का आगमन होगा जिसके स्वागत के लिए संस्कारधानी एवं महोत्सव समिति आतुर है। मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि वर्तमान समय में भौतिकता की दौड़ में शामिल होकर डिप्रेशन, निराशा, जैसी समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं, उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में कोई रास्ता नहीं मिलता और पूरा जीवन संघर्ष और दुख में निकल जाता है। हम अपने जीवन को किस तरह से सुखी और शांतिमय बना सकते हैं। उसके लिए अपनी सोच बदलना होगा- इस बात को जबलपुर के जन-जन तक पहुंचाने के लिए जयपुर नगर से विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन संस्कारधानी पधार रहे हैं।



# भारत कृषक समाज ने किया बापू का पुण्य स्मरण

**जबलपुर।**

भारत कृषक समाज के गंगोत्री अपार्टमेंट स्थित स्थानीय कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के अग्रवाल ने बापू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय अध्यक्ष जेआर गायकवाड़ ने स्वतंत्रता आंदोलन में किसानों के योगदान को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि शतकवीर रक्तदाता विकास खंडेलवाल ने गांधीजी के सेवा कार्यों को याद करते हुए सबसे नियमित रक्तदान करने का निवेदन किया। उपस्थित सभी कृषक बंधुओं विजय कुमार पंड्या, राजेंद्र चंद्रकांत राय, टीकाराम पटेल, अजय, सौम्या अग्रवाल, विजय सोनी, राजेंद्र बत्रा, सर्वेश यादव, अनिल अग्रवाल, हीरा लाल बर्मन, अनिल चितले, आलोक गोलछा, रामकिशन पटेल, संजय सिंघई, मनोज रियो, साहित्य यादव, संतोष बर्मन, आशीष अग्रवाल आदि ने अपनी समस्याओं और उनके समाधान के लिए सरकार एवं प्रशासन को दिए जाने वाले ज्ञापन की रूपरेखा पर गहन विचार- विमर्श किया। अंत में, सोनी डांस म्यूजिक क्लासेस की बालिकाओं ने देशभक्ति गीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी।



# 10 साल में पठार क्षेत्र का पिछड़ापन हुआ दूर : राकेश सिंह

**सिहोरा।** देश की आजादी के बाद पानी को तरसता पठार क्षेत्र कहा जाने वाला बहोरीबंद विकास से कोसों दूर था लेकिन बीते 10 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रणय प्रभात पांडे की अथक प्रयासों से पठार क्षेत्र के विकास की तस्वीर और तकदीर बदल गई आज बहोरीबंद विकास को नई दिशा और गति मिल गई है यह बात मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बहोरीबंद विधानसभा विधायक के निवास मगन कुटी में क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत होकर कहीं उन्होंने कहा कि बहोरीबंद पठार क्षेत्र को प्रकृति से सुगंधित प्रजाति के चावल के प्रचुर उत्पादन का वरदान मिला है पठार क्षेत्र में पानी की कमी के चलते प्रकृति से मिले चावल के वरदान का प्रभाव कम होने लगा था। लेकिन विधायक प्रणय प्रभात पांडे द्वारा बरगी मुख्य नहर से क्षेत्र में वॉटर लिफ्टिंग सिंचाई सुविधा से क्षेत्र के हर ग्राम में सिंचाई का पानी पहुंचने से हर किसान खुशहाल हो गया है किसानों के खेतों से एक बार चावल की भीनी भीनी सुगंध एक बार फिर फैलने लगी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी द्वारा नवीन विद्या भवन उमावि गोरखपुर में छात्रों के बीच 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था से हेमंत सोलंकी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को तम्बाकू से निर्मित उत्पादों से होने वाले कैंसर व अन्य घातक बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया एवं भविष्य में इससे दूर रहने की सलाह दी। डॉ. सरकार और श्वेता मिश्रा ने नशा के कारण होने वाले आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक विषयों पर प्रकाश डाला। दो मिनट मौन पश्चात सभी बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज रजक, डॉ. सरकार, नवीन विद्या भवन शाला प्रभारी हेमंत कोरी, परेश राठौर, सुमन झारिया, शालिनी सिंह, नितेश तोमर, आभा श्रीवास्तव, मीना साहू, पूजा द्विवेदी आदि की उपस्थिति रही।



## बसंत पंचमी व अधिवक्ता मिलन समारोह 2 फरवरी को

**जबलपुर।** मानस भवन में बसंत पंचमी एवं अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन 02 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 01 बजे से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं प्रशांत सिंह (महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय), विशिष्ट अतिथि आशीष दुबे, सांसद, जबलपुर, श्रीमति सुमित्रा बाल्मिकी, (सांसद राज्य सभा), अशोक ईश्वरदास रोहाणी (विधायक, कैंट विधानसभा, जबलपुर), अभिलाष पांडे विधायक पश्चिम विधानसभा, जबलपुर, मनीष मिश्रा, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर कार्यक्रम अध्यक्ष रिंकू बिज (अध्यक्ष, नगर निगम, जबलपुर) को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान, अधिवक्ता परिवार के बच्चों को विशेष उपलब्धि हेतु एवं क्रिकेट टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अधिवक्ताओं तथा उनके बच्चों द्वारा दी जावेगी। इस कार्यक्रम में संपूर्ण मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से भी अधिवक्ता भाग लेने आ रहे हैं। 02 फरवरी 2025 को सभी अधिवक्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

# सिहोरा फ्रेंडस क्लबः गीतों की दी शानदार प्रस्तुति

**सिहोरा।** फ्रेंड्स क्लब सिहोरा द्वारा गत दिवस ओल्ड इज गोल्ड करा ओके नाइट का आयोजन परिणिता पैलेस मझौली बायपास में किया गया जिसमे सिहोरा के चुनिंदा कलाकारों द्वारा पुराने गीतो की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसमें मुकेश,रफी,किशोर,लता के गाये गीतो को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए इसमें गायक अजय खरया ने किसी राह में किसी मोड़ पर...,राहुल श्रीवास्तव दिल है कि की मानता नहीं....,पी.व्ही संजय तेरे होठों के दो फूल...,सुनील साहू चलो रे डोली उठाओ का हार...,जेलर दिलीप नायक जब दीप जलें आना...,बसंत बिलैया तुम अगर साथ देने का ..,विजयंत साहू ये शाम मस्तानी.. इसके अलावा बब्लू सोनी,संजीव गुप्ता,नौसाद अंसारी,अरविंद उपाध्याय,उभरती प्रतिभा अदिति उपाध्याय,समर्थ मिश्रा,दीपक ब्यौहार,राजुल खरया सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार गीत प्रस्तुत किए गये। श्रीमती मीरा खरया,पंकज दुबे,कमाल खान का सम्मान क्लब के संरक्षक जितेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा एंव संचालन मंसूर मंसूरी द्वारा किया गया।






**श्रीमती गुजराती बाई कोरी-** ग्राम नादन (मैहर) निवासी श्री लालमन कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुजराती बाई कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप चौधरी-** रामहरख के बगीचा के पास श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड निवासी श्री दिलीप चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा भसीन-** त्रिवेणी ग्रीन रेसीडेंसी पोलीपाथर निवासी श्री सुंदर लाल भसीन की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा भसीन (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई समन-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री रामकिशन समन की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई समन (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम किशन गुप्ता-** शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री राम किशन गुप्ता (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनुराधा बाई रैकवार-** चांदमारी टेस्टिंग रोड लालमाटी निवासी श्री पारस रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा बाई रैकवार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामवती तिवारी-** इंद्रा नगर सुहागी निवासी श्री रामाश्रय प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती तिवारी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप पासी-** करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री प्रदीप पासी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सतीश कटारया-** दुर्गा नगर भटौली निवासी श्री सतीश कटारया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भोला कश्यप-** रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड निवासी श्री भोला कश्यप (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती किरण पासी-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री प्रदीप पासी की धर्मपत्नी श्रीमती किरण पासी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धनीराम लड़िया-** राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री धनीराम लड़िया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती कनौजया-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री रामचरण कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती कनौजिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कोहिल भास्करन-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री कोहिल भास्करन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजोय कृष्णदास-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री विजोय कृष्णदास (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रोज मेरी रजक-** क्राइस्ट चर्च स्कूल (ब्वायज) कम्पाउंड तैयबअली चौक के पास निवासी श्री सुनील रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रोज मेरी रजक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

**CHANGE OF NAME**

I, **UPAMA DEVI SHARMA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **4578652M** Rank **HAV** Name **MANOJ KUMAR SHARMA** presently, residing at **VILL- MANDAULI, PO-MANDAULI, TEH- AKBARPUR, DIST- KANPUR DEHAT, (UP)-208001**, I have changed of my name from **UPAMA DEVI SHARMA** (name as per my Husband army service records) to **UPMA DEVI** (name as per my **AADHAR CARD**, vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **29/01/2025**) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)

**CORRECT NAME-UPMA DEVI**
**INCORRECT NAME**
**UPAMA DEVI SHARMA**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1699/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुन्दर लाल पाटकर/ स्व. मिठ्ठू लाल पाटकर नि.-670 मलदारपुरा लार्डगंज जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-106 प्लाट नं.-13/11 निर्मित रकवा/ रकवा-526 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-06/07/2009 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-106 प्लाट नं. -13/11 निर्मित रकवा/ रकवा-526 व.फु./ अवि. हिस्सा-व.फु.हे. / ग्राम - बेलबाग प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-526 व.फु./ हे. श्रीमति शांति बाई पति सुन्दरलाल पाटकर बगैरह के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 07/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 24/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24/01/2025
पेशी दिनांक-07/02/2025 तहसीलदार
मुद्रा रांझी, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1677/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अयोध्या प्रसाद जाट/ स्व. दालचंद जाट नि.-नगर निगम 1545 महर्षि अरविन्द वार्ड ने नजूल ब्लाक नं.-37 प्लाट नं.-24/2 निर्मित रकवा/ रकवा-740 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-12/12/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-37 प्लाट नं. -24/2 निर्मित रकवा/ रकवा-740 व.फु./ अवि. हिस्सा-व.फु.हे. / ग्राम - सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-740 व.फु./ हे. चन्नू लाल, लालदास बल्द गुलाब बगैरह के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-06/02/2025 तहसीलदार
मुद्रा रांझी, जबलपुर

# वैश्विक रुख से सोना 83,800 की नई ऊंचाई पर, चांदी 1150 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सत्र में तेजी आई और यह 83,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 50 रुपये की तेजी के साथ 83,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। बुधवार को सोना 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 50 रुपये की तेजी के साथ 83,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,150 रुपये की तेजी के साथ 94,150 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सत्र में तेजी आई

### जोखिमपूर्ण परिसंपत्ति वर्गों को पीछे छोड़ रहा

निवेशक जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों का निपटान कर रहे हैं क्योंकि वे वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित पनाहगाह को प्राथमिकता देते हैं। कारोबारियों ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में सोना शेयर जैसे अन्य जोखिमपूर्ण परिसंपत्ति वर्गों को पीछे छोड़ रहा है। एशियाई बाजार घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 2.06 प्रतिशत बढ़कर 32.04 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को 4.25-4.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था।



## रुपया नौ पैसे टूटकर 86.64 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा से बृहस्पतिवार को रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 86.64 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.58 पर खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.56 के उच्चतम स्तर तक गया और 86.65 के निचले स्तर तक आया। रुपया अंत में 86.64 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अपनी शुरुआती गिरावट से उबरकर सकारात्मक रुख के साथ दो पैसे बढ़कर 86.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी का लाभ बढ़कर 3,359 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में का एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 3,359 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने 2,947 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 64,668 करोड़ रुपये हो गया।

### गेल का मुनाफा तीसरी तिमाही में बढ़ा



**नई दिल्ली।** गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत बढ़ा है। करार होने के बावजूद माल की आपूर्ति नहीं करने के लिए एक विदेशी एलएनजी आपूर्तिकर्ता से मिले मुआवजे के कारण उसे एकमुश्त लाभ हुआ। भारत की सबसे बड़ी गैस परिवहन कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

### कोल इंडिया अपने उत्पादन लक्ष्य से चूकीं



**नई दिल्ली।** एसईसीएल, सीसीएल और ईसीएल समेत कोल इंडिया की पांच अनुषंगी कंपनियां चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई हैं। अप्रैल-दिसंबर अवधि के लिए निर्धारित 13.3 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 11 करोड़ 15.4 लाख टन कोयले का उत्पादन किया।

### जुपिटर इंटरनेशनल लगाएगी मॉड्यूल इकाई

**नई दिल्ली।** जुपिटर इंटरनेशनल ने ओडिशा सरकार के साथ 2,005 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राज्य में फोटोवोल्टिक सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता सौर सेल के लिए 4.2 गीगावाट और मॉड्यूल के लिए 3.6 गीगावाट होगी।

### रेमंड लि. का मुनाफा 75 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग कारोबार में सक्रिय रेमंड लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 75 प्रतिशत बढ़कर 72.28 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 41.35 करोड़ रुपये रहा था। तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 985.35 करोड़ रुपये रही है।

### गुंजन यूएस बैंकॉर्प की पहली अमेरिकी सीईओ



**ह्यूस्टन।** गुंजन केडिया को यूएस बैंकॉर्प का अगला मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह कंपनी का नेतृत्व करने वाली पहली भारतीय अमेरिकी होंगी। यह घोषणा बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि केडिया ने अमेरिका के सबसे बड़े वित्तीय संस्थानों में से एक का प्रभार संभाला है। वह 15 अप्रैल को वार्षिक शेयरधारकों की बैठक के बाद सीईओ का पद संभालेंगी और निदेशक मंडल में भी शामिल होंगी। केडिया (54) एंडी सेसेरे का स्थान लेंगी।

## निफ्टी भी बढ़त के साथ 23,249.50 अंक पर हुआ बंद

# रिलायंस, एयरटेल में लिवाली, शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**सेंसेक्स 226.85 अंक की तेजी के साथ 76,759.81 अंक पर बंद**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गुरुवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 227 अंक और चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 226.85 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,759.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 429.92 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 86.40 यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,249.50 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस का वित्तीय परिणाम आने के बाद कंपनी का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 4,308 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, टाटा मोटर्स का शेयर सात प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा, आईटीसी होटल्स, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, जोमैटो और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

### उतार-चढ़ाव की संभावना

रेलगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाए रखने में कामयाब रहा। शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी में दोपहर कारोबार में मुनाफावसूली देखने को मिली और अंत में बढ़त में बंद हुआ। शनिवार को बजट पेश किया जाएगा। इसको देखते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।'



### बाजार लाभ में बंद

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार लाभ में बंद हुए। अमेरिका में तेल भंडार बढ़ने के साथ तेल कीमतों में गिरावट और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल कम होने से एफआईआई की निकासी में कुछ कमी आ सकती है...। शनिवार को पेश होने वाला बजट महत्वपूर्ण है। बजट में वृद्धि और खपत को बढ़ाने वाली नीतियों की उम्मीद है। इससे बाजार में जो नाकारात्मक रुख है, उसमें बदलाव आएगा।'

### मिडकैप सूचकांक में नुकसान

छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.02 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.04 प्रतिशत नुकसान में रहा। बीएसई में में 2,138 शेयर लाभ में जबकि 1,812 शेयर नुकसान में रहे। 124 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### लाभ में रहे एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे।

### निवेशकों ने बेचे शेयर

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,586.43 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.25 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 631.55 अंक मजबूत हुआ था, जबकि एनएसई निफ्टी में 205.85 अंक की तेजी रही थी।

## श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तीन समितियां गठित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि मार्च, 2025 तक श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज का एक स्थायी मॉडल विकसित करने के लिए पांच-पांच राज्यों की तीन समितियों का गठन किया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के साथ गुरुवार को संपन्न हुई दो दिन की कार्यशाला के बाद इन समितियों का गठन किया गया है। दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान किए गए विचार-विमर्श और सुझावों पर ध्यान देते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों से पिछले दो दिनों के दौरान विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रदर्शित सर्वोत्तम व्यवहार को अपनाने की व्यवहार्यता का आकलन करने का आग्रह किया।

- पांच-पांच राज्यों की तीन समितियों का गठन किया गया

### औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, जीवन और दुर्घटना बीमा आदि प्रदान करने वाले समग्र और टिकाऊ कल्याण कार्यक्रमों पर चर्चा की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि सहकारी संघवाद की भावना से प्रेरित दो दिन की बैठक में श्रम कल्याण को बढ़ावा देने, कारोबार सुगमता तथा राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।

## दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतें 49 फीसदी बढ़ीं: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आलीशान घरों की ऊंची मांग के कारण दिल्ली-एनसीआर में घरों की औसत कीमत चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 49 प्रतिशत बढ़कर 8,105 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। प्रॉपटाइगर ने अपनी रिपोर्ट 'रियल इनसाइटः रेजिडेंशियल एनुअल राउंड-अप 2024' में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतों में बढ़ोतरी आठ प्रमुख शहरों में सबसे अधिक रही।

इन आठ शहरों में दिल्ली-एनसीआर के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र (मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे) और पुणे शामिल हैं। प्रॉपटाइगर का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी लक्जरी घरों की उच्च मांग के साथ-साथ निर्माण सामग्री और श्रम की लागत में वृद्धि के कारण हुई है।

## व्हर्लपूल भारतीय इकाई में घटाएगी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी घरेलू उपकरण विनिर्माता व्हर्लपूल कॉरपोरेशन ने अपनी भारतीय इकाई व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 20 प्रतिशत तक करने की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि हिस्सेदारी 2025 के मध्य से अंत तक घटाई जाएगी। व्हर्लपूल कॉरपोरेशन ने पिछले साल फरवरी में थोक सौदे में व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड में अपनी 24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी। इस सौदे से कंपनी ने लगभग 46.8 करोड़ डॉलर जुटाए थे। व्हर्लपूल कॉरपोरेशन की इस समय व्हर्लपूल ऑफ इंडिया में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## भारत खुद का तैयार करेगा एआई मॉडल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को देश की एआई (कृत्रिम मेधा) महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना खुद का आधारभूत मॉडल तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) द्वारा संचालित सबसे सस्ती कॉमन कम्प्यूट सुविधा तैयार करेगा, जिसकी मदद से चैटजीपीटी, डीपसीक आर1 और ऐसे ही दूसरे एआई मॉडल को टक्कर दी जा सकती है। भारत का यह साहसिक कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब चीनी कंपनी डीपसीक ने अपने एआई मॉडल से लोगों का ध्यान खींचा है। डीपसीक ने एआई के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों के प्रभुत्व को चुनौती दी है। वैष्णव ने भरोसा जताया कि भारत एक ऐसा आधारभूत मॉडल बनाएगा, जो विश्वस्तरीय होगा और दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ मॉडल के साथ मुकाबला कर सकेगा।

## अक्टूबर तक 20 लाख घरों में होगी सौर प्रणाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने गुरुवार को कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर लगाये जा रहे सौर संयंत्रों की संख्या अक्टूबर 2025 तक 20 लाख के आंकड़े पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने यहां उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 'डिस्कॉम' सम्मेलन में कहा कि मार्च तक छतों पर लगभग 10 लाख सौर संयंत्र स्थापित होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। नाइक ने कहा कि योजना के तहत मार्च तक सौर प्रणाली की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर जाने और अक्टूबर तक यह संख्या दोगुनी होकर 20 लाख हो जाने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि योजना के तहत मार्च, 2026 तक यह आंकड़ा 40 लाख तक और अंततः मार्च, 2027 तक एक करोड़ तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 फरवरी, 2024 को 75,021 करोड़ रुपये के बजट व्यय के साथ शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य छतों पर सौर प्रणाली लगाने को सुगम बनाकर घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है।

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

## भारतीय 'जिम्नी फाइव-डोर' जापान में लांच...



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को कहा कि भारत में बने 'जिम्नी फाइव-डोर' मॉडल की जापानी बाजार में बिक्री शुरू की गई है। विशेष रूप से मारुति सुजुकी के गुरुग्राम स्थित संयंत्र में बने इस एसयूवी को गुरुवार को जापान में पेश किया गया। जिम्नी फाइव-डोर मॉडल वित्त वर्ष 2024-25 में फ्रोंक्स के बाद सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के घरेलू बाजार में पेश किया जाने वाला दूसरा एसयूवी बन गया है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने एक बयान में कहा, ''भारत में बनी जिम्नी 5-डोर को जापान में पेश किए जाने से हमारी वैश्विक स्तर की विनिर्माण क्षमता का पता चलता है।'

## जेएसडब्लू एनर्जी का पूंजीगत व्यय अब 10,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



इस्पात क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पूंजीगत व्यय क्ष्य को संशोधित कर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया है, जो पहले के 15,000 करोड़ रुपये के अनुमान से कम है। एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 6,200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है।

जेएसडब्ल्यू एनर्जी के निदेशक (वित्त) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) प्रीतेश विनय ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में हमने लगभग 6,200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक हमारा कुल पूंजीगत व्यय लगभग 10,000 करोड़ रुपये रहेगा। उन्होंने बताया कि शुरुआत में कंपनी ने इस वित्त वर्ष के लिए 15,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाया था, लेकिन कुछ चुनौतियां आ गईं, जिनकी वजह से निवेश में कमी आई।

- कंपनी ने इस वित्त वर्ष के लिए 15,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाया था

## सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए योजना बेहतर : फियो

# 'क्रेडिट गारंटी' योजना से कर्ज सुविधा होगी बेहतर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने गुरुवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना की मंजूरी से विशेषकर विनिर्माण और निर्यात में लगे छोटे उद्यमों के लिए वित्तीय पहुंच बेहतर होगी। साथ ही इससे उत्पादन प्रक्रिया को आधुनिक बनाने तथा उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप बुधवार को एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की। इस योजना में 100 करोड़ रुपए तक के कर्ज को शामिल किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए शुरू म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना का उद्देश्य उपकरणों की खरीद के लिए पात्र उद्यमों को स्वीकृत 100 करोड़ रुपए तक की ऋण-सुविधा देने के लिए पात्र वित्तीय संस्थानों को राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड से 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज देना है। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बयान में कहा, 'कर्ज प्रवाह में वृद्धि करने और एमएसएमई की उत्पादन प्रक्रिया को आधुनिक बनाने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिहाज से म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना की मंजूरी, मील का पत्थर है।

- उत्पादन बढ़ाने से म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना की मंजूरी, मील का पत्थर है

### योजना के लाभ के लिए शर्तें

योजना का लाभ उठाने के लिए एमएसएमई को कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। उधारकर्ता को वैध उद्यम पंजीकरण संख्या वाला एमएसएमई होना चाहिए, गारंटीकृत ऋण राशि 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए और उपकरणों की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत होनी चाहिए।फियो प्रमुख ने कहा कि 100 करोड़ रुपए तक की कर्ज सुविधा के साथ, एमएसएमई को अब आधुनिक मशीनरी और उपकरणों में निवेश करने के लिए जरूरी सहायता मिलेगी।



### वित्तीय पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी : अश्विनी

सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों, विशेषकर विनिर्माण और निर्यात में लगे उद्यमों की वित्तीय पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।' अश्विनी कुमार ने कहा कि पूंजी निवेश के लिए पर्याप्त वित्तपोषण की कमी लंबे समय से एमएसएमई के लिए एक चुनौती रही है, जिससे वैश्विक बाजारों में आगे बढ़ने और प्रतिस्पर्धा करने की उनकी क्षमता सीमित हुई है।

## अदाणी पोर्ट्स का मुनाफा तिमाही में 14 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 2,518.39 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने बताया कि आमदनी बढ़ने से उसके मुनाफे में वृद्धि हुई है।पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,208.21 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 8,186.90 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,426.95 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च दिसंबर तिमाही में बढ़कर 5,190.53 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,588.10 करोड़ रुपये था।

## चिंतन

# यह बजट सत्र उपयोगी रहे हंगामे में नष्ट न हो वक्त

आज 31 जनवरी से बजट सत्र का आगाज हो रहा है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ मोदी 3.0 सरकार का दूसरा महत्वपूर्ण बजट सत्र शुरू होगा। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था और जुलाई में पूर्ण बजट। जून में सरकार गठन के तुरंत बाद बजट आया था, तो इसमें वो पैनापन नहीं था, जिसकी जरूरत थी। इस लिहाज से कल एक फरवरी को पेश होने वाला बजट सरकार की दशा व दिशा तय करेगा। अभी सरकार के पास चार वर्ष हैं, जिसमें उसके पास व्यापक आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाने का अवसर है। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अपने एजेंडे व मंशा सरकार के सामने रखे हैं, जिसमें महाकुंभ में भगदड़, अतिविशिष्ट को अधिक तवज्जो, किसान आंदोलन व किसानों की समस्या, महंगाई, बेरोजगारी आदि विषयों पर चर्चा की मांग है। इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से कहा है कि बजट सत्र के एजेंडे पर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। साफ है कि सरकार व विपक्ष के रुख में सामंजस्य की बात नहीं है, इससे बजट सत्र में हंगामा के आसार बन रहे हैं। जैसा कि अब तक करीब दो दशक से संसद सत्र के दौरान हंगामे के चलते सदन का कीमती वक्त जाया होता रहा है, सत्र में विधेयक पास कराना मुश्किल होता गया है, हंगामेदार सत्र के कारण ही विधेयक पर ठीक ढंग से चर्चा तक नहीं हो पाती है। कायदे से सर्वदलीय बैठक सत्र से दो दिन पहले हो, उसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद कार्य एजेंडा तय हो जाए, फिर उसी अनुरूप सदन में चर्चा हो। सरकार को भी सभी प्रस्तावित विधेयकों और कामकाज के बारे में विपक्ष के सामने सभी पहलुओं को रखना चाहिए। सरकार व विपक्ष अगर सामंजस्य के साथ चलेंगे तो कोई भी संसद सत्र सुचारू रूप से चल सकेगा। संसद सत्र को राजनीति का अखाड़ा बनने से रोकना सरकार का ही दायित्व है, जिसमें विपक्ष को विश्वास में लेना जरूरी है। अगर देश बदल रहा है, अमृतकाल चल रहा है, नए भारत की बात हो रही है तो राजनीति भी बदलनी चाहिए। संसद राजनीति की शाला नहीं होनी चाहिए। 21वीं सदी के दो दशक बीतने के बाद की संसद विधायी कार्यों व सार्थक चर्चा से लबरेज होनी चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य में संसद की गतिशीलता, सार्थकता और राजनीतिक व संसदीय अनुशासन भी होने चाहिए। न तो विपक्ष की मांग को अनसुना किया जा सकता है और न ही सरकार कुछ भी थोप सकती है। संसद की कार्य उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। भारतीय संसद की कार्यप्रणाली दुनिया के लिए नजीर बननी चाहिए। आमतौर पर सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति संसद सत्र के पहले दिन से ही टूट जाती है, इसे रोकने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव के बाद सांसदों को विधायी कार्य के बारे में प्रॉपर अनिवार्य प्रशिक्षण होना चाहिए, सांसदों के बात रखने का तरीका तय होना चाहिए। हालांकि यह सब नियम है, इसके बावजूद व्यवहार में संसद की गरिमा का पालन नहीं होता है। सांसद हंगामे को ही अपना दायित्व समझ लेते हैं। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और विपक्षी दलों की मांगों के बारे में जानने का अवसर होता है। दो चरणों में चलने वाले यह बजट सत्र देश के लिए उपयोगी होना चाहिए, बजट व अन्य सभी विधेयकों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए, चर्चा हांगामे की भेंट नहीं चढ़नी चाहिए। हंगामा खड़ा करना विपक्ष का मकसद नहीं होना चाहिए।



## महाकुंभ भगदड़
प्रमोद भार्गव

# आस्था का आवेग बना हादसे का कारण

> रात 9-10 बजे से ही यह अपील की जा रही थी कि लोग स्नान करते चलें और संगम स्थल से निकल जाएं। परंतु शुभ मुहूर्त के फेर में आस्थावान श्रद्धालु डटे रहे और सनातन के चरम पर पहुंचे कुंभ में अनहोनी घट गई। घटना से स्थितप्रज्ञ अधिकारियों का विवेक कुछ समझ ही नहीं पाया, नतीजतन आकस्मिक उपचार की सुविधाएं भी विलंब से पहुंची। साफ है, जब ऐसी परिस्थिति की आशंका थी, तब पहले से ही परिकल्पना करके उससे तत्काल निपटने के उपाय प्रशासन को संगम पर करने की जरूरत थी। वस्तुतः आस्था के अनियंत्रित आवेग में खोते हुए विवेक ने घटना को अंजाम दे दिया। यहां जरूरत थी कि भीड़ को मेले में प्रवेश ही एक तय संख्या के समूह में क्रम से दिया जाता।

प्रचार का प्रभाव और पर्व विशेष में त्रिवेणी में डुबकी लगाने के उत्साह में मची भगदड़ में तीस लोग प्राण गंवा बैठे और करीब 60 लोग घायल हो गए। 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के स्नान का विशेष मुहूर्त था। करोड़ों लोग मुहूर्त की प्रतीक्षा की शुभ घड़ी में गंगा तट पर एकत्रित होते चले गए। यहीं रुके और चादर बिछाकर सो भी गए। फिर जब अर्धरात्रि में एक से दो बजे के बीच स्नान के लिए भीड़ का सैलाब उमड़ा तो रेत पर सोये लोगों की अनदेखी करते आगे बढ़े और लड़खड़ाकर एक-दूसरे पर गिरने लगे। इस उठापटक में संभलने का अवसर भी नहीं मिला और लोग हताहत होते चले गए। ऐसा नहीं था कि प्रशासन को इस तरह के संकट की आशंका न हो? क्योंकि पांच से लेकर 10 करोड़ लोगों के संगम में डुबकी लगाने की संभावना पूर्व से ही जताई जा रही थी। रात 9-10 बजे से ही यह अपील की जा रही थी कि लोग स्नान करते चलें और संगम स्थल से निकल जाएं। परंतु शुभ मुहूर्त के फेर में आस्थावान श्रद्धालु डटे रहे और सनातन के चरम पर पहुंचे कुंभ में अनहोनी घट गई। घटना से स्थितप्रज्ञ अधिकारियों का विवेक कुछ समझ ही नहीं पाया, नतीजतन आकस्मिक उपचार की सुविधाएं भी विलंब से पहुंची। साफ है, जब ऐसी परिस्थिति की आशंका थी, तब पहले से ही परिकल्पना करके उससे तत्काल निपटने के उपाय प्रशासन को संगम पर करने की जरूरत थी। वस्तुतः आस्था के अनियंत्रित आवेग में खोते हुए विवेक ने घटना को अंजाम दे दिया। यहां जरूरत थी कि भीड़ को मेले में प्रवेश ही एक तय संख्या के समूह में क्रम से दिया जाता। प्रशासन ने इसी मेले में गीता प्रेस के परिसर में आग लगने के बावजूद कोई सबक नहीं लिया।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। इसी प्रयाग के 2013 में संपन्न हुए कुंभ मेले में रेलवे स्टेशन पर बने पैदल पुल पर भगदड़ मचने से 42 लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन प्रशासन ने इस घटना से कोई सबक नहीं लिया। 1954 में भी प्रयागराज के कुंभ में 3 फरवरी को मौनी अमावस्या पर भगदड़ मची और 800 लोग काल के गाल में समा गए। 1986 में हरिद्वार के कुंभ में वीआईपी दर्जे के लोगों को विशेष स्नान के लिए भीड़ रोक देने के कारण भगदड़ मची और 200 लोग मारे गए थे। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्मस्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अकसर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने



में चूकते दिखाई देते हैं। वस्तुतः कुप्रबंधन को लेकर विपक्ष को आयोजन में कमियां उजागर करने का मौका मिल गया। इस कुंभ की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की गई। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को कुंभ स्नान के लिए आमंत्रित किया गया। फलतः कौने-कौने से श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाने का मन बना लिया। नतीजा यह निकला कि जिसे जो आवागमन का साधन मिला, प्रयागराज की ओर चल दिया। जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ा कि परिवहन से लेकर प्रयाग में प्रबंधन के सभी साधन कम पड़ गए। करोड़ों की भीड़ को संभालने के लिए सात स्तरीय सुरक्षा प्रबंधों से लेकर जो भी आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब ध्वस्त हो गए। ऐसा मेले के विराट रूप में बदल जाने के कारण हुआ। ऐसे में भीड़ के अनुपात में यातायात और सुरक्षा के इंतजाम देखने में नहीं आते। जबकि शासन-प्रशासन के पास पिछले पर्वों के आंकड़े और अनुभव होते हैं। बावजूद लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरूरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते ? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने खासतौर से युरोपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे। प्रशिक्षण के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ जाती है। ऐसे में कोई महिला या बच्चा गिरकर अनजाने में भीड़ के पैरों तले रौंद दिया जाता है और भगदड़ मच जाती है। इस कुंभ में जहां केंद्रीय मंत्रीमंडल के मंत्री स्नान के लिए आते रहे, वहीं भाजपा शासित प्रदेश सरकारों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने भी वीआईपी घेरे में श्रद्धालुओं को परे करके डुबकी लगाई। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। धार्मिक स्थलों पर भीड़ बढ़ाने का काम मीडिया भी कर रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया भी टीआरपी के लालच में अहम भूमिका निभाता नजर आ रहा है। इस मीडिया के अस्तित्व में आने के बाद धर्म के क्षेत्र में कर्मकांड और पाखण्ड का आडंबर जितना बढ़ा है, उतना पहले कभी देखने में नहीं आया। यही मीडिया पाखंड के सार्वजनिक खुलासे के बाद मूर्तिभंजक की भूमिका में भी खड़ा हो जाता है। मीडिया का यही नाट्य रूपांतरण अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## बैंकिंग सुधार
सतीश सिंह



# बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान की बजट में उम्मीद

वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाने वाला है, जिसमें आगामी वित्त वर्ष के लिए वैसे प्रावधान किए जाएंगे, जिनकी मदद से विकास को गति दी जा सके। साथ ही वंचित तबकों और किसानों की बेहतरी के लिए समुचित उपाय किया जा सके। देश के विकास को सुनिश्चित करने में विनिर्माण, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, रेल आदि क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन बैंकों की भूमिका इन सभी क्षेत्रों से ज्यादा महत्वपूर्ण रही है और ये इन सभी क्षेत्रों के विकास की दशा और दिशा को तय कर रहे हैं। बजट को उद्देश्यपरक और कारगर बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं, जिसमें बैंक भी शामिल हैं। आजादी के बाद से ही देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बैंक अहम भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि सरकार बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान बजट में करे। जब बैंक मजबूत होंगे, तभी ये देश को भी आर्थिक रूप से सबल बना सकेंगे। आज बैंकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या सस्ती पूंजी की कमी की है। मोटे तौर पर बैंक का काम ग्राहकों से जमा लेना और उसी जमा को जरूरतमंदों और कारोबारियों के बीच ऋण के रूप में वितरित करना है। बैंक जमा पर कम ब्याज देते हैं और ऋण पर ज्यादा ब्याज लेते हैं। ब्याज दरों में अंतर से ही बैंक मुनाफा कमाता है। मौजूदा समय में बचत, आवृति और सावधि जमा पर अर्जित ब्याज पर सरकार टैक्स वसूल रही है। बैंकों ने भी अपनी कमाई बढ़ाने के लिए जमा को म्यूच्यूअल फंड और बीमा में निवेश किया है। इधर, कुछ सालों से अर्थव्यवस्था के मजबूत रहने से शेयर बाजार का सेंसेक्स लगातार ऊपर जा रहा है और लोगों को शेयर बाजार व म्यूच्यूअल फंड में निवेश पर बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। ऐसी स्थिति में घरेलू निवेशक बैंक में निवेश करने से परहेज कर रहे हैं। जमा की किल्लत की वजह से बैंकों को ऋण देने के लिए बाजार से अधिक ब्याज पर पूंजी उठानी पड़ रही है और बाजार में तरलता का संकट पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उधारी के उठाव में कमी आने से आर्थिक गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय कमी आई है। लिहाजा,व्यक्तिगत बचत को प्रोत्साहित करने के लिए बचत, आवृति एवं सावधि जमा पर अर्जित ब्याज को करमुक्त बनाने की जरूरत है। साथ ही,आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत सभी बैंक जमा पर कर की छूट भी देनी चाहिए। जमा को प्रोत्साहित करने के लिए गारंटीकृत रिटर्न के साथ सरकार द्वारा समर्थित बचत योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू करना चाहिए, क्योंकि ग्रामीण अभी भी शेयर बाजार और म्यूच्यूअल फंड में निवेश करने से बचते हैं। इस क्रम में बचत को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों द्वारा जमा राशि पर कर मुक्त ब्याज देने की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार को आकर्षक दीर्घ-अवधि सरकारी बचत बॉन्ड बैंकों के माध्यम से बेचना चाहिए, ताकि बैंक की जमा में वृद्धि हो और सार्वजनिक क्षेत्र की उधारी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सके। सरकार को ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कानून बनाने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराध की आवृति बढ़ने से भी आमजन बैंकों में जमा रखने से परहेज कर रहे हैं। बैंक के विफल होने की स्थिति में जमा बीमा दावों की प्रक्रिया को और सरल बनाना चाहिए। इससे भी जमा को बढ़ावा मिल सकता है। बैंकों के ग़ैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में विगत वर्षों में उल्लेखनीय कमी आई है। फिर भी, सर्फेसी, बैंक अदालत आदि वसूली तंत्रों को और भी मजबूत बनाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस जनवरी 2025 से शुरू की जाने वाली है। कुछ बैंकों ने फ़िलिहाल इस भार को खुद वहन किया है तो कुछ ने नहीं। सरकार द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने की जरूरत है। हाल के कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में बेहतरी आई है और एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बैंकिंग सुविधाओं के डिजिटल हो जाने के बाद, ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं में बहुत तेजी आई है, जिससे निवेशकों का बैंकों पर से भरोसा कम हुआ है। बैंकों के वसूली तंत्र की कमजोरी के कारण भी एनपीए में अपेक्षित कमी नहीं आई है। इधर, बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस की कटौती से उनके मनोबल में कमी दर्ज की गई है, जिससे बैंक के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ी है। अस्तु, इन समस्याओं का समाधान करने वाले प्रावधान बजट में करने की जरूरत है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर दिन सुखद और आनंददायक



संकलित
## दर्शन

आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंदकी लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है। सदैव स्मरण रखें कि बाह्य स्थितियाँ एवं परिस्थितियां सदैव अनुकूल नहीं रह सकती हैं। ध्यान के माध्यम से आत्म-अवलोकन करें तथा अपनी आंतरिक गहन शांति एवं नीरवता का सागर खोजें। विश्वास करें कि सब कुछ दिव्य योजना के अनुसार नियंत्रण में है।

# देने वाला तो कोई और है



संकलित
## प्रेरणा

रहीम खान खाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नज़र दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नज़र नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा? ऐसी देनी देन जू कित सीखे हो सैन। ज्यों-ज्यों कर ऊंचे करो, त्यों-त्यों नीचे नैन। इस पर रहीम ने दोहे के रूप में इसका उत्तर दिया, 'देनहार कोउ और है, भेजत सो दिन रैन। लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन' देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं। लेकिन प्रश्न चाहे किसी ने भी किया हो, महत्वपूर्ण बात तो रहीम के उत्तर में निहित है, कि दान देते समय या किसी की मदद करते समय हमारे मन में अभिमान नहीं बल्कि नम्रता का भाव होना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी?

*-विजय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### 'बापू' को शत-शत नमन!



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, उनके दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### सद्प्रयासों पर मिट्टी



ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग महाकुंभ में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं, उनके सद्प्रयासों के ऊपर राजनीतिक विद्वेषवश मिट्टी डाल दी जा रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मानव बुद्धि महत्वपूर्ण



मुकेश अम्बानी ने बहुत अच्छा कहा कि उत्पादकता, सटीकता और दक्षता बढ़ाने में एआई एक महत्वपूर्ण तत्व हो सकता है। लेकिन अंततः यह मानव बुद्धि ही है जो प्रगति, विकास और नवाचार का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### स्वास्थ्य ही सबकुछ



खुद प्रधानमंत्री ने इसे इतने उपयुक्त तरीके से रखा है कि स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। कुछ भी वर्कआउट करो पर करो तो सही। नियमित व्यायाम आपके जीवन को बदल देगा। इस पर विश्वास करें और आगे बढ़ें।

-अक्षय कुमार, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ट्रंप को 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' कहा भारत-अमेरिका संबंध होंगे मजबूत



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का उल्लेख करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में एक संवाद सत्र में जयशंकर ने वैश्विक कूटनीति की उभरती प्रकृति और इसके प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। ट्रंप भारत के मित्र हैं या शत्रु, इस बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा, मैंने हाल ही में उनके (ट्रंप के) शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था और हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया गया। मेरा मानना है कि वह एक अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं।' उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप की नीतियां वैश्विक मामलों में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित से निर्देशित होती रहेगी। जयशंकर ने कहा, हां, वह (ट्रंप) बहुत सी चीजें बदलेंगे, हो सकता है कि कुछ चीजें उम्मीद के अनुरूप नहीं हों, लेकिन हमें देश के हित में विदेश नीतियों के संदर्भ में खुला रहना होगा। उन्होंने कहा, 'कुछ मुद्दे हो सकते हैं जिन पर हम एकमत न हों, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे होंगे जहां चीजें हमारे दायरे में होंगी। जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्रंप के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंधों पर भी जोर देते हुए कहा, अमेरिका के साथ हमारे संबंध मजबूत हैं।

## ऑफ बीट

# वायरल गर्ल मोनालिसा को मिली बॉलीवुड फिल्म



प्रयागराज महाकुंभ में माला बेचने वाली वायरल लड़की मोनालिसा बॉलीवुड में एंट्री लेने वाली हैं। वे डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में आने वाली हैं। इस बात की जानकारी खुद डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने एक वीडियो शेयर करते हुए दी है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मोनालिसा के साथ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि नमस्कार दोस्तों मैं फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा। मेरे साथ आज प्रयागराज की सनसनी बनी हुई मोनालिसा हैं और आप लोगों से जैसा की मैंने कहा था कि मेरी अगली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में मैं इनको कास्ट कर रहा हूं, तो मैं इनसे मिलने के लिए प्रयागराज भी गया था और अब इनके गांव आया हुआ हूं। इसके आगे डायरेक्टर ने कहा कि मैं आज इनकी फैमिली के साथ, इनके पिताजी के साथ पूरे परिवार के साथ बैठकर हमारी बातचीत हुई। सारे मुद्दों पर बातचीत हुई और सच कहूं तो बहुत ही इनोसेंट लोग है। ये मेरी सोच से भी परे लोग हैं इतने इनोसेंट हैं। अब से मैंने जो बेडा उठाया था, मुझे लग रहा है कि अब से मेरी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि मैंने वो जिम्मेदारी ली थी। अब इसे बहुत अच्छे में प्रेजेंट भी करूंगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट नगर में कल से लगाये जाएँगे शिविर

**कटनी।** महापौर प्रीति संजीव सूरी के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने ट्रांसपोर्ट नगर में शिविर आयोजित किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। श्री दुबे ने राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को प्रभारी अधिकारी बनाते हुए अन्य अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न दायित्व सौंपे है। विदित हो पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार नागरिक सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह शिविर ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटित भू-खण्डों के ट्रांसपोर्टर्स के लीज रेंट, सम्पत्ति कर वसूली, भवन अनुज्ञा की कार्यवाही के लिए 1 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक आयोजित किए जायेंगे ,जिसमें ट्रांसपोर्टस को मौके पर ही निराकरण की कार्यवाही की सुविधा दी जाएगी । महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं आयुक्त नीलेश दुबे ने शेष समस्त ट्रांसपोर्टर्स से आयोजित शिविरों में त्वरित निराकरण का लाभ लेते हुए नगर विकास में सहायक बनने की अपील की है।

### शहीदों की स्मृति में रखा दो मिनिट का मौन

**कटनी।** जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार, 30 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले वीर सपूतों की याद में मौन धारण कर उन्हें याद किया जाता है। इस दौरान सुश्री विजयलक्ष्मी मरावी, योगेंद्र कुमार असाटी, अनुराग सिंह, मंजुल मयंक त्रिपाठी, धनराज चौधरी, नरेंद्र रुपेरिया, गोदफ्रिज किसपोट्टा, राजकुमार पांडेय ,नरेश राठौर, संजय सोंधिया, कमलाकर मिश्रा, प्रदीप जैन, सपन चतुर्वेदी, मोहम्मद आरिफ,रोहित श्रीवास, सुग्रीव मरावी, मोहम्मद शहजाद,सोहन दाहिया, दयाशंकर, सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### महिला से 4 लाख रूपए की धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**कटनी।** उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम बनहरी में बीड़ी पत्ती श्रमिक से संबंधित छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर महिलाओं के बीच 4 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी महिला के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि ग्राम बनहरी निवासी 60 वर्षीय वृद्ध महिला भागवती बाई को गांव की ही ललिता बाई चौधरी ने बीड़ी पत्ती श्रमिक छात्रवृत्ति दिलाने का प्रलोभन दिया और छात्रवृत्ति के लिए उसके किसी परिजन का फार्म भराया। बाद में ललिता चौधरी ने भागवती बाई को बोला कि उसने नाबालिग का फार्म भरा दिया है, इसलिए उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। कानूनी कार्रवाई से बचाने के एवज में भागवती बाई से ललिता चौधरी ने 4 लाख रूपए ऐंठ लिए। जिसकी शिकायत भागवती चौधरी के द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन से की गई। बाद में पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर उमरियापान पुलिस ने भागवती बाई की शिकायत पर ललिता चौधरी के विरूद्ध धारा 420, 406 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### कलेक्ट्रेट में रखा गया दो मिनट का मौन

**कटनी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर अमर शहीदों की स्मृति में गुरुवार प्रातः 11 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात सायरन बजते ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, निधि सिंह गोहल, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी और विवेक गुप्ता सहित अन्य शासकीय सेवकों की उपस्थिति रही। सभी शासकीय सेवकों द्वारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिले के शासकीय कार्यालयों मे दो मिनट के लिए गतिविधियां रोककर जो व्यक्ति जहां भी रहे, उन्होंने वहां शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया।

### बरही तहसील में संचालित कुटेश्वर लाइन स्टोन माइंस में मानकों की अनदेखी

# वाहनों की धमाचौकड़ी से उड़ रहा धूल का गुबार बना रहा है बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही तहसील में भारत सरकार का उपक्रम कुटेश्वर लाइम स्टोन माइंस गैरतलाई में संचालित है। यहां प्रदूषण मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। यहां लोडिंग अनलोडिंग एवं भारी वाहनों की रेलमपेल के चलते धूल डस्ट का गुबार उड़ता रहता है। धूल का गुबार इतना रहता है कि दिन में शाम के नजारे नजर आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। लगातार धूल डस्ट उड़ती रहती है जिससे आसपास के ग्रामों में रहने वाले लोग श्वांस रोग संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी शिकायतों पर न तो कंपनी प्रबंधन ध्यान दे रहा है और न ही अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि। आलम यह है कि लोग धूल डस्ट के साये में जीने को विवश हैं। स्टोन माइंस संचालन के लिए सरकार द्वारा बकायदे नियम बनाये गए हैं लेकिन नियमों का पालन प्रबंधन द्वारा नहीं किया जा रहा है और न ही जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस ओर कोई जांच कार्यवाही कर रहे हैं जिससे मनमानी का राज चल रहा है।

धूल डस्ट के लगातार संपर्क में बने रहने के चलते ग्रामीण गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। खितौली रोड पेट्रोल टंकी के पास राहगीरों का चलना मुश्किल है। रोड पर धूल 24 घंटे उड़ती है जिससे वाहन चालक एवं ग्रामीणजन भी खासा परेशान हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए सुनने वाला कोई नहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ो हाइवा गिट्टी, पत्थर लेकर गैरतलाई क्रेशर से लेकर दर्जनों गांव होते हुए बरही नगर के बीचो-बीच से होकर रात दिन निकलते हैं और जहां डंप करते हैं वह भी नगर परिषद के वार्ड नंबर 12, 13, 14, 15 के लोग निवास करते हैं। ये लोग पर्यावरण प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण से परेशान रहते हैं। हाइवा जहां गिट्टी डंप करते हैं उनका प्रदूषण और रैक लोडिंग का कार्य होता है वहां भी प्रदूषण कुल मिलाकर चारो तरफ धूल के गुब्बारे रैक लोडिंग के समय उड़ता है। दिन में भी रात जैसा नजारा दिखता है। जनता के सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है।

#### अधिकारी, जनप्रतिनिधि बेपरवाह

नगर से होकर सैकड़ो ओवरलोड वाहन धूल के गुब्बारा उड़ाते, ध्वनि प्रदूषण करते चलते हैं। रैक लोडिंग का भी कार्य चलता है जहां से धूल उड़कर वायु प्रदूषण बढ़ाती है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते आमजन प्रदूषण का दंश झेल रहे हैं।

# बाबा थॉवरदास का बर्सी महोत्सव 22 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सतगुरू बाबा थॉवरदास जी का 154वॉ वर्सी महोत्सव दरबार की दादी साहिब जी के सानिध्य में एवं संत सांई नारायण दास जी के कुशल संचालन में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक सभी कार्यक्रम मेहड़ दरबार के मंगल आत्म भवन में आयोजित होंगे।

समाजसेवी वरंद चांदवानी की जानकारी अनुसार उक्त वर्सी महोत्सव का कार्यक्रम 15 से 21 फरवरी तक 154 श्री सुखमनी का पाठ दरबार के सेवक-सेविकाओं द्वारा रोजाना प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जायेगा। 21 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सुखमनी के पाठ को भोग पड़ेगा व गुरूदेवों की आरती अरदास के बाद भोजन प्रसाद आयोजित होगा।

वर्सी साहब का मुख्य कार्यक्रम 22 फरवरी, दिन शनिवार को सुबह 8 बजे से गुरू के पाठ की पालकी व संतों सेवकों की भव्य शोभायात्रा, शंख नरसिंगा एवं बैंड धमाल बाजों की करतल ध्वनि के साथ निकलेगी एवं शांति नगर के भ्रमण पश्चात 11 बजे श्री मंगल आत्म भवन पहुंचेगी एवं वहां पर पूजन व भजन कीर्तन के बाद दोपहर 12 बजे गुरू का अखण्ड पाठ प्रारंभ होगा। इस भव्य शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा धमाल बैंड बजाकर शानदार प्रस्तुति देगी। दिनांक 23 फरवरी, रविवार को सुबह 10 बजे से हवन यज्ञ एवं दोपहर 12 बजे से बच्चों के वैदिक मंत्रोपचार के साथ निःशुल्क सामूहिक जनेऊ संस्कार व सायंकाल 5 बजे सिंधी लाड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भागवत लीलाओं का आयोजन होगा।

24 फरवरी, सोमवार को सुबह पूज्य समाधी साहब का पूजन व 11 बजे से वर्सी साहब का आम भंडारा (गुरू का लंगर) एवं दोपहर 12 बजे गुरू के अखण्ड पाठ को भोग पड़ेगा व आरती अरदास के बाद संत समागम व संतों का भण्डारा आयोजित होगा। इसी दिन सायंकाल 7 बजे से सत्संग भजन कीर्तन के पश्चात वर्सी साहब का पल्लव (आर्शीवाद) समारोह आयोजित होगा। इसी दिन निःशुल्क जांच शिविर में दवाईयों का वितरण 25 फरवरी, मंगलवार को प्रातः 10 बजे नामदान (पहल) का आयोजन होगा। सभी धर्मप्रिय जनों से बाबा थॉवरदास सेवा मंडल आग्रह करता है कि इस महान करामाती संत के वर्सी महोत्सव के हर कार्यक्रम में पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

### स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम में बैठक आयोजित

# स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्चतम रैंक लाने के लिए दिए गए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर बुधवार को निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में स्वच्छता टीम के साथ तैयारियों एवं अकलोकन हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण अन्तर्गत औचक निरीक्षण के लिए आए पराग सोमवंशी ने बैठक में निकायों की रैंकिंग में सुधार और इसे विभिन्न गतिविधियों व नवाचार के जरिए बेहतर करने के संबंध में कुछ आवश्यक प्रमुख बिंदुओं जैसे कचरे को पृथक्करण,अच्छी मॉनिटरिंग, रेड स्पॉट एवं ओपन यूरिनल को ख़त्म करने इत्यादि के बारे बताया ताकि पिछली रैंकिंग में जिन बिंदुओं के कारण रैंकिंग प्रभावित हुई उनमें सुधार कर आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में उच्चतम रैंकिंग हासिल किया जा सके।

बैठक के अगले क्रम में निगमायुक्त ने स्वास्थ्य दल को अलर्ट करते हुए कहा कि समय अत्यधिक कम है देश प्रदेश के अन्य शहरों के साथ-साथ कटनी में भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- का आगाज होने जा रहा है जिसके लिये सभी स्वच्छता निरीक्षक,वार्ड दारोगा बिन्दुवार तैयारियों को करते हुए उन्हें अंतिम रूप देने हेतु व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें।सभी सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखवाएं तथा लोगों को जागरूक व प्रेरित करें कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालें एवं कचरा रोड में फेकने वालों पर चेतावनी व चालानी कार्यवाही करे,डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में कसावट लाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर, दुकान से गीला एवं सूखा कचरे का पृथक्करण व संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए,सफाई के बाद कचरे ज़मीन में खुला न छोड़े बैग में रखें,सी एंड डी वेस्ट (किसी भी प्रकार का मलवा) अनावश्यक कही भी पाया न जाये,टॉयलेट साफ हो,स्कूलों में भी टॉयलेट साफ होने के साथ कचरे का प्रबंधन किया जाये साथ ही नदियों,तालाबों एवं अन्य वाटरबाडी की साफ-सफाई सौदंर्यीकरण, से जुडे. कार्यो पर भी फोकस करें।

उक्त बैठक में प्र सहा यंत्री एवं एसबीएम नोडल अधिकारी आदेश जैन ,प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,सहा नोडल अधिकारी जिशान खान, एम.एस.डब्ल्यू की टीम एवं समस्त क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक,वार्ड दारोग़ाओं की उपस्थिति रही।

## महाविद्यालय बड़वारा में कॉलेज चलो अभियान



राज्य शासन के निर्देशानुसार गुरूवार को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा, कॉलेज चलो अभियान आयोजित किया गया । इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा बड़वारा जनपद के अंतर्गत आने वाले हायर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश की जानकारी दी गई। महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं तथा छात्रवृत्ति एवं हितग्राही योजनाएं, नई शिक्षा नीति 2020, किस प्रकार महाविद्यालय में प्रवेश लिया जा सकता है एवं किन-किन विषयों का किस प्रकार से चुनाव किया जा सकता है, यह समस्त जानकारी शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर सोशल मीडिया वेबसाइट के द्वारा भी महाविद्यालय के विषय में प्रचार प्रसार किया गया, साथ ही साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी के सहयोग से ड्रॉप आउट छात्रों की जानकारी भी एकत्र की गई। कॉलेज चलो अभियान के द्वारा सत्र 2025-26 में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु छात्र छात्राओं का मार्ग दर्शन प्रदान किया गया।

### महापौर एवं स्थानीय पार्षद के सफल प्रयासों से होंगे विकास कार्य

# 31 लाख से होगा होगा पेवर ब्लॉक, बाउंड्रीवाल एवं शेड निर्माण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड में विकास के क्रम में बुधवार को वार्ड में स्थित मुक्तिधाम में होने जा रहे पेवर ब्लॉक,बाउंड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक रामानन्द विश्वकर्मा,उमेश प्रसाद से संपन्न कराया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं स्थानीय पार्षद विनोद लाला यादव के सफल प्रयासों से वार्ड वासियों को लगभग 31 लाख की लागत से होने जा रहे विकास कार्य की सौगात दी गई है।

इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा महापौर एवं स्थानीय पार्षद का पुष्प गुच्छ भेंट कर वार्ड में विकास कार्य के माध्यम से नागरिक सुविधा को सुलभ करने हेतु धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के इस अवसर पर एमआईसी मेंबर सुभाष साहू,गोविंद चावला, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद रजनी विष्णु केवट,महमूद आलम, उपयंत्री जे.पी बघेल, ठेकेदार मयूर जैन,नाजू भाईजान ,सहित जी.एन केवट, अवधेश केवट सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हितग्राहियों से माह जनवरी का राशन प्राप्त करने की अपील

**कटनी।** शासन के आदेशानुसार हितग्राहियों को जनवरी माह की खाद्यान्न सामग्री 31 जनवरी तक प्राप्त करना आवश्यक है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के सुचारू क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान माह में ही खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 31 जनवरी 2025 तक वर्तमान माह का खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी माह (निरन्तर) में भी राशन वितरण 01 से 31 तारीख की अवधि में पूर्ण किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने समस्त पात्रता पर्ची धारी हितग्राहियों से पात्रतानुसार खाद्यान्न 31 जनवरी तक उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान माह में पिछले माह का खाद्यान्न की पात्रता या राशन वितरण नहीं होगा। इसी तरह अब हितग्राहियों को वर्तमान माह की किसी भी तिथि पर खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करना आवश्यक है।

# बगदरा में जंगली हाथी ने गेहूं की फसल किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



तहसील अंतर्गत बफर जोन एरिया पनपथा के ग्राम बगदरा में एक सप्ताह से एक जंगली हाथी ने तांडव मचा कर रखा है। शाम ढलते ही जंगल से निकलकर गांव के समीप गेहूं के खेत में घुस जाता हैं, फसल खाता है। ग्राम के किसान रज्जू बैगा, जगमोहन चौधरी, प्रदीप यादव, कमलेश यादव व कई किसानों के खेत में लगी गेहूं की फसल राहर, केला, गन्ना को नष्ट कर दिया। शोर-शराबा ढोल नगाड़े बजाने पर जंगल की ओर चला जाता हैं। प्रतिदिन संध्या काल के बाद गांव की ओर फसल में आता हैं गेहूं की तकवारी करने वाले किसान डर के मारे रात में तकवारी करने से डरते हैं। लोगों का कहना है कि झुंड से बिछड़ा हुआ हाथी हैं। कुछ महीनों पहले जंगली हाथियों की मृत्यु कोदों खाने से हो गई थी। वन विभाग की गस्त चल रही है पर हाथी का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया जा रहा है। किसानों का कहना है हमारी फसल की मुआवजा राशि दिलवाया जाये। हाथी की आवाजाही से ग्रामीण डरे हुए है।

### 99.9 फीसदी से अधिक आवेदनों का किया गया निराकरण

# जिले की 407 ग्राम पंचायत एवं 90 वार्डो में आयोजित हुए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक जिले की सभी 407 ग्राम पंचायतों और 90 नगरीय निकायों के वार्डों में किया किया गया। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के कुशल निर्देशन में अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल शत - प्रतिशत 497 शिविर आयोजित किये जाकर नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित होने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई।

#### 495 शिविरों का हुआ आयोजन

जिले में 26 जनवरी 2025 तक आयोजित 497 शिविरों में प्राप्त कुल 63 हजार 175 आवेदन प्राप्त किये गए। जिनमें 99.5 फीसदी 62 हजार 582 आवेदन शिविर में तथा 0.5 फीसदी 323 आवेदन ऑनलाइन शामिल है। उपरोक्त प्राप्त आवेदनों में 99.9 फीसदी आवेदन 63 हजार 136 आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है। शेष 0.1 फीसदी कुल 39 आवेदनों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की सतत समीक्षा के फलस्वरूप अंतिम छोर के पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई।

#### विभागवार प्राप्त एवं निराकृत आवेदन

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 26 जनवरी तक आयोजित शिविरों में उच्च शिक्षा विभाग के प्राप्त 96 आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया है। वहीं उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 63 आवेदन, ऊर्जा विभाग के 1453 आवेदनों में 1 लंबित, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के 1099, जनजातीय कार्य विभाग के 3, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के 10 में एक लंबित नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 465, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 611, परिवहन विभाग के 4181 में 2 लंबित, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 798 आवेदन प्राप्त हुए है।

जबकि मत्स्य पालन एवं मछुआ विकास विभाग के 12, महिला एवं बाल विकास विभाग के 478, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 1766, राजस्व विभाग के 10163 में एक लंबित, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 24491 में 19 लंबित, वित्त विभाग के 14, श्रम विभाग संबल योजना, कर्मकार मण्डल के 9169 में 10 लंबित, सहकारिता विभाग के 70, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 4681, सामान्य प्रशासन विभाग के 3511 आवेदन में से 2 लंबित आवेदन सहित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के 41 में लंबित 3 सहित शिविर के दौरान कुल 63 हजार 175 आवेदन प्राप्त हुए है।



# शहीदों की याद में नगर निगम में दी गई श्रद्धांजलि

### महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर रखा गया मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहीद दिवस 30 जनवरी गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कार्यालय नगर निगम में प्रातः 11 बजे आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को याद कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,प्र सहा यंत्री आदेश जैन,प्र कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल,उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सभी ने बापू के संपूर्ण जीवन सत्य अहिंसा,मानवता,संघर्ष, और संकल्प को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# देश के दिल मध्यप्रदेश आइए, निवेश करिए, हम हरसंभव करेंगे सहयोग

1 जापान, मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग के प्रयासों को करेगा तेज

2 मप्र में फाइबर से लेकर फैशन तक की एक संपूर्ण वेल्यू चैन

3 मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापानी उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान प्रवास के दौश्रान अनेक जापानी कम्पनियों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों से मप्र में निवेश संबंधी चर्चा की। उद्योगपतियों ने मप्र में निवेश की संभावनाओं के अवसरों की जानकारी दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा कि देश के दिल मप्र आइए, निवेश करिए, हम हरसंभव सहयोग करेंगे। आवश्यक हुआ तो पॉलिसी में भी संशोधन भी करेंगे। जापान के विदेश मंत्रालय में उप मंत्री हिसाशी मात्सुमोतो ने कहा कि जापान भारतीय राज्यों, विशेष रूप से मप्र में निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेगा।

### मप्र और जापान के बीच औद्योगिकी भागीदारी को बढ़ाने पर हुई चर्चा

जापान विदेश मंत्रालय के संसदीय उप मंत्री हिसाशी मात्सुमोतो ने भारत को जापान का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए कहा कि भारत जापान की 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' स्थिरता और विकास की विदेशी नीतियों की संकल्पना को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जापान भारतीय राज्यों, विशेष रूप से मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेगा। मुख्यमंत्री से जापान दौरे के दूसरे दिन उप मंत्री मात्सुमोतो ने मुलाकात की। यह बैठक भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने मप्र में निवेश को बढ़ावा देने और मप्र में निवेशकों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी देने पर केंद्रित रही।

### मुख्यमंत्री ने मप्र में निवेश के अवसरों की दी जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में व्यापार और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए नीति-निर्माण और निवेश की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए मप्र में निवेश और एक दीर्घकालिक साझेदारी का बेहतरीन अवसर हो सकता है, जो हमारे राज्य और जापान के बीच रिश्तों को और अधिक सशक्त करेगा।

### निवेशकों की भागीदारी से मप्र में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप मंत्री मत्सुमोतो को 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। यह समिट मप्र में औद्योगिक और व्यापारिक निवेश को बढ़ावा देने का एक बड़ा अवसर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट में जापान के निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

भारत और जापान के ध्वज निरंतर विकास के प्रतीक

## भारतीयों में दूध में शक्कर की तरह हर जगह एडजेस्ट होने की है कला




मुख्यमंत्री ने जापान में फ्रैंड्स ऑफ एमपी से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतवंशी अपनी परिवार परंपरा से जहां काम करते हैं, वहां निष्ठा का भाव रखते हैं। यही कारण है कि वे हर जगह एडजेस्ट हो जाते हैं। एडजेस्ट भी ऐसे जैसे दूध में शक्कर मिल जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव चार दिवसीय जापान यात्रा के दूसरे दिन जापान में भारतवंशियों फ्रेन्ड्स ऑफ एमपी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में पर्यटन, ऑटो मोबाइल, टायर मेन्यूफैक्चरिंग एवं रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जापान में भारत के राजदूत सीवी जार्ज, एसीएस मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### आपको देखकर लगा सगे-संबंधियों के बीच हूं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम भारतवंशी ही सगे-संबंधियों को समझ सकते हैं। विदेश प्रवास के दौरान भी आप लोगों को सामने देखकर ऐसा लगता है जैसे हम सगे-संबंधियों के बीच आ गए हैं। हमारे देश में कोई भी उत्सव या समारोह तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक उस समारोह में सगे- संबंधियों की उपस्थित न हो। मैं आपको मप्र में फरवरी में होने जा रहे औद्योगिक निवेश के भव्य समारोह जीआईएस के लिए आमंत्रित करने आया हूं। विदेश में अनजान चेहरों के बीच जब हमवतन दिखाई देते हैं तो भारतीयता की विशेष अनुभूति होती है।

### प्राणियों में सद्भाव और विश्व का कल्याण हमारी संस्कृतिः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भाव हो और विश्व का कल्याण हो/" की भावना को सर्वोपरि रखकर काम करते हैं और यही वजह है कि हिन्दुस्तानी आपको हर देश में हर काम को निष्ठा के साथ करता हुआ मिल जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने इकबाल के शेर का जिक्र भी किया कि कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी... हम हर कठिनाई, हर चुनौती को मात देकर आगे बढ़ पाते हैं, यह हमारी विशेषता है।

### मोदी के नेतृत्व में बढ़ा देश का आत्मविश्वास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में बसे भारतवंशियों और फ्रैंड्स ऑफ एमपी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने कोविड काल की चुनौतियों से पार पाने की सफलता का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व से विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है और हमारी उपस्थिति सम्मानजनक बनी है, साथ ही भारतवंशियों का आत्म-विश्वास भी बढ़ गया है।

### प्रधानमंत्री की थाली और ताली की भाषा को सारे देश ने समझा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का करिश्माई नेतृत्व ही था, जब कोरोना काल में उन्होंने थाली और ताली बजवाकर कोरोना की गंभीर प्रवृत्ति का लोगों को आभास कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमारे आयडियल और अग्रणी नेता हैं।

## मुख्यमंत्री ने ब्रिजस्टोन मुख्यालय का किया दौरा, जीआईएस के लिए निमंत्रण दिया



सीएम डॉ. मोहन ने कहा ब्रिजस्टोन के साथ साझेदारी के लिए मप्र सरकार तत्पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को टोक्यो में ब्रिजस्टोन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान ब्रिजस्टोन कॉर्पोरेशन के ग्लोबल सीईओ शुइची इशिबारी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने फरवरी 2024-25 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण देते हुए कहा कि ब्रिजस्टोन समूह मप्र में पीथमपुर में संयंत्र स्थापित कर शानदार कार्य कर रहा है। मप्र में यात्री वाहनों और ट्रकों के टायर उत्पादन के अलावा अन्य विविध क्षेत्रों में विस्तार की अपार संभावनाएं है। स्मार्ट और उन्नत विर्निमाण प्रौद्योगिकियों पर आधारित अनुसंधान और विकास केन्द्र स्थापित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार ब्रिजस्टोन को राज्य में हर प्रकार का सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में समूह की भागीदारी औद्योगिक विकास और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में संभावनाओं में वृद्धि करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ब्रिजस्टोन के साथ दीर्घकालिक और सशक्त सदृढ़ साझेदारी के लिए तत्पर है।

## उज्जैन में मेडिकल पार्क में निवेश के लिए एएनडी मेडिकल कंपनी को किया आमंत्रित




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मप्र में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में विकसित किए जा रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को वैश्विक निवेशकों के लिए एक बेस्ट डेस्टिनेशन बताया। उन्होंने कहा कि मप्र मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में नए हब के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मप्र सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। एएंडडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मप्र में राज्य में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए इस वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात की। जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है।

रिपेयर होने आई थी बस, जनहानि नहीं, जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के पास की घटना

## खड़ी बस में लगी भीषण आग, पूरी तरह खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में खड़ी बस में भीषण आग लग गई। इस आग से बस जलकर खाक हो गया। घटना के दौरान बस में कोई भी यात्री सवार नहीं थे। आग की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटना के बाद जांच में जुट गई। चिखली के बस गैरेज के सामने खड़ी मनीष



ट्रेवल्स की बस रिपेयरिंग के लिए आई हुई थी। बस सड़क किनारे खड़ी थी, जिसमें देर रात भीषण आग लग गई। आग की सूचना लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। दमकल कर्मियों ने आग दूसरी गाड़ियों तक फैलने से पहले आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। आग लगाने के दौरान बस में कोई सवार नहीं था। आग लगने से पूरी बस जलकर खाक हो गई। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि बस में आग लगाने की सूचना पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। वहीं इस मामले में पुलिस आग लगने की जांच में जुट गई है।

## जापानी पर्यटन मंत्री फुरुकावा से पर्यटन, परिवहन पर चर्चा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के दौरान भूमि, अधोसंरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय, जापान के राज्य मंत्री यासुशी फुरुकावा से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी, परिवहन प्रणाली के आधुनिकीकरण और पर्यटन विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में से एक है, जहां अधोसंरचना और परिवहन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं हैं। उन्होंने जापानी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए मप्र में मेट्रो रेल और इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की। भोपाल और इंदौर जैसे स्मार्ट शहरों में जापानी तकनीक और निवेश से अत्याधुनिक शहरी सुविधाओं के विकास पर भी बातचीत हुई।

जानलेवा हमले के आरोपी की पत्नी को थाने में बिठाया

## गलत तरीके से जांच पर दो टीआई पर एफआईआर के आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खूबचंद बघेल कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमले के आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी के पक्ष में कोर्ट ने एक बड़ा आदेश दिया है। आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी के वकील ने पुरानी भिलाई के व्यवहार न्यायालय में याचिका दायर की थी।

याचिका में कहा कि आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी डॉक्टर पूर्णिमा शर्मा को बिना कारण के पुरानी भिलाई पुलिस ने 15 घंटो तक हिरासत में लेकर थाने में रखा गया था। थाने के सीसीटीवी फुटेज की जांच पर न्यायालय ने पुरानी भिलाई थाना के टीआई महेश ध्रुव और महिला थाना की टीआई श्रद्धा पाठक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए दुर्ग रेंज के आईजी को आदेश दिया है। हाई प्रोफाइल प्रोफेसर हमले के आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉक्टर पूर्णिमा शर्मा का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने जब उनके पति को आरोपी बनाया है तो उन्हें क्यों पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया गया है।

उन्हें काकीनाडा के पीठापुरम से पहले तो बिना महिला आरक्षक के डिटेन कर लाया गया। उसके बाद पुरानी भिलाई थाना में उसे 15 घंटे से ज्यादा समय तक बैठाया गया था। महिला होने के साथ मानसिक प्रताड़ना से पीड़ित होकर उन्होंने न्यायालय में अर्जी लगाई थी, जिस पर न्यायालय ने आदेश दिया है।

पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. प्यारेलाल कंवर के परिवार का है मामला

## सामूहिक हत्याकांड मामले में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर और बेटी आशी कंवर की तीन साल पहले उसके घर के अंदर घुसकर योजनाबद्ध तरीके से बेरहमी से हत्या करने का मामला हुआ था। इस घटना से प्रदेश में सनसनी फैल गई थी। अब इस मामले में तीन साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

आरोपियों में मृतक के बड़े भाई का साला और एक महिला सहित कुल पांच लोग शामिल थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। सरकारी अभिभाषक कृष्णा द्विवेदी ने बताया कि हरीश कंवर और उनके परिवार के अन्य सदस्य की निर्मम हत्या की गई थी।



### तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की पीठ में हुई सुनवाई

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदेश्वर की पीठ ने मामले की सुनवाई की गई। अभियोजन पक्ष ने सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। सरकारी अभिभाषक कृष्णा द्विवेदी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री प्यारेलाल कंवर के पुत्र हरीश कंवर और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की निर्मम हत्या की गई थी। कोर्ट के फैसले के बाद, कृष्णा द्विवेदी ने कहा कि इस मामले में कुल पांच आरोपियों को सजा दी गई है, जिनमें एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदेश्वर की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। मामले में अभियोजन पक्ष ने सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, जिन्हें न्यायालय ने संज्ञान में लिया और सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

### तीन-चार साल पुरानी घटना

21 अप्रैल 2021 को उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा गांव में चौक के पास घर के अंदर हुआ था। स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर और बेटी आशी कंवर की हत्या सुबह के समय कर दी गई थी। तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले में कुछ ही घंटों में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें पता चला कि हत्यारा मृतक के बड़े भाई का साला था। मामले में गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। ट्रिपल मर्डर मामले में तत्कालीन गृहमंत्री ने बताया था कि प्रारंभिक पूछताछ में पैसों का लेन-देन मामला सामने आया था। इस घटना का बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे जहां इस मामले में एक आरोपी के हाथ मे चोट आई थी जो ईलाज कराने पास के ही सरकारी अस्पताल में पहुंचा हुआ था पुलिस को सूचना मिली जहां मौके पर पहुंच उसे गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू कर आगे की कार्रवाई की गई थी।

# जब धरती पर आएगी तबाही, खत्म हो जाएंगे इंसान, तब भी ज़िंदा बचा रहेगा ये इकलौता जीव!

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

धरती पर एक ऐसा भी वक्त आएगा, जब इंसानों की आबादी खत्म हो जाएगी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसके खत्म हो जाने के बाद भी एक आधा मिलीमीटर का जीव जीवित रहेगा। यह जीव तब तक नहीं मरेगा, जब तक सूरज की उम्र खत्म नहीं हो जाती। यह जानवर बिना भोजन और पानी के 30 साल तक जीवित रह सकता है। ये जानवर इतना जीवट है कि 150 डिग्री सेल्सियस या 302 डिग्री फ़ारेनहाइट की गर्मी और -457 डिग्री की ठंड भी इसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। जब इंसान भी खत्म हो जाएंगे, तो भी जानवर को खरोंच नहीं आएगी। दुनिया के अंत तक कौन जीवित रहेगा?



### तब भी 200 साल तक रहेगा जीवित...

आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि क्या मानव अस्तित्व मिट जाने के बाद भी जीवन रहेगा? जवाब ये है कि जब तक सूर्य अपनी गर्मी नहीं खो देता और अंधकार में बदल नहीं जाता, तब तक सिर्फ यही प्राणी ज़िंदा रहेगा आठ पैरों वाले उस जानवर को टार्डिग्रेड कहा जाता है। इसे पानी का भालू या पानी का सूअर भी कहते हैं। सोचिए, एक जल-सुअर में इतनी शक्ति कैसे? यह जानवर बिना भोजन और पानी के 30 साल तक जीवित रह सकता है। 150 डिग्री सेल्सियस या 302 डिग्री फ़ारेनहाइट गर्मी और -457 डिग्री ठंड जल-सुअर का कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। यह वॉटर-पिग केवल 0.5 मिलीमीटर लंबा हो सकता है। इसे चाहे उबलते पानी में उबाला जाए या डीप-फ्रीज़ किया जाए, तो भी यह जानवर 200 साल तक जीवित रहेगा।



### वॉटर पिग का जीवन है बहुत ही टफ

पृथ्वी और क्षुद्रग्रह के बीच टक्कर से सब कुछ नष्ट हो सकता है। कोई तारा सुपरनोवा के रूप में विस्फोट कर सकता है। गामा किरणों का विस्फोट विनाश के बीज बो सकता है, लेकिन वॉटर पिग फिर भी ज़िंदा रहेगा। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के अध्ययन से ऐसी सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। इस वॉटर पिग का जीवन बहुत ही टफ है, जो किसी भी परिस्थिति में सर्वाइव कर सकता है। ये डरावने डायनासोर से भी ज्यादा जीवट है। वैज्ञानिकों का कहना है कि टार्डिग्रेड्स या वॉटर पिग्स धरती पर पाई जाने वाली इतनी जीवट प्रजाति है, जो मर ही नहीं सकते। लेकिन हो सकता है कि ब्रह्मांड के दूसरे ग्रहों पर भी इस तरह के जीव पाए जाते हों, जो सब कुछ झेलकर भी कहीं ज़िंदा होंगे।

# अंतरिक्ष में चलना तक भूलीं भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स को धरती पर लाएंगे मस्क?

*वॉशिंगटन। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स पिछले 8 महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हैं। उन्हें लाने की कोशिशें बार बार नाकाम हो रही हैं। वहीं, अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क से मदद मांगी है। अंतरिक्ष एजेंसी स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी की सुविधा देने के लिए कहा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। इसके अलावा, एलन मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि, 'ये काफी भयानक था कि जो बाइडेन ने दोनों को इतने लंबे समय तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसा छोड़ दिया, जबकि नासा ने अपने क्रू-9 मिशन के तहत दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए स्पेसएक्स को महीनों पहले ही शामिल कर लिया था।'*

**डोनाल्ड ट्रंप ने मांगी मदद** | **जून 2024 से स्पेस स्टेशन पर हैं सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर**



### जल्द ही एक मिशन शुरू करेगा एलन मस्क

एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पेस स्टेशन पर फंसे 2 अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द से जल्द घर लाने के लिए कहा है। हम ऐसा करेंगे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि स्पेसएक्स 'जल्द ही' दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एक मिशन शुरू करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर महीनों से फंसे हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि 'एलन जल्द ही कोशिश शुरू करेंगे और उम्मीद हैं, कि सभी सुरक्षित होंगे। शुभकामनाएं एलन!!!' हालांकि, फिलहाल उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी है, कि ये मिशन कब शुरू होगा।

### मार्च या अप्रैल में हो सकती है वापसी

अगस्त 2024 में नासा ने कहा था कि उसने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ बातचीत की है और स्पेसएक्स को क्रू-9 कैप्सूल से दोनों को घर लाने के लिए कहा है। लेकिन, क्रू-9 कैप्सूल तब तक वापस नहीं लौट सकता है, जब तक कि क्रू-10 को अंतरिक्ष में लांच ना किया जाए। हालांकि, फिलहाल तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है, कि मार्च या अप्रैल में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापसी हो सकती है।

### अंतरिक्ष में कैसे फंसी सुनीता विलियम्स?

आपको बता दें, कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल 5 जून को बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये थे, लेकिन बोइंग स्पेसक्राफ्ट में टेक्निकल दिक्कतें आ गईं और दोनों अंतरिक्षयात्री वहीं फंस गये। सुनीता विलियम्स को सिर्फ 10 दिनों तक ही स्पेस स्टेशन में रहना था, लेकिन पिछले 8 महीनों से वो वहीं फंसी हुई हैं। नासा और बोइंग ने स्पेसक्राफ्ट को ठीक करने की काफी कोशिश की, लेकिन आखिरकार फैसला लिया गया कि स्पेसक्राफ्ट को वैज्ञानिकों के साथ धरती पर लाना काफी जोखिम भरा कदम होगा।

### लौटने का कर रहीं इंतजार

वहीं, पिछले 8 महीनों में सुनीता विलियम्स का बुरा हाल हो चुका है और उन्होंने पीपल मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में कहा है कि वो काफी बेसब्री से धरती पर लौटने का इंतजार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो अब चलना तक भूल गईं हैं। उन्होंने कहा कि वो याद कर रही हैं, कैसे चलती थीं। उन्होंने कहा, 'मैं स्पेस स्टेशन में काफी समय से हूं और मैं यह याद करने की कोशिश कर रही हूं, कि चलना कैसा होता है। मैं नहीं चली हूं। मैं नहीं बैठी हूं। मैं नहीं लेटी हूं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आप बस अपनी आंखें बंद कर सकते हैं और जहां आप हैं, वहीं तैर सकते हैं।'

# महाकुंभ की भीड़ में महिला ने पति को खोने से बचाने के लिए लगाया गजब का जुगाड़



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

महाकुंभ में भीड़ में लोग अपनों के खोने के डर से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर महाकुंभ के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, लेकिन एक महिला ने पति को महाकुंभ की भीड़ में खोने से बचाने के लिए गजब का जुगाड़ लगाई है, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दरअसल, महिला अपने पति को भीड़ में खोने से बचाने के लिए रस्सी बांधे हुए दिख रही है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है, जिसे अभी तक करीब पांच करोड़ लोग देख चुके हैं, जबकि लाखों लोगों ने लाइक किया है। इस वीडियो पर हजारों लोग प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

### वीडियो वायरल

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुंभ मेले की भीड़ में एक महिला सिर पर बोझा लेकर चल रही है। उसके हाथ में एक रस्सी है। यह रस्सी महिला के पीछे चल रहे बुजुर्ग व्यक्ति की कमर से बंधी है। महिला आगे-आगे चल रही है और शख्स पीछे-पीछे। यह देखकर लोगों ने अंदाजा लगा लिया है कि एक जोड़ा है जिसमें महिला पति को मेले की भीड़ में खोने के डर से रस्सी से बांधे है। एक शख्स ने लिखा है कि गांव के लोग कितने सीधे होते हैं। दूसरे शख्स का कहना है कि एक सच्ची जीवनसाथी, भगवान दोनों की जोड़ी बनाए रखना। एक शख्स ने लिखा है पचपन का प्यार। लोग दोनों के मासमूयित की तारीफ कर रहे हैं।

# कल खुला रहेगा कमोडिटी बाजार

**नई दिल्ली।** एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 का देश का बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बजट के जरिए जहां आम हो या खास सभी की उम्मीदों-आकांक्षाओं को साधने की कोशिश करेंगी। कमोडिटी बाजार का इंडेक्स मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार 1 फरवरी को भी खुला रहेगा। आम बजट पेश होने के साथ ही एमसीएक्स पर भी ट्रेडिंग होगी और इसके लिए एमसीएक्स एक स्पेशल ट्रेडिंग सत्र चलाने वाला है।

## आईएमडी ने की इनमोबी से साझेदारी

**बैंगलोर।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और इनमोबी के वैश्विक स्तर पर अग्रणी मौसम की जानकारी देने वाले ऐप, 1वेदर ने लाखों भारतीयों को उनके ग्लांस-एनेबल्ड स्मार्टफोन लॉक स्क्रीन पर राष्ट्रीय मौसम संबंधी चेतावनी और अलर्ट उपलब्ध कराने के लिए एक अनूठी रणनीतिक साझेदारी की है।

## बेसिलिक फ्लाई के वॉल्यूम में 39 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड ने जनवरी 2025 तक 301.3 करोड़ रुपए की मजबूत बिक्री पाइपलाइन की घोषणा की है। यह प्रभावशाली आंकड़ा कंपनी की विश्वस्तरीय वीएफएक्स सेवाएं प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान बिक्री पाइपलाइन में अक्टूबर 2024 में रिपोर्ट किए गए 20 मिलियन डालर की तुलना में 39.5 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# कार और बाइक के पीछे क्यों भागते हैं कुत्ते?

**नई दिल्ली।** कुत्तों को काफी वफादार और इंसानों का फ्रेंडली जानवर माना जाता है। आखिर फिर वही कुत्ते अचानक आपकी स्कूटी, बाइक या कार के पीछे ऐसे क्यों पड़ जाते हैं, जैसे आपसे उनकी दुश्मनी हो। विज्ञान की मानें तो कुत्तों के इस व्यवहार में आपकी कोई गलती नहीं है, बल्कि उनका निशाना तो आपके वाहन के टायर होते हैं। असल में उन्हें दिक्कत आपके वाहन के टायर से आने वाली दूसरे कुत्तों की गंध से है। आमतौर पर कुत्ते वाहनों के टायर्स या खंभों पर पेशाब करते हैं। ऐसे में आपकी गाड़ी जैसे ही दूसरे इलाके में पहुंचती है, वहां के कुत्तों को दूसरे कुत्ते की गंध आ जाती है। बस यही गंध सूंघकर कुत्ते आपकी गाड़ी के पीछे भागना शुरू कर देते हैं। कुत्ते अपने इलाके में दूसरे क्षेत्र के कुत्ते को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# आजमगढ़, अलीगढ़, रामगढ़...के अंत में क्यों जुड़ा होता है 'गढ़'?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हम आए दिन रोज किसी न किसी शहर के नाम सुनते हैं। कम से कम उस जगह का नाम तो सुनते ही हैं जिस शहर में हम रहते हैं या फिर जो शहर हमारे रिहायशी इलाके से बहुत नजदीक होता है। अक्सर




हम शहरों के नामों में 'गढ़' शब्द सुनते हैं, जैसे कि आजमगढ़, अलीगढ़, रामगढ़, रायगढ़, चित्तौड़गढ़ आदि। क्या आपने कभी सोचा है कि इन नामों के अंत में 'गढ़' क्यों जुड़ा होता है? यह महज एक संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व छिपा है।

**'गढ़' का शाब्दिक अर्थ :** 'गढ़' एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'किला', 'दुर्ग', 'गढ़ी' या 'सुरक्षित स्थान'। प्राचीन काल में, राजा-महाराजा अपने राज्य की सुरक्षा के लिए ऊंची दीवारों से घिरे किले बनवाते थे, जिन्हें गढ़ कहा जाता था। ये गढ़ न केवल सुरक्षा के लिए, बल्कि शासकों के निवास स्थान और प्रशासनिक केंद्र के रूप में भी इस्तेमाल होते थे।

### शहरों के नामों में 'गढ़' का प्रयोग

जब किसी शहर का नाम किसी किले या गढ़ के नाम पर रखा जाता था, तो उसके अंत में 'गढ़' शब्द जोड़ दिया जाता था। उदाहरण के लिए, 'रामगढ़' का अर्थ है 'राम का किला' या 'राम द्वारा स्थापित किला'। इसी तरह, 'अलीगढ़' का नाम 'अली के किले' के नाम पर पड़ा। 'चित्तौड़गढ़' का नाम चित्तौड़ के प्रसिद्ध किले के नाम पर है, जो अपनी वीरता और बलिदान के लिए इतिहास में अमर है।

### आजमगढ़ शब्द में गढ़ का अर्थ

ठीक इसी प्रकार आजमगढ़ नाम दो शब्दों से मिलकर बना है: 'आजम' और 'गढ़'। 'आजम' शब्द इस शहर के संस्थापक, राजा आजम खान के नाम से लिया गया है। वहीं, 'गढ़' का अर्थ होता है किला या दुर्ग। इस प्रकार, आजमगढ़ का शाब्दिक अर्थ है 'आजम का किला'। यह नाम शहर के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है।

# कलाकारों ने दिये जिम फैशन के टिप्स

**मुंबई।** फिटनेस सिर्फ शरीर को फिट रखने का नाम नहीं है, यह एक लाइफस्टाइल है जिसमें स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मविश्वास सभी पर पूरा ध्यान रखना पड़ता है। एण्डटीवी के कलाकार सेहत को प्राथमिकता देते हुए एक डेडिकेटेड वर्कआउट रूटीन फलो करते हैं, और उनका जिम फैशन उनकी पर्सनैलिटी और मोटिवेशन को दर्शाता है। विक्रम द्विवेदी, जोकि 'भीमा' में विशंभर सिंह का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''जिम फैशन के मामले में मुझे स्टाइल और फंक्शन दोनों का अच्छा मेल पसंद है, जैसे कि क्विक-ड्राई टी-शर्ट्स, अच्छे फिटिंग वाले जगर्स और ड्यूरेबल स्पोर्ट्स शूज। क्योंकि मैं वर्कआउट्स के दौरान खूब पसीना बहाता हूं, इसलिए मैं ऐसे कपड़े चुनता हूं जो ब्रीदेबल हों और आरामदायक रहें। स्मार्टवच जैसे एक्सेसरीज़ से प्रोग्रेस ट्रैक करता हूं और एक स्वेट-प्रूफ हेडबैंड से लुक कम्प्लीट करता हूं। जिम में अच्छा दिखना मुझे लगातार मेहनत करने की अतिरिक्त प्रेरणा देता है।'' सोनल पंवार, जो कि 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''मेरे लिए फिटनेस शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत को बनाए रखने का तरीका है। मेरी स्किन ऑयली है, इसलिए मैं हमेशा ब्रीदेबल फैब्रिक्स वाले और नमी को सोखने वाले कपड़े पहनने की कोशिश करती हूं जो वर्कआउट्स के दौरान आरामदायक बनाए रखते हैं। मुझे हाई-वेस्ट लेगिंग्स और



फिटेड टैंक टप्स पहनना पसंद है, जो सपोर्ट और फ्लेक्सिबिलिटी दोनों प्रदान करते हैं। एक अच्छे स्नीकर्स का होना मेरे जिम सेशन के लिए जरूरी है! चाहे वो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग हो या कार्डियो, वर्कआउट गियर में स्टाइलिश दिखना आत्मविश्वास देता है और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित भी करता है।'' विदिशा श्रीवास्तव, ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी का कहना है, ''फिटनेस अंदर से बाहर तक अच्छा महसूस करने का एक जरिया है। मुझे चटकीले एथलीर पहनकर एक्सपेरिमेंट करना अच्छा लगता है, जो मुझे आरामदायक और स्टाइलिश दोनों बनाए रखे। मैं योग और पाइलेट्स सेशंस के लिए आरामदायक लेगिंग्स, क्रप्ड वर्कआउट टप्स और हल्के जैकेट्स पसंद करती हूं। मैं जिम एक्सेसरीज़ के साथ रंग का एक पप भी जोड़ना पसंद करती हूं, चाहे वो फंकी पानी की बोतल हो, रंगीन रिस्टबैंड्स हो, या स्टाइलिश स्नीकर्स हो। जब आप अच्छा दिखते हैं, तो अच्छा महसूस करते हैं, और यह वर्कआउट एनर्जी में भी दिखता है

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

आवश्यकता
आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425 (रायपुर /31 /जनवरी 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5764



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5763 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | ह | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5774

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5773 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

नेचर्स ब्यूटी / शिखर चंद जैन

रंग-बिरंगे फूल देखकर मन बाग-बाग हो जाता है। अधिकतर फूल सर्दियों या वसंत के मौसम में खिलते हैं। देखा जाए तो विभिन्न तरह के ये फूल प्रकृति की बहुत ही खूबसूरत सौगात हैं। बच्चों, जानो इन मनभावन फूलों के बारे में।

# प्रकृति की सौगात रंग-बिरंगे खूबसूरत फूल



**पेटुनियाः** मूल रूप से साउथ अमेरिका महाद्वीप के पौधे पेटुनिया के फूल डिफरेंट कलर, शेप और साइज में खिलते हैं। ये चमकीले बैंगनी, हल्के गुलाबी और भी कई अन्य रंगों में खिलते हैं। पेटुनिया हल्की सर्दी और वसंत के मौसम में खासतौर पर खिलने वाला फूल है। गार्डन के अलावा इसे बालकनियों और विंडो बॉक्स में भी उगाया जाता है।

**आइसलैंड पॉपीजः** आइसलैंड पॉपीज, उत्तरी अटलांटिक महासागर के आस-पास के ठंडे तापमान वाले क्षेत्रों में खूब खिलते हैं। विशेष रूप से सर्दी के मौसम में खिलने वाले ये फूल, सर्दियों के रूखे-रूखे, कुहासे से ढंके माहौल में रंगों की एक अलग छटा बिखेरते हैं। ये फूल मुख्य रूप से चटक लाल, गुलाबी, केसरिया और सफेद रंगों के होते हैं, जो सबका मन मोह लेते हैं।



**विंटर जैस्मिनः** चटक खूबसूरत पीले रंग वाले विंटर जैस्मिन का वैज्ञानिक नाम जैस्मिनम न्यूडी-फ्लोरम है। विंटर जैस्मिन के पौधे मुख्य रूप से चीन में पाए जाते हैं। यह दिसंबर की शुरुआत में ही खिलना शुरू कर देता है और फरवरी तक खिलता है। यह फूल अपनी खुशबू के लिए नहीं बल्कि अपने चटक पीले रंगों की वजह से पसंद किया जाता है।



**स्टार फ्लावरः** इस फूल को इफेयोन के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाने वाले इस पौधे के छोटे सफेद, गुलाबी या नीले फूल उद्यानों में अलग ही छटा बिखेरते हैं। आजकल इन फूलों को वॉक-वे के किनारे पर बड़े पैमाने पर लगाया जाता है। जब सर्दियां खत्म हो रही होती हैं, वसंत का आगमन हो रहा होता है, तब ये फूल अधिक खिलते हैं।



**विंटर हीथः** विंटर हीथ मुख्य रूप से तब खिलता है, जब सर्दियां खत्म हो रही होती हैं, वसंत ऋतु का आगमन होता है। मुख्य रूप से यूरोपीय देशों में पाए जाने वाले विंटर हीथ का वैज्ञानिक नाम एरिका कार्नेया है। यह फूल ठंडे मौसम में लंबे समय तक नहीं मुरझाता। इसके फूल गुलाबी, सफेद या फिर अन्य रंगों में भी सदाबहार पत्तियों के साथ खिलते हैं।



**कॉर्न फ्लावरः** सेंटोरिया साइनस (इस पौधे का वैज्ञानिक नाम), जिसे आमतौर पर कॉर्न फ्लावर या बैचलर बटन के नाम से जाना जाता है, मुख्य रूप से यूरोप में पाया जाने वाला पौधा है। पहले यह अकसर मकई के खेतों में खर-पतवार के रूप में उगता था, लेकिन इसकी खूबसूरती की वजह से इसे आजकल बगीचों में सजावटी पौधे के रूप में भी उगाया जाता है।



**प्रिमरोजः** प्रिमरोज के फूलों को देखकर ऐसा लगता है मानो, जमीन पर रंग-बिरंगे छोटे-छोटे सितारे फैले हुए हों। यह मुख्य रूप से यूरोप और एशिया के देशों में पाया जाता है। गुलाबी, बैंगनी, पीले और सफेद रंगों में खिलने वाले ये फूल बेहद खूबसूरत लगते हैं। बेहद नाजुक दिखने वाले प्रिमरोज वास्तव में काफी मजबूत होते हैं। प्रिमरोज सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत से लेकर अप्रैल-मई तक खिलते हैं।





**स्नैपड्रैगनः** यह फूल मुख्य रूप से यूरोप, अमेरिका और उत्तरी अफ्रीका में पाया जाता है। इसे ड्रैगन फ्लावर, स्नैप ड्रैगन फ्लावर, लायंस माउथ और डॉग्स माउथ नामों से भी जाना जाता है। दुनिया के कई देशों में इसे स्कल फ्लावर के नाम से भी जाना जाता है। इसके लुक के कारण इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, जब यह फूल उगता है, इसके पत्ते ड्रैगन जैसी आकृति बनाते हैं। लेकिन जब फूलों की पत्तियां गिर जाती हैं, तब ये हू-ब-हू स्कल यानी इंसानी खोपड़ी की तरह दिखाई देता है। *

### मैरीगोल्ड

**मैरीगोल्ड यानी** गेंदा अपने देश में बहुतायत में पाया जाने वाला फूल है। यह फूल मंदिरों में पूजा-पाठ या किसी फंक्शन में डेकोरेशन आदि में इस्तेमाल किया जाता है। किसी मेहमान का स्वागत भी प्रायः गेंदे के फूल की माला पहनाकर किया जाता है। वैसे तो मैरीगोल्ड साल भर खिलने वाला फूल है, लेकिन सर्दी के मौसम में यह अधिक खिलता है। इस फूल को सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। यह हमें ऊर्जा प्रदान करता है। इस फूल को गार्डन के अलावा गमलों में भी आसानी से उगाया जा सकता है।



जानकारी / नयनतारा

# एडवेंचरस गेम सर्फिंग

बच्चों, समुद्र की लहरों पर सर्फबोर्ड के सहारे रोमांचक कलाबाजियां करते खिलाड़ियों को टीवी या वीडियोज में तुमने जरूर देखा होगा। इसे 'सर्फिंग' कहते हैं। जानो, इस रोमांचक खेल के बारे में कुछ रोचक तथ्य।



बच्चों, सर्फिंग एक ऐसा एडवेंचरस गेम है, जिसमें एक पतले, लंबे सर्फबोर्ड पर खड़े होकर खिलाड़ी समुद्र की लहरों पर राइड करता है। दुनियाभर के समुद्रतटों पर इस खेल का आनंद खेल में एक्सपर्ट लोग लेते हैं।

**बहुत पुराना खेल है सर्फिंगः** सर्फिंग भले ही लोगों को बेहद मॉडर्न-टाइप का गेम लगता हो, लेकिन इसका इतिहास बहुत पुराना है। माना जाता है कि 1778 में जब कैप्टन जेम्स कुक ने हवाई द्वीप की खोज की थी, तो उन्होंने पाया कि वहां के निवासियों के बीच पहले से ही सर्फिंग एक पॉपुलर खेल था। मतलब, सर्फिंग 1778 के पहले से ही अस्तित्व में था। इतना ही नहीं, उस दौर में सर्फिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता था। इस प्रतियोगिता में जो विजेता होता था, वह जनता के बीच हीरो बन जाता था। उन दिनों हवाई द्वीप के लोग सर्फिंग के लिए 4 से 5 मीटर लंबे सर्फ-बोर्ड का प्रयोग करते थे, जिसका वजन लगभग 68-70 किलोग्राम हुआ करता था।

**मॉडर्न एज में ऐसे पॉपुलर हुआ सर्फिंगः** पहले सर्फिंग के लिए जो सर्फ-बोर्ड इस्तेमाल किया जाता था, वह काफी बड़ा और भारी होता था, जिससे सर्फिंग काफी मुश्किल होती थी, यह सबके बस की बात नहीं होती थी। 1950 के दशक में सर्फिंग के लिए भारी की जगह हल्के वजन के सर्फ-बोर्ड प्रयोग किए जाने लगे। ये बोर्ड लगभग 3 मीटर लंबे होते थे, इनका वजन 10 किलोग्राम तक का होता था। इससे महिलाओं और बच्चों के लिए भी सर्फिंग करना संभव हो गया। सर्फिंग की दुनिया में यह एक बहुत बड़ा चेंज था, जिसने सर्फिंग को काफी ईजी और पॉपुलर बना दिया। अब तो बड़े, बच्चे सभी के लिए अलग-अलग साइज और वजन के सर्फ-बोर्ड्स मिलते हैं। *

### क्या है सर्फ-बोर्ड और कैसे की जाती है सर्फिंग



बच्चों, सर्फ-बोर्ड बेहद जरूरी इक्विपमेंट है, जिसके बिना सर्फिंग संभव नहीं है। सर्फ-बोर्ड सामान्यतः फोम और प्लास्टिक से बनाए जाते हैं, जिन पर फाइबर ग्लास और रेसिन की कोटिंग की जाती है। लहरों पर राइडिंग करने के लिए राइडर सर्फ-बोर्ड पर खड़े होकर राइट और लेफ्ट मूव करता है। सर्फर (सर्फिंग करने वाला) को पहले सर्फ-बोर्ड को सर्फ लाइन के पार ले जाना होता है, यानी उस बिंदु पर जहां लहरें टूटना शुरू होती हैं। बोर्ड पर झुककर वह लहरों के आने की प्रतीक्षा करता है। जब वह लहर आती है, जिस पर वह राइड करना चाहता है, तो वह अपने हाथों से जल्दी से पेडल करके किनारे की तरफ बढ़ता है। लहरों पर सर्फ-बोर्ड के आ जाने के बाद सर्फर सर्फ-बोर्ड पर खड़ा हो जाता है फिर बॉडी-बैलेंस बनाते हुए एडवेंचरस राइड का आनंद लेता है।

## जीके क्विज-139

1.इस बार 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में किस बैलिस्टिक मिसाइल का पहली बार प्रदर्शन किया गया?
2.आईपीएल 2025 में लखनऊ टीम का कैप्टन किसे चुना गया है?
3.नोवाक जोकोविच किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
4.भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
5.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
6.मौसम संबंधी घटनाएं वायुमंडल के किस परत में होती हैं?
7.मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
8.विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
9.रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
10.'त्रिपिटक' का संबंध किस धर्म से है?



बच्चों, जीके क्विज-139 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-138 का उत्तर :** 1.हॉकी, 2.मिजोरम, 3. 76वां, 4.प्रबोवो सुबियांतो (इंडोनेशिया के राष्ट्रपति), 5. दो साल ग्यारह माह अठारह दिन, 6.बी.आर. अंबेडकर, 7. 6(छह), 8. 24 जनवरी 1950, 9. बंकिम चंद्र चटर्जी, 10.डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**जीके क्विज-138 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, विकास-रेवाड़ी, कबीर-हिसार, शिवांगी-बिलासपुर, कबीर-हिसार, चिन्मय-रोहतक, आदित्य-बालोद, कविता-भोपाल, रोहित-मटियारी, साकेत-बेमेतरा, किंशुक-दुर्ग

## बूझो तो जानें



1
दौड़ूं धातु के तारों में।
दूं प्रकाश अंधियारों में।
बड़े-बड़े करती हूं काम।
शीघ्र बताओ मेरा नाम।

2
रात को नभ में करूं धमाल।
हंसिया कभी, कभी फुटबाल।
बादल सम्मुख चले न ड्रामा।
कहलाता हूं सबका मामा।

3
कई मेरे आकार-प्रकार।
पांव मेरे होते हैं चार।
जो भी बैठे, वह इतराए।
भला-सभ्य नागरिक कहाए।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर- 1. बिजली, 2. चंद्रमा, 3. कुर्सी

कहानी

आशा शर्मा

जाड़ा, गर्मी और बरसात ने एक-एक करके अपनी खूबियों का बखान किया, लेकिन बेचारी पतझड़ के पास ऐसी कोई खूबी नहीं थी, जो वह अपना बखान करती। वह उदास होकर रोने लगी। तभी वसंत ने आकर उसे गले लगाया और उसे खुशियों से भर दिया। मन को पुलकित, आनंदित करने वाली प्यारी सी कहानी।

# वसंत का जादू



गर्मी पसीने-पसीने हो रही थी, लेकिन फिर भी बहुत खुश नजर आ रही थी। वह खुश थी, क्योंकि उसे घमंड था कि उसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं। करें भी क्यों नहीं! परीक्षा के तनाव के बाद रिजल्ट की खुशी और अगली क्लास में जाने का रोमांच, यह सब इन्हीं लंबी छुट्टियों में तो होता है।

इन छुट्टियों में कोई अपनी नानी-दादी से मिलने तो कोई पहाड़ों में घूमने जाता है। कोई इन दिनों समर कैंप में मस्ती करता है तो कोई अपना मनपसंद शौक पूरा करता है। इसके अलावा आइसक्रीम, कुल्फी, शेक और शर्बत भी जी भर के उड़ाए जाते हैं। गर्मी फूलकर कुप्पा हुई जा रही थी। तभी लबादा ओढ़े थर-थर कांपते हुए सर्दी आई।

'क्या बात है गर्मी! बहुत खुश नजर आ रही हो?' सर्दी ने अपने किटकिटाते हुए दांत किसी तरह रोक कर पूछा।

'अपने तो मजे ही मजे हैं। देखो न! मेरे आते ही बच्चे कितने खुश हो जाते हैं। साल भर मेरे आने का इंतजार करते हैं। क्या यह खुश होने वाली बात नहीं?' गर्मी ने इतरा कर कहा।

'इतना खुश होने की भी जरूरत नहीं है। बच्चे तो मुझे भी बहुत प्यार करते हैं। बरसात में छप-छप करके नहाना, पानी में कागज की नाव तैराना... कितना मजा करते हैं बच्चे। और पिकनिक के लिए भी बच्चे मेरे आने का ही इंतजार करते हैं।' बरसात ने गर्मी की बात बीच में ही काट दी। गर्मी ने उसकी तरफ देखकर अपना मुंह सिकोड़ लिया। उसे बरसात की यह हरकत बिल्कुल भी पसंद नहीं आई।

'हालांकि मैं अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बन रही, लेकिन बच्चे मुझे भी कुछ कम पसंद नहीं करते। कितनी ही ऐसी मस्तियां हैं, जो बच्चे सिर्फ मेरे ही मौसम में कर पाते हैं। नए साल का जश्न और क्रिसमस का त्योहार कैसे भूल रहे हो तुम लोग!' सर्दी ने कहा तो गर्मी और बरसात चुप हो गईं।

तभी सबने देखा कि पतझड़ रोती सुबकती हुई चली आ रही है। 'अरे! तुम्हें क्या हुआ? और तुम्हारे वो हरे-भरे पत्ते कहां गए? क्या तुम्हारे यहां कोई चोरी हुई है?' सर्दी, गर्मी और बरसात तीनों ने एक साथ पूछा।

'ऐसा ही कुछ समझो। कल शाम अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और मेरे हरे-भरे पत्ते झड़ गए। मैं बिल्कुल ठूंठ हो गई।' पतझड़ ने बताया।

'कोई बात नहीं। वैसे भी बच्चे तुम्हें कम ही पसंद करते हैं, क्योंकि तुम अपने साथ वार्षिक परीक्षा जो लेकर आती हो। बेचारे बच्चे तनाव में घिर जाते हैं।' गर्मी ने कहा तो पतझड़ फिर रोने लगी।

तीनों ऋतुएं उसे दिलासा देने लगीं, लेकिन पतझड़ का अपने झड़े हुए पत्तों के लिए रोना बंद नहीं हुआ। तभी हंसती खिलखिलाती हुई वसंत ऋतु भी वहां आई। उसके पीले कपड़े और फूलों वाली माला बहुत सुंदर लग रही थी। गर्मी, सर्दी और बरसात उसे एकटक देखने लगीं। पतझड़ भी अपना रोना भूलकर उसकी खूबसूरती देखने लगी।

'क्या हुआ? तुम सब लोग मुझे ऐसे क्यों देख रही हो? मैं तुम्हारी सहेली वसंत हूं।' वसंत ऋतु खिलखिलाई।

'तुम कितनी प्यारी लग रही हो। हमेशा मुस्कुराती रहती हो। जहां भी जाती हो, सब खुश हो जाते हैं। सिर्फ बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े भी।' पतझड़ जरा-सी मुस्कराई।

'मुझे मुस्कुराना अच्छा लगता है। मैं हंसती हूं तो मेरे साथ पूरी दुनिया हंसती है, लेकिन तुम इतनी उदास क्यों हो? आओ मेरे साथ। वहां खेलने चलते हैं उन बच्चों के पास। वसंत ने पतझड़ का हाथ पकड़ कर कहा।

'नहीं! मैं ऐसे नहीं चल सकती। देखती नहीं, मेरे शरीर पर पत्ते नहीं हैं।' पतझड़ ने शर्मिंदा होते हुए कहा। उसे देखकर गर्मी, बरसात और सर्दी मुंह छिपा कर हंसने लगीं। वसंत को उन तीनों की यह हरकत बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगी। वह मुस्कुराती हुई पतझड़ को गले से लगाकर उसके आंसू पोंछने लगी।

'बस! इतनी सी बात? ये लो।' कहते हुए वसंत ने हरे-हरे कोमल पत्ते पतझड़ के शरीर पर सजाने शुरू कर दिए। देखते ही देखते पतझड़ फिर से हरी-भरी हो गई। उसने वसंत को धन्यवाद दिया। 'खुशियां बांटने से खुशियां बढ़ती हैं, कम नहीं होतीं।' वसंत ने बाकी तीनों ऋतुओं की तरफ देखते हुए कहा। वे भी अब शर्मिंदा लग रही थीं।

'तुम्हारे इसी सरल और मीठे स्वभाव के कारण तुम सबको प्रिय हो।' पतझड़ ने कहा तो बाकी सबने भी उसकी हां में हां मिलाई। वसंत खिलखिलाते हुए बच्चों के साथ खेलने चल दी। *

कविता

सतीश मिश्र



## तितली

बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।
फूल-फूल पर इठलाती है,
कली-कली पर इतराती है।
भांति-भांति के रस चखती है,
बगिया में मंडराती तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।
सजी हुई जैसे रंगोली,
कितनी प्यारी, कितनी भोली।
हाथ लगाते ही उड़ जाती,
फर-फर पर फहराती तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।
बच्चे दौड़े इसके पीछे,
गली, मोहल्ले, बाग-बगीचे।
किंतु किसी के हाथ न आए,
चंचल, चतुर, सुहानी तितली।
बच्चों की है प्यारी तितली,
रंग-बिरंगी न्यारी तितली।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तरः 1.बाईं तरफ ऊपर ट्रंक पर सो रही बिल्ली दूसरी तरफ घूमकर सोई हुई है। 2.ट्रंक में दो लॉक्स लगे हुए हैं। 3.नीचे बाईं तरफ सो रही बिल्ली की दोनों आंखें बंद हैं। 4.आगे बीच में खड़ी बिल्ली के के पेट की दो धारियां कम हैं। 5.एकदम पीछे बैठी बिल्ली की पूंछ का ज्यादा हिस्सा जमीन से सटा हुआ है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी बिल्ली का बायां पंजा उसकी पूंछ से सटा हुआ है।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक पक्षी की परछाई दी गई है। दाईं तरफ 6 पक्षियों के चित्र दिए गए हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए पक्षी की परछाई का कौन-सा चित्र सही है?




उत्तर : f

## सबसे अलग चित्र पहचानो

बच्चों, इस चित्र की प्रत्येक पंक्ति में दिए गए चित्रों में एक चित्र बिल्कुल अलग है, बाकी सभी चित्र किसी न किसी रूप में समानता रखते हैं। तुम हर पंक्ति में सबसे अलग चित्र पहचानकर उसके चारों तरफ पेन या पेंसिल से गोल घेरा बनाओ।



# 38वां राष्ट्रीय खेल : गोल्डन हैट्रिक...10 साल बाद पुरुष वेटलिफ्टिंग में छग को मिला गोल्ड

देहरादून से ललित राठोड़

38वां राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ ने तीन गोल्ड और तीन कांस्य पदक अपने नाम किया है। दिनभर चले मुक़ाबले में वेटलिफ्टिंग में महिला और पुरुष वर्ग में 2 स्वर्ण पदक, कलरीपायट्टु में 01 स्वर्ण व 02 कांस्य पदक एवं बीच हैंडबॉल में 01 कांस्य पदक जीता। वेटलिफ्टिंग के पुरुषों के 55 किलोग्राम वजन वर्ग में छत्तीसगढ़ के विजय कुमार ने 105 किलोग्राम स्नैच में एवं 143 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क के साथ कुल 248 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय खेल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाया। वेटलिफ्टिंग के पुरुष वर्ग को छत्तीसगढ़ राज्य को 10 साल बाद नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक मिला है। इसके पूर्व 35वीं राष्ट्रीय खेल 2015 केरल में रुस्तम सारंग ने स्वर्ण पदक जीता था।

## दूसरे दिन छत्तीसगढ़ ने जीते 3 स्वर्ण, 3 कांस्य पदक



## ज्ञानेश्वरी ने जीता पीला तमगा

छत्तीसगढ़ को दूसरा स्वर्ण पदक भी वेटलिफ्टिंग के 49 किलोग्राम वजन वर्ग महिलाओं के प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी यादव ने 85 किलोग्राम स्नैच 106 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क कुल 191 किलोग्राम वजन उठाकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। ज्ञानेश्वरी यादव ने इसके पूर्व 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाया था। वेटलिफ्टिंग के मैडल सेरेमनी में छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, छत्तीसगढ़ वेइटलिफ्टिंग के सचिव राजेश जंघेल, प्रशिक्षक अजयदीप सारंग उपस्थित थे।

**महिला हैंडबॉल टीम का कांस्य पदक पर कब्ज़ा**

छत्तीसगढ़ की बीच महिला हैंडबॉल टीम ने असम को दो सीधे सेट में 15-10, 16-14 अंको से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ की बीच महिला हैंडबॉल टीम ने इसके पूर्व 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में भी कांस्य पदक जीता था। बीच महिला हैंडबॉल टीम ने अभी तक खेले गए लगातार 03 नेशनल गेम्स में 01 रजत एवं 02 कांस्य पदक जीता है।

## कलरीपायट्टु में दूसरे दिन भी गोल्ड

कलरीपायट्टु खेल में विवेक सिंह ने हाई किक इवेंट में 8.9 फ़ीट की ऊंचाई पर किक कर छत्तीसगढ़ को कलरीपयट्टु खेल में स्वर्ण पदक, रिशा नैन को कलरीपयट्टु खेल के 60 से 75 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक एवं अनिता को कलरीपयट्टु खेल के हाई किक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कलरीपायट्टु खेल में छत्तीसगढ़ को कुल 2 स्वर्ण पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

## नेशनल मैच में डाइट के लिए नहीं थे पैसे सामान्य भोजन से तैयार किया शरीर



वेटलिफ्टिंग में रायपुर के विजय कुमार ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि 2022 के बाद से वेटलिफ्टिंग में मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है। 3 गोल्ड 2 सिल्वर मेडल मिले हैं। विजय ने बताया कि पिता जीतराम माहेश्वरी मजदूरी करते हैं। जब 12वीं में था उस समय पढ़ाई करने के पैसे नहीं थे। घर वालों ने पढ़ाई करने से मना कर दिया था, बड़ी मुश्किल से मैंने पढ़ाई पूरी की। मुझे मालूम था 12वीं के बाद मुझे जॉब कर घर की जिम्मेदारी को भी देखना होगा। ऐसा ही हुआ। 2017 से जीम में पार्ट टाइम जॉब करने के साथ वेटलिफ्टिंग की भी तैयारी कर रहा हूं। जब भी बाहर खेलने जाना होता है पापा को कर्ज लेना पड़ता है। पार्ट टाइम जॉब से उतने पैसे नहीं मिलते हैं कि आप घर और ख़ुद की ज़रूरत को पूरा कर सकें। अब मुझे एक अच्छी जॉब की ज़रूरत है। जीवन को बेहतर करने हर दिन खूब मेहनत कर रहा हूं। इस नेशनल मैच में शरीर को तैयार करने डाइट सप्लीमेंट तक के पैसे नहीं थे। सामान्य बाइट से मैंने बॉडी को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है। वेटलिफ्टिंग में डाइट पर ज़्यादा ध्यान देना होता है। पैसे के अभाव में दिक़्क़त होती है। कुछ लोग है जो समय समय पर मदद्ध कर देते है।

-विजय कुमार

## पिता को अब मैं सपोर्ट करना चाहता हूँ



*ज्ञानेश्वरी यादव ने महिला वर्ग में लगातार दूसरे नेशनल मैच में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। बातचीत में बताया कि पापा दीपक यादव ने हमेशा मुझे खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जब घर की परिस्थिति अच्छी नहीं थी तब भी उन्होंने पैसों की व्यवस्था कर अपना खेल जारी रखने की बात कही थी। अब मैं पापा को सपोर्ट करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी गोल्ड मिला था लेकिन मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं था जैसे मैंने सोचा था, लेकिन इस बार मैंने अपना बेस्ट दिया है। मैच के दौरान मैंने देखा नहीं था कि बाक़ी खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा है। मुझे कितना वज़न उठाना है मैंने उस तरफ़ देखा भी नहीं। केवल अपना बेस्ट दिया है।*

*- ज्ञानेश्वरी यादव*

## आज बैडमिंटन का सेमीफाइनल

बैडमिंटन खेल में छत्तीसगढ़ की पुरुष बैडमिंटन टीम सेमीफइनल में पहुंची है। क्वार्टरफाइनल में छत्तीसगढ़ की टीम ने अरुणाचल प्रदेश को 5-0 सेट से पराजित कर सेमीफइनल में पहुंची। छत्तीसगढ़ पुरुष बैडमिंटन टीम का सेमीफइनल मैच कल कर्नाटक के साथ खेला जाएगी। तैराकी मुकाबले में छत्तीसगढ़ की भूमि गुप्ता ने 100 मीटर बटरफ्लाई के फाइनल इवेंट में 01:05.44 का समय लेते हुए 5 वा स्थान प्राप्त किया।

## ग्रीन फायरवर्क्स और कोल्ड पाइरोज का इस्तेमाल

38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन में पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रीन फायरवर्क्स और कोल्ड पाइरोज का उपयोग किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और खेलों को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।परंपरागत पटाखों की तुलना में ग्रीन फायरवर्क्स कम हानिकारक गैसों का उत्सर्जन करते हैं और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इन पटाखों में रसायनों का प्रयोग सीमित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### केपटाउन एसए20 प्लेआफ में पहुंचा

**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दस विकेट से हराकर पहली बार एसए 20 लीग के प्लेआफ में जगह बना ली। एमआई केपटाउन का सामना चार फरवरी को गक्बेरहा में पहले क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स से होगा। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी। सनराइजर्स टीम 109 रन पर आउट हो गई। बॉश ने 3.2 ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए। कैगिसो रबाडा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में रासी वान डेर डुसेन ने 30 गेंद में नाबाद 48 और रियान रिकेलटन ने 36 गेंद में नाबाद 59 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

### जॉन, पूजा ने साइकिलिंग स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

**देहरादून।** कर्नाटक के नवीन थॉमस जॉन और महराष्ट्र की पूजा बबान डानोले ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में क्रमशः पुरुष और



महिला रोड साइकिलिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे दिनेश कुमार ने पुरुष रोड साइकिलिंग स्पर्धा में रजत और पंजाब के हर्षवीर सिंह शेखों ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में राजस्थान की मोनिका जाट ने रजत और कर्नाटक की मेघा गोगाड ने कांस्य पदक हासिल किए।

### लक्ष्य श्योराण और नीरू बने ट्रैप चैंपियन

**भोपाल।** हरियाणा के एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण और स्थानीय खिलाड़ी नीरू ने गुरुवार को यहां शॉटगन स्पर्धाओं की तीसरी दिग्विजय सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष और महिला ट्रैप खिताब जीते। मध्य प्रदेश राज्य अकादमी शूटिंग रेंज में टूर्नामेंट के अंतिम दिन लक्ष्य ने 50 में से 47 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही उनकी चचेरी बहन नीरू ने 45 का स्कोर बनाकर महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया।

## क्रिकेट : सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

# चौथा टी20 आज : सैमसन का खराब फार्म भारत की चिंता का सबब, रिंकू फिट नहीं

एजेंसी ▸▸| पुणे

तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे।

### तेज गेंदें संजू की कमजोरी

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरुआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है।



### रिंकू की कमर में तकलीफ

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं। वैसे रिंकू भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिली और वह टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके।

### दुबे फेल, रमनदीप को परखा जाना बाकी



अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी। भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

## महिला टी20 अंडर 19 विश्व कप

# सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा।

पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ



जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे।

वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है।

## गुकेश ने मैक्स को हराकर बनाए रखी एकल बढ़त

**विज्क आन जी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने डच ग्रैंडमास्टर मैक्स वार्मरडेम को हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दसवें दौर के बाद 7.5 अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। 2800 ईएलओ रेटिंग पार करने के करीब पहुंचे गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए 34 चालों में आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे स्थान पर काबिज उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से आधा अंक आगे हैं।



आर प्रज्ञानानंदा उनसे एक अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव को हराया। अर्जुन एरिगेसी ने जर्मनी के विंसेंट केमेर से ड्रॉ खेला। पी हरिकृष्णा और अमेरिका के फेबियानो कारूआना की बाजी ड्रॉ रही जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंसा ने अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली को चेक गणराज्य की एंगुयेन थाइ वान डेइ ने मात दी जबकि दिव्या देशमुख को जर्मनी की फ्रेडेरिक स्वाने ने हराया। वैशाली नौवे और दिव्या 13वें स्थान पर है। टूर्नामेंट के तीन दौर ही बाकी हैं।

# श्रीकांत और सुब्रमण्यम थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एस सुब्रमण्यन ने गुरुवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। श्रीकांत को राउंड 16 के मैच में हांगकांग के 20 साल के जेसन गुनावान को 21-19, 21-15 से हराने में महज 42 मिनट लगे। इससे पहले उन्होंने गुनावान को पिछले साल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में हराया था। हालांकि सुब्रमण्यन को इंडोनेशिया के चिको



औरा द्वी वारदोयो पर जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी जिसमें वह पहला गेम गंवा बैठे लेकिन 9-21, 21-10, 21-17 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। मिश्रित युगल में हालांकि भारत के रोहन कपूर और रूत्विका गाडे की जोड़ी को थाईलैंड की रतचापोल मकासासिथोर्ण और नाटामोन लैसुआन की जोड़ी से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पश्चिम मध्य रेल
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल–एन–टेली–टेण्डर–2025–1. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः (1) तवा पुल का प्रस्तावित पुनर्गठन, ऊपर की सड़क, 2x39.30 मीटर + 4x60.38 मीटर स्पैन KM 768/3-7 पर (गैर मानक रिवेटेड अंडर स्लंग OWG स्पैन के साथ गैर मानक वेल्डेड थ्रू स्पेन) जबलपुर डिवीजन के ET-JBP सेक्शन पर। (2) कोचिंग डिपो जबलपुर के लिए BET (बायो-टॉयलेट एफ्लुएंट टेस्टिंग) लेब की स्थापना। (3) जबलपुर डिवीज़न के टुर्की रोड, UCLT साइडिंग पर OFC कनेक्टिविटी की व्यवस्था। (4) ET-JBP सेक्शन में विभिन्न सेक्शन (Km. 902/0-923/0 अप और DN) पर ट्रैक के साथ साइड ड्रेन की व्यवस्था। निविदा का अनुमानित मूल्यः ₹ 46,24,136.21. निविदा फार्म की कीमतः 00. कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशिः ₹ 92,500/-. समापन अवधिः 6** माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.02.2025 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## एफआईएच प्रो लीग : 32 खिलाड़ियों की सूची जारी

# हॉकी इंडिया के संभावित खिलाड़ियों में 6 नए चेहरे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत ने आगामी एफआईएच प्रो लीग के लिए चुने गए संभावित खिलाड़ियों में छह से अधिक युवाओं को हॉकी इंडिया लीग और जूनियर स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया है।

हॉकी इंडिया द्वारा घोषित 32 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह पाने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर यशदीप सिवाच, मिडफील्डर रबिचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड अंगदबीर सिंह, उत्तम सिंह और अर्शदीप सिंह शामिल हैं। टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर



हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जाएगा। भारत को स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से दो दो मैच खेलने हैं। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'जूनियर टीम में और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन से 22 वर्ष के अंगद बीर सिंह और 20 वर्ष के अर्शदीप सिंह को पहली बार एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिए सीनियर टीम में चुना गया है।' पिछले साल मस्कट में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में रहे प्रिंसदीप भी सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ियों में पहली बार चुने गए हैं। भारतीय टीम 2023-24 सत्र में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही थी। इसके बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

SECTION - I
Notice Inviting E-Tender
GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH
OFFICE OF NORTH T. DIVISION BALAGHAT, M.P.

NIT. No. 04/e-tendering/2024-25 Dated 24/01/2025

1. The Divisional Forest Officer North T. Division Balaghat, invites the following e-tender under the rules of M.P. Store Purchase Rules and Services Procurement Rules, 2015(As Amended -2022)

| SR NO. | Description of Goods | EMD (*) | Cost of Tender Document (*) |
|---|---|---|---|
| 1 | Chainlink Fence Specification document attached with Bid) | 125000/- | 1000/- |
| 2 | RCC Poles (Specification document attached with Bid) | 30000/- | 1000/- |

- All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the e-procurement portal.
- Interested bidders can download the bid document on e-procurement portal from Date 25-01-2025, 16:00 Hrs to Date 05-02-2025, 10:30 Hrs, and making payment of Cost of Tender Document through Bank Draft etc - DFO, North T. Division Balaghat.
- Bidding process dates mentioned as critical dates on e-procurement portal will be applicable.
- Corrigendum / Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
- e-procurement portal: https://www.gem.gov.in

Divisional Forest Officer
North T. Division Balaghat

G-22393

# नगर पालिका अधिकारी के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा

## ढाई करोड़ से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति निकली



**जबलपुर।** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जबलपुर की टीम ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वारासिवनी बालाघाट में पदस्थ दिशा डेहरिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में उनके कार्यालय और आवास पर जांच पड़ताल शुरु की। प्रारंभिक जांच पड़ताल में ढाई करोड़ की संपत्ति उजागर हुई। ईओडब्ल्यू इस मामलें में अभी जांच कर रही है। ईआडब्ल्यू के डीजीपी उपेंद्र जैन ने बताया कि आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर की टीम ने दिशा डेहरिया के शासकीय आवास सहित कार्यालय में सुबह-सुबह सर्च कार्रवाई शुरु की। दिशा डेहरिया के पास मुख्य नगर पालिका सिवनी नगर पालिका परिषद का भी अतिरिक्त प्रभार है। इसके पूर्व वे छिंदवाड़ा जिले के चांद और हर्रई नगर परिषद में सीएमओ पदस्थ रह चुकी है। सीएमओ दिशा डेहरिया की संपत्ति की जांच के लिए 3 अलग-अलग टीम सिवनी, बालाघाट के वारासिवनी और छिंदवाड़ा सुबह करीब 9 बजे पहुंची हैं। ईओडब्ल्यू डीएसपी एव्ही सिंह ने बताया कि दिशा डेहरिया बालाघाट वारासिवनी में नगर परिषद में पदस्थ हैं, वर्तमान में सिवनी का प्रभार भी है। दिशा डेहरिया पर आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण दर्ज है, टीम की सर्च कार्रवाई जारी है। सीएमओ दिशा डेयरिया के घर और ऑफिस में ईओडब्ल्यू की सर्च कार्रवाई से 3 जिलों में घंटों हड़कंप मचा रहा है।ईओडब्ल्यू की तीनों टीम एक ही समय में उनके सभी कार्यालय में पहुंची। सिवनी में हुई सर्च कार्रवाई के बाद जांच दल सीएमओ दिशा को लेकर छिंदवाड़ा के लिए रवाना हुई है। छिंदवाड़ा में प्राथमिक जांच पड़ताल के बाद वारासिवनी और फिर उन्हें जबलपुर लाया जा सकता है।

### बैंक खाता, जमीन और वाहनों की जांच

ईओडब्ल्यू की टीम सीएमओ दिशा डेहरिया के सभी बैंक खाता, ट्रांसजक्शन, आभूषण, वाहन, खेतीहर भूमि और प्लाट से संबंधित दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की। अबतक जांच पड़ताल में छिंदवाडा के एमआईजी कालोनी में 15 सौ वर्ग फीट का एक मकान, 3 हजार वर्गफीट के दो मकान व मेन रोड नागपुर में एक दुकान और जेके जीन्सशॉप एमआईजी कालोनी छिंदवाड़ा में दो दुकान के दस्तावेज मिले हैं। इसी प्रकार 5 वाहनों का पता चला है जिनमें दो वाहन चार पहिया है इको स्पोटर्स एवं क्रेटा शामिल है वहीं तीन दो पहिया वाहन भी मिलें है इसके अलावा घरेलू सामान, दुकान का सामान और नगद व सोने चांदी के जेवर कुल 30 लाख रुपए के मिले है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक ढाई करोड़ की अनुपातहीन संपत्ति का अनुमान है। ईओडब्ल्यू ईकाई जबलपुर से उप पुलिस अधीक्षक एव्ही सिंह के नेतृत्व में एवं निरीक्षक प्रेरणा पाण्डेय, कीर्ति शुक्ला, छविकांति आर्मा द्वारा वारासिवनी, उप पुलिस अधीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी के नेतृत्व में एवं उप पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी यादव, उप निरीक्षक विशाखा तिवारी द्वारा छिंदवाड़ा तथा उप पुलिस अधीक्षक मुकेश खंपरिया के नेतृत्व में सिवनी में एक साथ कार्रवाई की जा रही है।



# तापमान में एकदम आया उछाल, ठंड गायब

**पश्चिमी विक्षोप से बदले मौसम के मिजाज**

**जबलपुर।** मौसम एकदम साफ है। आसमान पर धूप खिली हुई है। पारे में जबर्दस्त उछाल आया। गुरुवार को ऐसा एहसास हुआ, जैसे गर्मी का मौसम आ गया हो। पारा औसत से 5 डिग्री ऊपर चला गया। पश्चिमी विक्षोप की वजह से पारे में उछाल आई। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि पश्चिमी विक्षोप की वजह से बूंदाबांदी के आसार बन रहे, उसके बाद ठंड का हल्का दौर आएगा। गुरुवार को अचानक पारे में उछाल आई। दिन का तापमान और रात का तापमान औसत से ऊपर चला गया। जिससे दिन में गर्मी का एहसास हुआ। रात में मौसम सामान्य रहा। फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले २४ घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 12.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 90 प्रतिशत और सायंकाल 40 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.50 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5.56 पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 26.03 और न्यूनतम तापमान 13.01 डिग्री दर्ज किया गया था।

## महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के कलेक्टर कार्यालय में गत दिनों जनसुनवाई के दौरान एक महिला द्वारा अपने ऊपर ज्वलनशील प्रदार्थ पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया, जिसे तत्काल बचा लिया गया। महिला का कहना था कि उसके मकान पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने से वह सरकारी दफ्तरों के चक्ककर काट रही है, जिससे परेशान होकर उसने जनसुनवाई के दौरान यह कदम उठाया। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यपप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टिर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में तलब किया है

## घमापुर में पुरानी रंजिश पर गोली चली

**सुबह-सुबह घटना से सनसनी, युवक बाल-बाल बचा**

**जबलपुर।**

घमापुर थाना अतंर्गत मेन रोड पर पुरानी रंजिश को लेकर एक्टिवा सवार तीन लड़कों ने एक युवक पर फायर कर जानलेवा हमले की कोशिश की। निशाना चूक जाने से युवक बाल बाल बच गया। इसके बाद तीनों बदमाश गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार हैं। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल होटल के पास घमापुर निवासी 35 वर्षीय शुलभ पासी



गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे टहल कर मोन्टी बाल्मीक व रोहित पंडित के साथ गोपाल होटल तरफ से अपने घर जा रहा था जैसे ही वह संजना बैंड के पास मेन रोड़ पहुंचा, तभी पीछे तरफ से एक्टिवा में शनि, गुल्लू रजक तथा चिन्ना आए और पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुये साईड से निकलते हुये जान से मारने की नियत से गुल्लू उर्फ रोहित रजक ने हाथ में लिये पिस्टल से उसके ऊपर गोली चलाई वह साईड में हो गया तो गोली साईड से निकल गयी और वह बाल बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर नितिन प्रजापति, शुभम प्रजापति आ गये तो तीनों गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## उधारी से कई गुना वसूला ब्याज!

**जबलपुर।** आधारताल थानान्तर्गत परसूराम कालोनी सोहागी में रहने वाले एक व्यक्ति को उधारी की रकम से कई गुना ज्यादा ब्याज के रूप में देने के बावजूद सूदखोर उससे पैसों की मांग कर प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने 8 सूदखोरों के खिलाफ धारा 308(2)(3)बीएनएस तथा 4 मध्यप्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिकारी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। आधारताल थाना प्रभारी राजकुमार खटीक के मुताबिक परशुराम कालोनी सुहागी निवासी श्रीमती सावित्री सिरकिया के पति नारायण सिंह ने वर्ष 2016-17 में उमाशंकर सोनकर से 1 लाख 45 हजार रूपए उधार लिये थे इस दौरान नारायण सिंह ने और भी लोगों से ब्याज पर कर्ज लिया था। जिसका ब्याज वे अभी तक चुका रहे हैं। उमाशंकर सोनकर ने नारायण सिंह को लोन दिलाने कहा था। उमा शंकर नारायण सिह की रजिस्ट्री धोखे से अपने परिचित आकाश चौरसिया के नाम पर करने की कोशिश कर रहा है। नारायण सिंह के लोन लेने से मना करने पर उमा शंकर उससे दस लाख रूपए की मांग कर उसे परेशान कररहा है। नारायण सिंह ने जिन लोगों से पैसा उधार लिया था उससे ज्यादा कहीं ब्याज दे चुका है इसके बावजूद सूदखोर उसे मूल व ब्याज के लिए परेशान कर रहे।

## स्कूलों की मान्यता नियमों में बदलाव की मांग

### निजी स्कूल संचालकों ने धरना देकर ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त जबलपुर के निजी स्कूल संचालकों ने गांधी पुण्यतिथि पर गुरुवार को टाउन हॉल में धरना देकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें नए मान्यता नियमों में बदलाव की मांग की है।**

निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि नए नियम लागू होने से प्रदेश के 40 हजार निजी स्कूल बंद होने का खतरा है जिससे लाखों शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं. साढ़े दस लाख से अधिक विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित होगी. संचालकों ने निशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 को ध्यान में रखते हुए नियमों में उचित संशोधन किया जाए। जिससे शिक्षकों को बेरोजगारी से बचाया जा सके.

स्कूल संचालकों का कहना है कि मान्यता के लिए निर्धारित एफडी व नवीनीकरण शुल्क छोटे विद्यालयों के लिए वहन करना मुश्किल है. साथ ही बीएड व डीएड, डीएलएड शिक्षकों की भर्ती नियमों में भी संशोधन की मांग की गई है.

यहां उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य शासन द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता के लिए नए नियम जारी किए गए।

निजी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार नए नियमों में रजिस्टर्ड किरायानामा की अनिवार्यता सबसे बड़ी चुनौती है. शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर नजूल एवं शासकीय भूमि पर यह प्रावधान लागू करना असंभव है. एसोसिएशन की मांग है कि पुराने नियम के तहत नोटरीकृत किरायानामा को मान्य किया जाए।

## बाईक की टक्कर से महिला घायल

**जबलपुर।** गोरा बाजार थानान्तर्गत कल अपरान्ह साढे तीन बजे सेन्ट्रल बैंक बिलहरी के सामने दवा लेकर घर लौट रही पैदल महिला को तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में महिला के पैर में गंभीर चोटे आयी है। गोराबाजार पुलिस ने बताया कि बिलहरी निवासी ज्ञानवती मलिक कल दवा खरीदकर घर लौट रही थी तभी दोपहर लगभग साढे तीन बजे सेन्टर बैंक के सामने मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडएफ 0766 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुये ज्ञानवती को टक्कर मार दी। घटना में ज्ञानवती के पैर में चोटे आयीं है।

## डिजिटल अरेस्ट से बचने के गुर सीखे

### पावर मैनेजमेंट कंपनी में दिया गया साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा लगभग अपने लगभग 300 अभियंताओं व कार्मिनकों को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छह सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें जबलपुर व भोपाल में कार्यरत कार्मिकों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन शामिल हो कर साइबर सुरक्षा के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के बारे में और इससे बचाव के बारे में कार्मिकों को महत्वपूर्ण तथ्यों से अगवत कराया गया। न्यू कॉलर या अज्ञात नंबरों से बचने के बारे में उपाय बताए गए। डिजिटल अरेस्ट और डीपफेक के बारे में शिक्षित करना.मुख्य महाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी एफके मेश्राम ने जानकारी दी कि डिजिटल



अरेस्ट व डीपफेक के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिकों के लिए इस जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों को डिजिटल अरेस्ट व डीपफेक के बारे में शिक्षित करना और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना है।

### 90 दिन में बदलें ईमेल का पासवर्ड

साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के द्वारा संचालित सत्रों में कार्मिकों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञानार्जन करने का मौका मिला। कार्मिकों को सलाह दी गई कि वे अपने ईमेल का पासवर्ड प्रत्येक 90 दिन में बदलते रहे।

### डीपफेक से बचें

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिकों को जानकारी दी गई कि डीपफेक एक प्रकार का कृत्रिम बुद्धिमत्ता है जिसका उपयोग विश्वसनीय फर्जी चित्र, ध्वनियाँ और वीडियो बनाने के लिए किया जा सकता है।

## सूने घर से नगदी समेत लाखों के जेवर पार

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत ग्राम हरई में अज्ञात चोरों ने रात में एक सूने घर से नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिए। धारा 305 ए , 331(4) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बरगी पुलिस ने बताया कि ग्राम हर्रई निवासी राघवेन्द्र पटेल के चाचा बेनीप्रसाद पटेल गांव के लोगों के साथ प्रयागराज कुंभ मेला गए थे घर में राघवेन्द्र की बहन श्रद्धा पटेल रहती थी जो शाम 5 बजे घर में ताला लगाकर चली जाती थी। गत 28 जनवरी को श्रद्धा ने चाचा बेनीप्रसाद के घर पूजा करने के बाद ताला लगाकर चाबी अपने भाई राघवेन्द्र को दे दी थी दूसरे दिन सुबह साढे सात बजे चाचा लक्ष्मी ने राघवेन्द्र को फोन पर जानकारी दी कि बेनी प्रसाद के घर का दरवाजा खुला है। राघवेन्द्र ने अपनी बहन श्रद्धा के साथ जाकर देखा कि चाचा बेनी प्रसाद के घर के दरवाजे का एक पल्ला खुला था वही दूसरे पल्ले में कुंडी व ताला लगा था। दोनों भाई बहन ने अंदर जाकर देखा कि आलमारी का लॉक टूटा था। आलमारी में रखे एक लाख दस हजार रूपए नगदी, सोने का हार, झुमकी, नथ,अंगूठी व छोटा मंगलसूत्र गायब थे।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से 1 की मौत

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत कल सुबह 9 बजे धर्मशाला के सामने तेज रफ्तार लोडिंग वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल चालक ने मौके पर दम तोड़ दिया। घटना के बाद लोडिंग वाहन चालक मौके पर वाहन छोडकर भाग गया। आरोपी चालक पर धारा 281, 106(1)बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पनागर पुलिस ने बताया कि कंदराखेड़ा पनागर निवासी सुरेन्द्र सिंह के मामा राम मनोहर सिंह कल सुबह अपनी राजदूत मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 बाई बी 1618 से लाल डेरी परियट गये थे सुबह 9 बजे जैसे ही राममनोहर अपनी मोटर साइकिल से परियट धर्म शाला के सामने पहुंचे तभी पनागर से आ रहे लोडिंग वाहन स्वराज माजदा क्रमांक डीएल 1 एल बी 3477 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए राममनोहर सेन की मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मारदी घटना में राममनोहर सेन के सिर में गंभीर चोटें आयी थी। राममनोहर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### रंगदारी वसूलने युवक से मारपीट

**जबलपुर।** गढ़ा थानान्तर्गत गत 26 जनवरी की रात लगभग 10 बजे पीली बिल्डिंग के पास काम कर घर लोट रहे स्कूटी सवार युवक को दो बदमाशों ने रोककर शराब पीने एक हजार रूपए मांगे। मना करने पर दोनों ने गाली गलौज कर एक ने युवक के सिर में कड़ा मार दिया वहीं दूसरे ने उसे जमीन पर पटक दिया। घटना में युवक को गंभीर चोटे आयी हैं। इस दौरान युवक के गले की चैन भी कहीं गिर गई। गढ़ा पुलिस ने बताया कि गंगासागर निवासी शिवेन्द्र शुक्ला जयंती काम्पलेक्स में एक मोबाईल शॉप में काम करता है गत 26 जनवरी की रात लगभग 10 बजे शिवेन्द्र काम कर घर लौट रहा था तभी पीली बिल्डिंग के सामने उसे लखन खत्री व आयुष सिंगरहा मिले जो शराब पीने एक हजार रूपए मांगने लगे। मना करने पर दोनों गाली गलौज करने लगे।

## ठगों ने वृद्ध महिला के जेवर उतरवाए

**तमरहाई में बाबा के वेष में बदमाशों ने की महिला से ठगी**

**जबलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने बाबा का भेष रखकर एक महिला को ठग लिया। इन कथित बाबाओं ने महिला को अपनी बातों में उलझाकर जेवर दुगने करने की लालच देकर जेवर अभिमंत्रित करने के लिए उतरवाए, महिला बातों में आ गई और उसने अपने जेवर उतारकर बाबा को दे दिए, जिनने पर्स में जेवर रखे और मंत्र पढ़कर थोड़ी दूर जाने को कहा, इस बीच कथित बाबा सोने की चेन और टॉप्स लेकर फरार हो चुके थे। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि कोतवाली पानी की टंकी के पास रहने वालीं 60 वर्षीय चंद्रकला जैन गुरुवार की



सुबह करीब 11 बजे पैदल ही कहीं जा रही थीं। जैसे ही वे राजा रसगुल्ला की गली के पास पहुंची तो उन्हें बाबा का भेष में दो जालसाज मिलें उन्होंने वृद्धा चंद्रकला को अपनी बातों में उलझाया और कहा कि जेवर दुगने हो जायेंगे, जेवर पर्स में उतारकर रख लो, हम मंत्र फूंक देंगे, महिला झांसे में आ गई और उसने अपनी सोने की चेन और टॉप्स उतारे बाबा ने महिला के पर्स में जेवर रखने और मंत्र फूंकने का नाटक किया और महिला को कुछ दूर जाने को कहा। कुछ देर बाद वे लौटी तो बाबा वहां से नदारद थे। इसके बाद महिला को अपने साथ ठगी का आंदेशा हुआ, उसने पर्स खोलकर देखा तो उसमें से चैन व टॉप्स गायब थे। थोड़ी ही देर में यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और हड़कंप मच गया, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंच गई। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। इसके बाद पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर जालसाजों का सुराग तलाश रही है।

## जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 19 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 108 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 11 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 5 ईगैरम्यादी, 35 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 15 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 125 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 20 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये ।

## 90 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम सुन्द्रादेही में अवैध शराब का कारोबार कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 90 पाव देशी शराब जब्त की है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुन्द्रादेही में गत रात सुन्द्रादेही निवासी 30 वर्षीय विनोद लोधी को शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 90 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 9 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी बिनोद लोधी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## जीवित को मृत घोषित करने का मामला अत्यंत निंदनीय

**जबलपुर।**

महाकौशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा जीवित व्यक्ति के मृत्यु प्रमाणित जारी करने पर डीन डॉ नवनीत सक्सेना को ज्ञापन देकर पुनः इस तरह की घटना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया कि किसी जीवित व्यक्ति के मृत्यु प्रमाणित जारी करने का कार्य एक अत्यंत भ्रष्ट एवं निंदनीय घटना है, जिसमें 4 जूनियर डॉक्टरों को सस्पेंड करने एवं संबंधित विभाग अध्यक्ष डॉक्टर दीप्तीबाला शर्मा को शोकॉज़ नोटिस दिया



गया है, लेकिन इस संदर्भ में अन्य की भी संलिप्त होने की आशंका है, यह कृत्य इतना निंदनीय है कि भूतकाल में प्रमाणित समस्त प्रमाण पत्रों पर एक प्रश्नवाचक लग गया है, इस संदर्भ में महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी से मामलें की जांच कराने की मांग की है। इस अवसर पर अंकुश चौधरी, रोहित कुरील, अंकित जैन, मोहित प्यासी, अमित पटेल, पुनीत चौबे, सचिन कोस्टा, शाबान खान, संदीप कोस्टा, बल्लू , विवेक तामरकर, कमलेश रेंजर, नीरज वर्मा, आकाश चौधरी, रॉबिन जैन, फैजान एवं आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240